विज्ञापन आमंत्रित है..
- संपर्क -
मो. 9329033433

बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले मे प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 12 जुलाई 2026 दिन - रविवार वर्ष-14 वां पृष्ठ - 12 अंक - 166 मूल्य - 5 रुपये

SAHAYOG HOSPITAL
7 Years

निःशुल्क एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लास्टी शिविर
वैधता 31 अगस्त 2026 तक
91 8888 001 426 / 07182 250006 / 07



मानसून धमाका
खुशियों की बरसात
₹11000/-* का नगद डिस्काउंट Shine 100 पर..

बालाघाट वालों की पहली पसंद
इंडिया का नंबर 1 स्कूटर
Scooter बोले तो
ACTIVA
110CC & 125CC



एक्स-शोरुम (मध्यप्रदेश) ₹77321/-*
एक्स-शोरुम (बालाघाट) ₹75000/-*
सीधा ₹2321/-* कैश डिस्काउंट
सबसे कम मेंटेनेन्स
सबसे अधिक रिसेल वैल्यू
नियम एवं शर्तें लागू*

इंस्टेंट कैशबैक ₹10000/-*
न्यूनतम ब्याज दर @6.99%*
लोन 100%* तक
बिना हाइपोथिकेशन*
3+7* 10 साल की वारंटी उपलब्ध

सिर्फ आधार कार्ड लाये और 0 डाउन पेमेंट पर अपना पसंदीदा होंडा वाहन ले जाईये ...*

ड्रीम्स होंडा गोंदिया रोड, बालाघाट 8349272776, 8349032276

| बैहर | कटंगी | वारासिवनी | लालबर्रा | किरनापुर | लांजी | बिरसा | चांगोटोला | खैरलांजी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8269793376 | 8109182276 | 9893782276 | 8461905148 | 8085882276 | 8827156863 | 9669526297 | 8959143504 | 8962992776 |

कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800





जग प्रेरणा
live शहर बालाघाट

● गर्रा ● भटेरा ● देवटोला ● आंवलाझरी ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई



मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
मनीष वर्मा
मो. 9425448126
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्प्लेक्स, बालाघाट (म.प्र.)


# अस्पताल से लापता बुजुर्ग शिखरचंद का पलशे की झाड़ियो में मिला क्षत विक्षत शव, पुलिस जांच मे जुटी..





जगप्रेरणा बालाघाट।

*शनिवार को कोतवाली थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 33 के खाली क्षेत्र में एक बुजुर्ग का शव मिला है। शव क्षतविक्षत हालत में पलसे की झाड़ियो में पड़ा था। जिसकी सूचना के बाद कोतवाली थाना प्रभारी अजय गुर्जर और पुलिस टीम मौके*

पर पहुंची। दोपहर में मिले शव के बारे में पतासाजी की गई तो पता चला कि शव, 3 जुलाई की शाम अस्पताल से लापता मरीज, लामता थाना क्षेत्र के बुढ़ियागांव निवासी शिखरचंद मरकाम का है। जिसे पैर में गंभीर चोट होने के कारण, परिजन, एक जुलाई को अस्पताल में भर्ती कराए थे। दरअसल, कोतवाली थाने में 4 जून को एक गुमशुदगी दर्ज की गई थी। शनिवार को जब शव मिला तो पुलिस ने सबसे पहले, गुमशुदा के परिजनो को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद बेटा और दामाद के साथ पहुंचे अन्य रिश्तेदारों ने मृतक की पहचान, उसके चढ्ढा, शर्ट और मलहम की डिब्बी से की। दामाद दुर्गेश इड़पांचे ने बताया कि ससुर को 1 जुलाई को जिला अस्पताल में पैर में गंभीर घाव के चलते, भर्ती कराया गया था। जहां उनका बेटा धर्मेन्द्र मरकाम, उनकी देखरेख कर रहा था। 3 जून को जब धर्मेन्द्र मरकाम, बुढ़ियागांव आया तो पिता, अस्पताल से लापता हो गए थे। जिसकी शिकायत कोतवाली थाने में की गई थी। थाना प्रभारी अजय गुर्जर ने बताया कि घटनास्थल के पास ही खेत में काम करने वालो से किसी अज्ञात शव होने की जानकारी मिली थी। घटनास्थल में मिले शव, सात-आठ दिन पुराना प्रतित होता है, हालांकि मौत कब, कैसे हुई, यह अभी साफ नहीं है। शव खराब हालत मिला है, जिसके पीएम रिपोर्ट और जांच के बाद ही साफ हो पाएगा कि मौत कैसे हुई है।

# इनर व्हील क्लब ऑफ बालाघाट टाइग्रेस ने कराया दो मरीजों का डायलिसिस..

## सेवा कार्यो की कड़ी में बढ़ाया एक और कदम..





जगप्रेरणा बालाघाट।

*सामाजिक सेवा और जनकल्याण के लिए निरंतर सक्रिय इनर व्हील क्लब ऑफबालाघाट टाइग्रेस ने अपने 'जीवन धारा' अभियान के अंतर्गत दो जरूरतमंद मरीजों का निःशुल्क डायलिसिस कराकर मानवीय संवेदनाओं का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। यह सेवा कार्य शहर के आयुष्मान हॉस्पिटल*

में संपन्न हुआ, जहां क्लब की अध्यक्ष डॉ. गुरमीत त्रिवेदी के नेतृत्व में सदस्यों ने मरीजों की सहायता सुनिश्चित की। क्लब की सचिव अर्चना गुप्ता ने बताया कि संस्था समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों के लिए नियमित रूप से स्वास्थ्य, शिक्षा और सेवा से जुड़े कार्यक्रम संचालित करती रही है।

इसी क्रम में विजय वंश पाल तथा रजल हक के डायलिसिस की व्यवस्था की गई। उन्होंने कहा कि गंभीर बीमारियों के उपचार में आने वाला व्यय अनेक परिवारों के लिए चुनौती बन जाता है, ऐसे में समाजसेवी संस्थाओं की सहभागिता पीड़ितों को बड़ी राहत प्रदान करती है। इस अवसर पर आयुष्मान हॉस्पिटल के डॉ. अर्चित शरणागत ने भी विशेष सहयोग प्रदान किया। क्लब की अध्यक्ष डॉ. गुरमीत त्रिवेदी एवं सचिव अर्चना गुप्ता ने डायलिसिस उपचार हेतु आवश्यक राशि डॉ. शरणागत को सौंपते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार के सेवा कार्य जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि क्लब का उद्देश्य केवल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि मरीजों और उनके परिजनों को नैतिक संबल प्रदान करना भी है।

कार्यक्रम में क्लब की सदस्य वंदना नवानी, सुरभि शर्मा, शिखा चावड़ा, तृप्ति कौशल, राधिका असाटी, प्रियंका जैसवाल, वर्षा जैन, मोनिका बिसेन, माधुरी अग्रवाल, राधिका सरोदे, रोशनी सचदेव, सारिका शांडिल्य सहित अन्य महिलाओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। उपस्थित सदस्यों ने समाज के सक्षम वर्ग से भी ऐसे मानवीय प्रयासों में आगे आने का आह्वान किया। इनर व्हील क्लब का यह प्रयास न केवल जरूरतमंद मरीजों के लिए राहत का माध्यम बना, बल्कि समाज में सेवा, सहयोग और संवेदना के मूल्यों को भी सुदृढ़ करने वाला सिद्ध हुआ। स्थानीय नागरिकों ने क्लब की इस पहल की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायी कदम बताया।

# आकाशवाणी के अनाउंसर श्रीष पाठक का दुखद निधन, आज होगा अंतिम संस्कार..



जगप्रेरणा बालाघाट।

*बालाघाट में आकाशवाणी के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिशाषी रहे जगदीश पाठक के द्वितीय पुत्र श्रीष पाठक का आज 11 जुलाई को उपचार के दौरान दुखद*

निधन हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 26 प्रेमनगर निवासी श्रीष पाठक को अस्वस्थता के चलते स्थानीय गणपति मेमोरियल अस्पताल में उपचार के लिये भर्ती कराया गया था, जहां पर सर्जरी के उपरांत अचानक उनका स्वास्थ्य बिगड़ता चला गया, तथा डॉक्टर्स एवं टीम की कोशिशों को सफलता नहीं मिल पाई। युवा अवस्था में अचानक एक साधारण सर्जरी के उपरांत श्रीष पाठक के दुखद निधन से संपूर्ण पाठक परिवार में शोक व्याप्त हो गया है। स्व. श्रीष पाठक के पार्थिव देह की अंतिम यात्रा आज 12 जुलाई को उनके प्रेम नगर निवास से प्रातः 10:30 मोक्ष धाम के लिए रवाना होगी।

# आज भाजपा प्रदेश महामंत्री डां सुमेर सिंह सोलंकी लेंगे जिला भाजपा की मासिक बैठक..

## जिला प्रभारी अभिलाष मिश्रा का मिलेगा मार्गदर्शन

जगप्रेरणा बालाघाट।

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितीन नबीन एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल के आव्हान पर भाजपा प्रदेश महामंत्री व संभागीय प्रभारी डां सुमेर सिंह सोलंकी प्रतिमाह आहुत जिला भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक मासिक बैठक लेंगे।

यहां उपस्थित पदाधिकारियों को जिला प्रभारी इंजीनियर अभिलाष मिश्रा का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व मंत्री रामकिशोर नानो कावरे की अध्यक्षता में आयोजित बैठक आज सुबह 11 बजे जिला भाजपा कार्यालय में सुनिश्चित की गई है।

तत्संबंध में भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कांवरे ने कहा कि, बैठक में सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जिला पदाधिकारी, मण्डल प्रभारी, मण्डल अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी मोर्चा, मोर्चों जिलाध्यक्ष, प्रकोष्ठों के जिला संयोजक उपस्थित रहेंगे। ताकि संगठन ही सेवा और संगठन ही समर्पण का भाव सार्थक हो सके।

जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी हेमेंद्र क्षीरसागर ने बताया कि, बैठक में 23 जून से 6 जुलाई तक हुए कार्यकमों की समीक्षा, पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म की अघतन जानकारी, अन्य संगठनात्मक चर्चा, मंडल का विस्तार, शक्ति केन्द्र की टोली एवं विस्तार, बूथ समिति का कार्य। मन की बात की समीक्षा, गत मासिक बैठक की समीक्षा,श सहित अन्य स्थानीय एवं सम सामयिक विषय पर चर्चा होगी।

# एम्स भोपाल के डॉक्टर्स ने किया एचसीएल की मलाजखंड ताम्र परियोजना इकाई की स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण..



जगप्रेरणा मलाजखंड।

*दिनांक 9-10 जुलाई 2026 को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भोपाल के चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड की मलांजखंड ताम्र परियोजना इकाई का दौरा*

किया। यह दौरा हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड एवं एम्स, भोपाल के मध्य होने वाली साझेदारी का भाग है। सर्वप्रथम डॉ. सूर्य बाली के नेतृत्व में एम्स, भोपाल के प्रतिनिधियों द्वारा मुख्य प्रबंधक सीएसआर श्री हिमांशु पाणिग्राही के साथ वार्ता की। साथ ही टीम ने इकाई के अस्पताल का दौरा किया और उप-महाप्रबंधक (चिकित्सा) डॉ. मेधा दवे के नेतृत्व में समस्त चिकित्सकों से विचार-विमर्श किया व अस्पताल द्वारा ग्रामवासियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, अधोसंरचना, चिकित्सकीय उपकरणों आदि का निरीक्षण किया। दौरे पर आए चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम ने ग्राम छिंदीटोला एवं बोरखेड़ा में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये। ग्राम छिंदीटोला के आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया और ग्रामीणों तथा आशा कार्यकर्ताओं से बातचीत की। ग्राम बोरखेड़ा में टीम ने सरपंच और ग्रामीणों से भी बातचीत की, तत्पश्चात टीम ने बिरसा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड की मलांजखण्ड इकाई आदिवासियों को गुणवत्ता युक्त उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराने, इकाई के निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) अंतर्गत प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने, ग्रामीणों को गंभीर बीमारियों का उनके नजदीकी स्थान पर इलाज उपलब्ध कराने एवं नियमित संस्थागत सुविधायें उपलब्ध कराने के लिए एम्स, भोपाल के साथ एमओयू करने हेतु प्रयासरत है। यह समझौता कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ इकाई के समीप स्थित विभिन्न ग्रामवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।


ग्रेसियस् कॉलेज
2026-27 ADMISSION OPEN
SC ,ST, OBC वर्ग के विद्यार्थियों को म. प्र. शासन के नियमानुसार छात्रवृत्ति
नर्सिंग
बी.एस.सी. नर्सिंग 4 वर्षीय डिग्री
मान्यता : आई.एन. सी. नई दिल्ली, म.प्र. नर्सिंग रजि. काउंसिल भोपाल, राजा शंकरशाह वि. वि. छिंदवाड़ा
फार्मेसी
बी.फार्मा. 4 वर्षीय डिग्री
2 वर्षीय डिप्लोमा डी.फार्मा.
मान्यता : पी.सी.आई. नई दिल्ली, आर.जी.पी.वी. भोपाल, डी.टी.ई. भोपाल
योग्यता : 12 वी उत्तीर्ण (जीव विज्ञान/गणित संकाय)
73820 53000 / 73820 54000
आर.टी.ओ.ऑफिस के पास, वारासिवनी रोड , बरबसपुर - कायदी,बालाघाट म.प्र.



क्लासिफाईड विज्ञापन
सिर्फ 100/- प्रतिदिन..
*दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें..*
*मो. 9329033433*



स्वामी विवेकानन्द प्रा. आई.टी.आई.
इलेक्ट्रिशियन फिटर
न्यूनतम शुल्क सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण
सर्वाधिक रोजगार
रोजगार हेतु नियमित कैम्पस
मोती तालाब के पास, सुरभी नगर, बालाघाट
मो. 7000627847, 7000482405, 9826324832
ADMISSION OPEN 2026-27
NCVT एवं DGE&T से मान्यता प्राप्त



श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
सारे तीर्थ बारबार - गंगा सागर एक बार
कम राशि पर सुविधा ज्यादा

चारधाम यात्रा (10 दिन)
श्री केदारनाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमनोत्री श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश, श्री त्रिगुणी नारायण
-रिजर्वेशन कोच-
17 सितम्बर 2026 से 26 सितम्बर 2026 तक
28 सितम्बर 2026 से 07 अक्टुबर 2026 तक
12 अक्टुबर 2026 से 21 अक्टुबर 2026 तक
24 अक्टुबर 2026 से 02 नवम्बर 2026 तक
स्लीपर मात्र 14500/-

कैलाश मान सरोवर यात्रा
-रिजर्वेशन कोच-
11 जुलाई 2026 से 23 जुलाई 2026 तक
10 अगस्त 2026 से 22 अगस्त 2026 तक,
08 सितम्बर 2026 से 20 सितम्बर 2026 तक
20 सितम्बर 2026 से 02 अक्टुबर 2026 तक
स्लीपर मात्र 2,40,000/-
फलाईट - 3,05,000/-

7 ज्योतिर्लिंग यात्रा (11 दिन)
द्वारकाधीश,भेंट द्वारका,शिर्डी सांई बाबा,महाकालेश्वर,ओमकारेश्वर सोमनाथ,नागेश्वरा,घृश्नेश्वर,त्र्यंबकेश्वर,भीमाशंकर,शनिसिंगनापुर
-रिजर्वेशन कोच-
29 जुलाई 2026 से 08 अगस्त 2026 तक
12 अगस्त 2026 से 22 अगस्त 2026 तक
02 सितम्बर 2026 से 12 सितम्बर 2026 तक
30 सितम्बर 2026 से 10 सितम्बर 2026 तक
स्लीपर मात्र 16,500/-, 2Ac-32,500/- , 3Ac-27,500/-

रामेश्वरम् धाम यात्रा (10 दिन)
श्री रामेश्वरम, श्री तिरुपति बालाजी,श्री मल्लिकार्जुन, श्री महालक्ष्मी देवी,मदुरई कन्याकुमारी, श्री पद्मनाभ स्वामी,त्रिवेन्द्रम
-रिजर्वेशन कोच-
27 जुलाई 2026 से 06 अगस्त 2026 तक
10 अगस्त 2026 से 20 अगस्त 2026 तक
07 सितम्बर 2026 से 17 सितम्बर 2026 तक
28 सितम्बर 2026 से 17 सितम्बर 2026 तक
28 सितम्बर 2026 से 08 अक्टुबर 2026 तक
स्लीपर मात्र 17500/-, 2Ac-29500/- , 3Ac-35500/-

अमरनाथ यात्रा एवं माता वैष्णोदेवी
-रिजर्वेशन कोच-
07 जुलाई 2026 से 17 जुलाई 2026 तक
15 जुलाई 2026 से 25 जुलाई 2026 तक
21 जुलाई 2026 से 31 जुलाई 2026 तक
04 अगस्त 2026 से 14 अगस्त 2026 तक
स्लीपर मात्र 13,500/-, 2Ac-25,500/- , 3Ac-22,500/-

राजस्थान यात्रा
जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, पुष्कर,अजमेर,जैसलमेर,खाटूश्याम
-रिजर्वेशन कोच-
10 सितम्बर 2026 से 19 सितम्बर 2026 तक
15 अक्टुबर 2026 से 24 नवम्बर 2026 तक
स्लीपर मात्र 17,500/-, 2Ac-32,500/- , 3Ac-27,500/-

।। शर्तें लागू ।।
5 प्रतिशत जीएसटी अतिरिक्त
अधिक जानकारी के लिये सपंर्क करें
संपर्क- प्रवीण ठोम्बरे
तारिणी स्टुडियो, प्रथम तल, धनराज काम्पलेक्स सराफा बाजार, मेन रोड,बालाघाट (म.प्र.)
मो. 9827945554, 8982078100



SARDAR PATEL UNIVERSITY
BALAGHAT (M.P.)
ADMISSION OPEN 2026-27
ENGINEERING
POLYTECHNIC
B.TECH | M.TECH
Part Time /Full Time AICTE Approved
• Civil Engg.
• Mechanical Engg.
• Electrical Engg.
• Mining Engg.
• Computer Sc. & Engg.
• Mining & Mine Surveying
छात्रवृत्ति SC/ST/OBC छात्रों को शासन के योजनानुसार
B.Tech. (AI & ML)
100% Job Oriented Program
PHARMACY
PCI Approved
• D. PHARMACY
• B. PHARMACY
• M. PHARMACY
Pharmacology /Pharmaceutics
MBA PHARMACEUTICAL MANAGEMENT
AGRICULTURE
• B.Sc. (Hons.) • M.Sc.(Ag.)
• B.Tech (Agril) • Diploma
ABM AGRI BUSINESS MANAGEMENT
LAW
• B.A. LL.B.
• LL.B. • LL.M.
BCI Approved
MANAGEMENT
• BBA (Hons.) • MBA • BHM
BAMS SARDAR PATEL AYURVEDIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
BHMS S.M. DEO HOMOEOPATHIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.)
9174192111, 9174202111, 9174212111

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा live जिला सिवनी
बरघाट, छपारा, केवलारी, घंसौर, लखनादौन, धनोरा एवं संपूर्ण सिवनी जिले की खबरें..

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

### उगली में शिक्षक दंपति की रहस्यमयी मौत..

# घर के कमरे में मिले जले हुए दो शव, राख और हड्डियों में तब्दील..






**हत्या या हादसा, जांच के घेरे में कई सवाल..**

**दोनों मोबाइल जले मिले, कमरे में खून जैसे निशान, फॉरेंसिक और एफएसएल जांच पर टिकी निगाहें..**

**डीएनए परीक्षण से होगी शवों की वैज्ञानिक पहचान..**

**जगप्रेरणा उगली।**

***सिवनी जिले के थाना उगली क्षेत्र में शिक्षक दंपति की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने पूरे जिले को झकझोर दिया है। थाना उगली से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर बिजली कार्यालय और डबल लाक के आगे***

जग्गूटोला मार्ग पर स्थित एक मकान में शुक्रवार दोपहर दो जले हुए शव मिलने से सनसनी फैल गई। दोनों शव इस कदर जल चुके थे कि वे लगभग राख और हड्डियों में तब्दील हो गए, जिससे उनकी पहचान मौके पर करना संभव नहीं था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतकों की पहचान शिक्षक समन सिंह धुर्वे और उनकी पत्नी शिक्षिका मालती धुर्वे के रूप में की जा रही है।

समन सिंह धुर्वे दामीझोला (मोहबर्रा) स्थित विद्यालय में शिक्षक थे, जबकि मालती धुर्वे केवलारी विकासखंड के ग्राम कुम्हड़ा में शिक्षिका के पद पर पदस्थ थीं।

### बहन पहुंची घर, खुला दरवाजा और अंदर का दृश्य देख उड़ गए होश..

जानकारी के अनुसार समन सिंह धुर्वे बुधवार तक सामान्य रूप से लोगों के संपर्क में थे और उसी रात उनकी मोहबर्रा निवासी एक परिचित से बातचीत भी हुई थी। गुरुवार को उनकी एक शासकीय बैठक निर्धारित थी, लेकिन वे वहां नहीं पहुंचे। सहकर्मियों ने कई बार मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया। बताया जा रहा है कि गुरुवार दोपहर लगभग 12:30 बजे तक मोबाइल पर घंटी जा रही थी, लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। इधर, मालती धुर्वे भी विद्यालय नहीं पहुंचीं और उनका मोबाइल भी लगातार बंद मिला। इस पर परिजनों को चिंता हुई। मालती धुर्वे की बहन जब उनके घर पहुंचीं तो मुख्य गेट बंद था, लेकिन उसमें ताला नहीं लगा था। अंदर का दरवाजा भी केवल टिका हुआ था, किसी प्रकार की कुंडी नहीं लगी थी। जैसे ही उन्होंने दरवाजा खोला, अंदर का भयावह दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। कमरे में दो जले हुए शव पड़े थे। इसके बाद तत्काल उगली पुलिस को सूचना दी गई।

### शवों की हालत देखकर दहल उठे लोग..

शुक्रवार दोपहर लगभग 3:30 बजे सूचना मिलने के बाद उगली पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मकान को सुरक्षा घेरे में लेकर आम लोगों का प्रवेश रोक दिया। घटनास्थल का दृश्य बेहद भयावह था। दोनों शव पूरी तरह जल चुके थे। पलंग, कूलर और कमरे का अधिकांश सामान भी आग की चपेट में आ चुका था। पूरा कमरा कालिख से काला पड़ गया था। प्रारंभिक निरीक्षण के दौरान मृतकों के पास ही दोनों मोबाइल फोन जली हुई अवस्था में मिले। कमरे के भीतर खून जैसे निशान भी दिखाई देने की चर्चा है। इन परिस्थितियों ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

स्थानीय स्तर पर विभिन्न तरह की चर्चाएं हैं, लेकिन पुलिस फिलहाल किसी भी संभावना पर अधिकारिक रूप से कुछ कहने से बच रही है। कुछ प्रारंभिक परिस्थितियां यह संकेत देती हैं कि घटना केवल आग लगने का मामला नहीं हो सकता, हालांकि इसकी पुष्टि फॉरेंसिक जांच और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर ही हो सकेगी। यदि कमरे में मिले संदिग्ध निशानों की पुष्टि होती है, तो जांच की दिशा और भी महत्वपूर्ण हो सकती है।

### एसपी, एसडीओपी, फिंगरप्रिंट और फॉरेंसिक टीम ने संभाला मोर्चा..

घटना की गंभीरता को देखते हुए शुक्रवार देर रात पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक, एसडीओपी केवलारी, फिंगरप्रिंट विशेषज्ञ और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। घटनास्थल से फिंगरप्रिंट सहित अन्य वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए गए। शनिवार सुबह फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने दोबारा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और घटना कब, कैसे तथा किन परिस्थितियों में हुई, इसकी कड़ियां जोड़ने का प्रयास किया।

स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। डॉक्टरों ने आवश्यक नमूने लेकर उन्हें जांच के लिए जबलपुर मेडीकल भेजने की प्रक्रिया शुरू की। पुलिस के अनुसार फॉरेंसिक रिपोर्ट और अन्य वैज्ञानिक जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### डीएनए जांच से होगी पहचान की पुष्टि..

शव पूरी तरह जल जाने के कारण उनकी पहचान वैज्ञानिक तरीके से सुनिश्चित करने के लिए डीएनए परीक्षण कराया जाएगा। जानकारी के अनुसार दंपति के बच्चों के डीएनए नमूनों का मिलान कराया जाएगा। दंपती के दो बच्चे हैं, एक बेटा जो इंदौर में पढता है, और बेटी जो कान्हीवाडा नवोदय विद्यालय में पढती है,इसके बाद ही यह अंतिम रूप से पुष्टि हो सकेगा कि घटनास्थल से मिले दोनों शव उन्हीं के हैं। फिलहाल पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

यह हत्या है, आत्महत्या है या किसी अन्य परिस्थिति का परिणाम इन सभी सवालों के जवाब फॉरेंसिक रिपोर्ट, डीएनए परीक्षण और वैज्ञानिक साक्ष्यों के विश्लेषण के बाद ही सामने आएंगे। तब तक उगली की यह घटना पूरे क्षेत्र में चर्चा और रहस्य का विषय बनी हुई है।

# सिवनी नगरपालिका में भ्रष्टाचार का खुला खेल प्रारंभ - नरेश..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों की पोषक भारतीय जनता पार्टी प्रदेश को लूटने में कोई कसर नही छोड़ रही है, वैसे तो कोई भी विभाग भ्रष्टाचार से अछूता नही है बिना पैसे दिए काम लोगो के नहीं हो रहें है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी ने प्रेस को जारी***

विज्ञप्ति में कहा कि यदि हम चर्चा करें सिवनी जिले की नगरपालिकाओं की तो सिवनी नगरपालिका में एक वर्ष पूर्व प्रभारी मुख्यनगरपालिका अधिकारी दिशा डहेरिया ने कार्यकाल सम्हाला था जिनका मूल पद सहायक राजस्व निरीक्षक का है यदि नियम की बात की जाए तो स.रा.नि.को सिवनी जैसी बडी नगरपालिका में मुख्य नगरपालिका का प्रभार नहीं मिलना था, इनके उपर आय से अधिक सम्पत्ति की जांच हुई, दोबारा फिर इन्हें सिवनी नगरपालिका का प्रभार मिला, इनके साथ अमरवाड़ा में पदस्थ उपयंत्री ज्योतेश मंडाले का भी सिवनी ट्रांसफर हुआ।

सिवनी पदस्थ होते ही दिशा डहेरिया ने भवन निर्माण मंजूरी एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्य अनुभवी उपयंत्री ऋषिकेश शर्मा से कार्य छीन कर कम अनुभवी उपयंत्री मंडाले को दिया, लेखापाल संतोष करोसिया को भी मैडम ने हटा दिया, खबर है कि संतोष करोसिया द्वारा 1-1 लाख की खरीदी के बिल बढ़ाने से एवं नगरपालिका निधि को अन्य निधि में ट्रांसफर करने से मना कर दिया। गजेन्द्र पांडे जो कि लखनादौन नगरपरिषद में प्रभारी मुख्यनगरपालिका अधिकारी रहें है उन पर नियम विरूद्ध दुकान आवंटन किये जाने को लेकर लाखो रूपय के हेरफेर के चलते लोकायुक्त ने एफआई.आर. दर्ज की है उन्हें भी सिवनी नगरपालिका में राजस्व निरीक्षक के पद पर लाया गया है। यह सभी ट्रांसफर भाजपा के तबादला उद्योग का परिणाम है पैसा तो मनमाने स्थान पर पोस्टिंग पाओ और आम जन से वसूली करो। माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा विशाल मर्सकोले को सिवनी नगरपालिका में मुख्य नगरपालिका अधिकारी के पद पर बने रहने का आदेश 25 जून 2026 को पारित किया गया है। न्यायालय के आदेश की अवहेलना करते हुए कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा विशाल मर्सकोले को प्रभार नहीं दिया गया।

श्री मरावी ने आगे कहा कि आनन-फानन में दिनांक 6 जुलाई 2026 की बैठक में 117 विषय रखे गए उन विषयों में अधिकांश खरीदी की दर स्वीकृति के थे, जिसमें टेक्टर, ट्राली, हाथ गाड़ी, चलित शौचालय, जेसीबी, महिला पेशाब घर, पुरूष पेशाब घर, ऐलम बिलिचिंग, जल प्रदाय की समाग्री, स्वास्थ शाखा की समाग्री शामिल थी। इन सब समाग्री खरीदी में 40 से 50 प्रतिशत का कमीशन होता है कार्यकारी अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया और सिंडीकेट मुख्य नगरपालिका अधिकारी विशाल मर्सकोले जी के सिवनी से स्थानांतरण की राह ताक रहें थे क्योंकि मर्सकोले जी के रहते हुए कार्यकारी अध्यक्ष मनमानी नहीं कर पा रहें थे यही कारण था कि चार महिनों तक परिषद का सम्मिलन नहीं बुलाया गया। साधारण सम्मिलन में पार्षदों को बैठक के 2 दिन पूर्व अवकाश के दिन ऐजेंडा इसलिए दिया गया ताकि कांग्रेस के पार्षद फाईलों का अवलोकन न कर सकें और बैठक में चर्चा के समय आपत्ति दर्ज न कर सकें। 1 घंटे 45 मिनट में बिना किसी चर्चा व फाइलो के अवलोकन किये बिना प्रस्ताव को पास कर लूट की व्यवस्था बना ली गई है।

अम्रत 2.0 के अन्तर्गत भीमगढ़ से लेकर बबरिया तक नगर में जलापूर्ति के लिए पाईप लाईन डालने का कार्य हो रहा है विशाल मर्सकोले के जाते ही दिशा डहेरिया ने सिवनी प्रभार लेने के 5 वे दिन ही कार्यकारी अध्यक्ष से सॉठगॉठ कर 4 करोड़ से अधिक का भुगतान ठेकेदार को कर दिया गया, ऐसा प्रतीत होता है कि कार्य से अधिक भुगतान किया गया है कार्य की गुणवत्ता पर कोई भी ध्यान नही दिया गया है। जिसमें लम्बा लेन-देन हुआ है। कांग्रेस पार्षद दल नगरपालिका परिषद में होने वाली हर अनियमितता और भ्रष्टाचार की शिकायत जिला कलेक्टर से करते आये है, जिला कलेक्टर से हमारा निवेदन है कि इन शिकायतों पर संज्ञान लेकर जांच कराये जिससे कि नगरपालिका में हो रहें भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई जा सकें।

# आदेश की अवहेलना पर अमीन को अंतिम नोटिस, कार्यभार न लेने पर रुकेगा वेतन

**जगप्रेरणा छपारा।**

जल संसाधन विभाग के अंतर्गत तिलवारा बांयी तट नहर संभाग केवलारी के कार्यपालन यंत्री पी.एन. नाग द्वारा अमीन उमेश कुमार शर्मा (अपर वैनगंगा बांध उपसंभाग क्रमांक-3, भीमगढ़) को शासकीय कार्यों में लापरवाही और उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने पर अंतिम कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नोटिस के अनुसार अमीन उमेश कुमार शर्मा को प्रशासनिक दृष्टि से जल उपभोक्ता संथा 'बरबसपुर' का कार्यभार संभालने के निर्देश बार-बार लिखित एवं मौखिक रूप से दिए गए थे, लेकिन उनके द्वारा आज तक कार्यभार ग्रहण नहीं किया गया। इस हठधर्मिता के कारण क्षेत्र में सिंचाई कार्य प्रभावित होने के साथ-साथ शासकीय राजस्व वसूली को भारी नुकसान पहुंचा है।

### पहले भी लग चुकी है पेनाल्टी और दर्ज है एफ आई आर..

दस्तावेजों के मुताबिक उक्त कर्मचारी पहले भी अनुशासनहीनता और कदाचरण के एक मामले में सिवनी कलेक्टर द्वारा दो वेतन वृद्धि संचयी प्रभाव से रोकने (दंडित) किए जाने की कार्रवाई का सामना कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त, बांध के डूब क्षेत्र/टीबीसी प्रभार के दौरान गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के चलते उनके खिलाफ पुलिस थाना छपारा में आईपीसी की धारा 409 (शासकीय धन का गबन/अपराधिक हनन) के तहत एफआईआर (क्र. 0548 दिनांक 25/12/2023) भी दर्ज है, जिसकी जांच जारी है।

### 'नो-वर्क-नो-पे' के तहत होगी कार्रवाई

कार्यपालन यंत्री ने सख्त रुख अपनाते हुए अमीन को अंतिम चेतावनी दी है कि वे तत्काल जल उपभोक्ता संथा 'बरबसपुर' का कार्यभार ग्रहण करें। यदि वे अपने मैदानी कर्तव्य पर उपस्थित नहीं होते हैं, तो 'नो-वर्क-नो-पे' (काम नहीं तो वेतन नहीं) के सिद्धांत के आधार पर उनके वेतन आहरण पर तत्काल रोक लगा दी जाएगी तथा नियमानुसार कड़ी अनुशासनात्मक एवं विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# एसडीएम ने गौशाला का किया निरीक्षण..



**जगप्रेरणा लखनादौन।**

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लखनादौन अर्जुन सिंह ठाकुर ने आचार्य विद्यासागर गौशाला का निरीक्षण कर गौशाला में संचालित व्यवस्थाओं का जायजा लिया,

निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौवंश के रख-रखाव, स्वच्छता, चारा एवं पेयजल की उपलब्धता सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया,

उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि गौवंश की समुचित देखभाल सुनिश्चित करते हुए गौशाला की सभी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित एवं बेहतर बनाए रखा जाए। इस अवसर पर एसडीएम श्री ठाकुर ने गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए,उन्होंने कहा कि गौसेवा भारतीय संस्कृति एवं सामाजिक दायित्व का महत्वपूर्ण अंग है तथा गौशाला की व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए।

निरीक्षण के दौरान गौशाला अध्यक्ष राहुल जैन, पारुल जैन, रितेश जैन एसडीएम स्टेनो रावत एचडीएफसी के श्रेयांश तिवारी सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक, एवं गो रक्षक उपस्थित रहे।

# स्कूल बसों की सघन चेकिंग, सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर सख्त कार्रवाई





### 6 स्कूली वाहनों पर 10,000 रुपये का समन शुल्क वसूला गया..

### छात्रों की सुरक्षित यात्रा यातायात पुलिस की प्राथमिकता..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

छात्र-छात्राओं की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा जिले में स्कूल बसों एवं स्कूली वाहनों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

### अभियान की कार्रवाई..

आज जिले के विभिन्न मार्गों पर संचालित स्कूली वाहनों को रोककर उनकी फिटनेस, बीमा, परमिट, चालक का लाइसेंस, जीपीएस, प्राथमिक उपचार पेटी, आपातकालीन खिड़की एवं माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी सुरक्षा गाइडलाइंस का बारीकी से परीक्षण किया गया। चेकिंग के दौरान कुल 06 स्कूल वाहनों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी एवं दस्तावेजों में कमियां पाई गईं। नियम विरुद्ध संचालन करने पर यातायात पुलिस द्वारा मौके पर ही चालानी कार्रवाई की गई।

### जुर्माना विवरण..

वाहन क्रमांक **MP 22 ZG 7477** 2,000रू., वाहन क्रमांक **MP 22 P 049** 2,000रू., वाहन क्रमांक **MP 22 ZJ 8480** 2,000रू., वाहन क्रमांक **MP54 P208** 2,000रू., वाहन क्रमांक**MP 22 P 0454** 1,000रू., वाहन क्रमांक **MP 22 ZG 894** 1,000रू., कुल वसूल समन शुल्कः 10,000रू.।

### यातायात पुलिस की अपील

यातायात पुलिस ने सभी स्कूल प्रबंधन एवं वाहन संचालकों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा स्कूली वाहनों हेतु जारी दिशा-निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करें। प्रत्येक वाहन में योग्य चालक एवं परिचालक, जीपीएस सिस्टम, अग्निशमन यंत्र, प्राथमिक उपचार पेटी, महिला अटेंडेंट एवं आपातकालीन निकास की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। यातायात पुलिस द्वारा यह चेकिंग अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। छात्रहित में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# अब बाहुबली चौक में बनेगा स्तंभ, बाहुबली चौक को लेकर सभी हुए राजी



**जगप्रेरणा सिवनी।**

***नगर पालिका परिषद सिवनी द्वारा परिषद की बैठक में बाहुबली चौक को लेकर विभिन्न प्रकार की बात सामने आई हम उन सब चीजों पर नहीं जाना चाहते लेकिन बैठक में हुई***

चर्चा के दौरान यह बात सामने आई है कि बाहुबली चौक का विकास होना जरूरी है और इसके लिए यहां पर स्तंभ बनाए जाने हेतु भाजपा के जिला महामंत्री संतोष अग्रवाल द्वारा इसमें आने वाले खर्च को लेकर भी अपनी बात रखी गई है निश्चित ही किसी चौक चौराहे का नाम परिवर्तन बिना लोगों से चर्चा के किया जाना न्याय संगत नहीं है लेकिन इस संबंध में जो भी वार्तालाप के पश्चात नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोदिया द्वारा कहा गया है कि बाहुबली चौक का नाम परिवर्तित नहीं किया जाएगा और पूर्व की भांति जिसका नाम बाहुबली चौक ही रहेगा।

इस बात को लेकर यह विवाद यहीं समाप्त हो जाता है इस संबंध में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रसन्न मालू राजा बघेल अतुल मालू सहित अनेक नेताओं में राजिक अकिल ने भी इस मामले को गंभीरता के साथ उठाया और इस चौक को बाहुबली चौक के नाम से ही पहचाना जाए इसे किसी भी कीमत में परिवर्तित ना किया जाए जिसको लेकर अपनी बात रखी इस संबंध में जैन समाज के अध्यक्ष पवन दिवाकर ने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा जैन समाज की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका में लिए गए प्रस्ताव को वापस लिया जाना उनकी उदारता का प्रतीक है इसमें किसी प्रकार की वैमनस्यता या दुर्भावना का प्रादुर्भाव नहीं होता बल्कि एक सामान्य गलती कहीं जा सकती है।


जैन धर्म में अहिंसा ,दया ,क्षमा ,जैसे सिद्धांतों को महत्व दिया गया है और बाहुबली चौक को लेकर भी जो बात सामने आई है वह जैन समाज के साथ-साथ जनहित में भी है यह बाहुबली चौक में भविष्य में बनने वाले स्तंभ को लेकर सभी दल एवं समाज के लोगों से आग्रह है कि वह इसके निर्माण में कार्रवाई हेतु सहयोग प्रदान करें।

**व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..**

**बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।**

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
मो.- 8817448039

# विश्व जनसंख्या दिवस पर नुक्कड़ नाटक एवं पोस्टर तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन



**जगप्रेरणा सिवनी।**

विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर डी.पी.सी. रोल मॉडल एक्सीलेंस स्कूल में विद्यार्थियों के मध्य जनसंख्या वृद्धि के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया

जिसमें नुक्कड़ नाटक, चित्रकला, भाषण, पोस्टार एवं अन्य जागरूकता आधारित गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिनमें सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में छात्रों ने बढती जनसंख्या के सामाजिक आर्थिक एवं पर्यावरणीय प्रभावों पर प्रकाश डाल कर अपनी भावना व्यदक्तय की। जिसमें जनसंख्या नियंत्रणसंसाधनों के संतुलित उपयोग और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर संस्था के निदेशक डॉ. के. के. चतुर्वेदी ने अपने संबोधन में कहा कि ÷जनसंख्या वृद्धि आज के समय की सबसे महत्वपूर्ण चुनौतियों में से एक है। यदि जनसंख्या वृद्धि पर प्रभावी नियंत्रण नहीं किया गया तो भविष्य में प्राकृतिक संसाधनों जिसमें पेयजल, कृषि भूमि, रहवासी भूमि, शिक्षा, परिवहन, स्वास्थ्य, रोजगार तथा पर्यावरण पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह जनसंख्या नियंत्रण के प्रति जागरूक बने और समाज में भी जागरूकता फैलाए।÷ छात्रों ने नाटक के माध्यभम से सरकार से आने वाली पिढियों के लिए संसाधन सुरक्षित रखने कनून बनाने की मांग नाटक के माध्यम से की है।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं सभी विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही। अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरुषकृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक प्रभारी सृष्टि निमजे, मानसी बघेल ने किया।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433





जग प्रेरणा
वारासिवनी, कटंगी
डोंगरमाली, रामपायली, खैरलांजी, बुदबुदा, कोचेवाही, तिरोड़ी, बोनकट्टा, महकेपार..



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


# भाजपा कार्यालय वारासिवनी मे आज प्रदेश महामंत्री के सामने नगर मंडल के कार्यकर्ताओ की लगेगी क्लास..







जगप्रेरणा वारासिवनी।

*भाजपा नगर मंडल वारासिवनी की काम काजी बैठक मे विशेष रूप से शामिल होने के लिये प्रदेश महामंत्री सुमेर सिंह सोंलकी संभाग संगठन प्रभारी का आगमन वारासिवनी मे होने जा रहा है। आज भाजपा कार्यालय मे पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल, अभय कोचर, जीतेन्द्र मोहारे, गोपाल अडवानी,*

किशोर अमूले, संदीप मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारीयो ने उनके आगमन व बडी बैठक की तैयारीयो को लेकर समीक्षा भी की।

भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा ने बताया की प्रदेश महामंत्री सुमेर सिंह सोंलकी का आगमन भाजपा कार्यालय वारासिवनी मे 12 जूलाई की दोपहर 3 बजे हो रहा है। प्रदेश महामंत्री रविवार को दोपहर 4 बजे से काम काजी बैठक मे शामिल होकर संगठन के कार्यो की विस्त्रत रूप से समीक्षा करेगे।

इस महत्तवपूर्ण बैठक मे विशेष रूप से पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के साथ अभिलाष मिश्रा जिला प्रभारी, रामकिशोर कावरे जिला अध्यक्ष, विधानसभा प्रभारी जीतेन्द्र मोहारे, मंडल प्रभारी अभय कोचर,जिला उपाध्यक्ष किशोर अमूले, जिला मंत्री रेखा गोखले, नगर मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा,मंडल अध्यक्षो मे मिलिन्द नगपुरे,नरेन्द्र शुक्ला,वेदप्रकाश पटेल,भीवराम मात्रे भी उपस्थित रहेगे।

बैठक मे जिला पदाधिकारीयो के साथ सभी मंडल अध्यक्षो के साथ महामंत्री, मंडल प्रभारी, शक्ति केन्द्र संयोजक, सहसंयोजक, बुथ अध्यक्ष, नगर मंडल कार्यकारिणी, नपा अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, जप सदस्य आदि भी विशेष रूप से उपस्थित रहेगें।

# धान के विकल्प के रूप में उभर रही जिमिकंद (सूरन) की खेती, पुलपुट्टा के किसान हर्षद सोनवाने बने प्रेरणा





जगप्रेरणा बालाघाट।

*परंपरागत रूप से धान उत्पादन के लिए पहचाने जाने वाले बालाघाट जिले में अब किसान नकदी फसलों की ओर भी कदम बढ़ा रहे हैं। इन्हीं में जिमिकंद (सूरन) की खेती किसानों के लिए बेहतर आय का नया विकल्प बनकर सामने आ रही है।*

खैरलांजी विकासखंड के ग्राम पुलपुट्टा के हरिटोला निवासी प्रगतिशील किसान हर्षद सोनवाने ने एक एकड़ भूमि पर प्राकृतिक तरीके से जिमिकंद की खेती कर क्षेत्र के किसानों के लिए नई मिसाल पेश की है। बालाघाट जिले में अब तक जिमिकंद की खेती बड़े पैमाने पर नहीं होती थी। अधिकांश ग्रामीण अपने घरों की बाड़ी में इसके कंद लगाकर घरेलू उपयोग के लिए सूरन तैयार करते थे। वहीं किरनापुर और लांजी क्षेत्र के कुछ किसान धान के खेतों की मेड़ों पर इसकी खेती कर अतिरिक्त आय अर्जित करते रहे हैं। लेकिन अब बढ़ती मांग और बेहतर मुनाफे को देखते हुए किसान इसकी व्यावसायिक खेती की ओर भी आकर्षित हो रहे हैं। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए किसान हर्षद सोनवाने ने एक एकड़ खेत में पूरी तरह प्राकृतिक पद्धति से जिमिकंद का उत्पादन किया है। इस खेती में रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का उपयोग नहीं किया जाता, जिससे उत्पादन पूरी तरह प्राकृतिक एवं स्वास्थ्यवर्धक होता है। कम लागत और बेहतर उत्पादन के कारण यह खेती किसानों के लिए लाभकारी साबित हो रही है।

जिमिकंद, जिसे सूरन भी कहा जाता है, पोषक तत्वों और खनिजों से भरपूर होता है। इसकी सब्जी स्वाद और पौष्टिकता के कारण काफी पसंद की जाती है तथा इसे कई स्थानों पर ÷देशी पनीर÷ के नाम से भी जाना जाता है। बाजार में इसकी कीमत सामान्यतः 40 से 50 रुपये प्रति किलोग्राम तक मिल जाती है, जिससे किसानों को धान की तुलना में कहीं अधिक आर्थिक लाभ प्राप्त होता है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यदि किसान वैज्ञानिक एवं प्राकृतिक पद्धति से जिमिकंद की खेती अपनाएं तो कम लागत में अच्छी आय अर्जित कर सकते हैं। बदलते कृषि परिदृश्य में यह फसल धान के साथ-साथ आय का मजबूत विकल्प बन सकती है। ग्राम पुलपुट्टा के किसान हर्षद सोनवाने की यह पहल दर्शाती है कि यदि किसान नई फसलों को अपनाने का साहस करें तो खेती को अधिक लाभकारी बनाया जा सकता है। उनकी सफलता अब आसपास के किसानों के लिए प्रेरणा बन रही है और उम्मीद है कि आने वाले समय में बालाघाट जिले में भी जिमिकंद की खेती का रकबा बढ़ेगा।

# राजस्थान की मासूम को न्याय दिलाने सडक पर उतरा महिला संगठन

## महिलाओं ने निकाला विशाल शांति मार्च,राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन










जगप्रेरणा वारासिवनी।

नगर में जय स्तंभ चैक से गत दिवस महिलाओं के द्वारा शांति मार्च एवं ज्ञापन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राजस्थान के श्रीगंगानगर में एक 13 वर्षीय मासूम बालिका के साथ हुए जघन्य और शर्मनाक अपराध के विरोध में किया गया। जिसमें समस्त महिलाओं ने एकजुट होकर एक विशाल शांति मार्च निकाला और महामहिम राष्ट्रपति के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर पीडिता के लिए त्वरित न्याय की मांग की।

## देश में बेटियों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग..

नगर के जय स्तंभ चैक पर बड़ी संख्या में मातृशक्ति एकत्रित हुई। यहाँ से महिलाओं ने शांतिपूर्ण ढंग से मार्च की शुरुआत की। मार्च में शामिल महिलाओं के हाथों में तख्तियां थीं जिन पर दोषियों को फांसी दो और अपराधियों पर कठोरतम कार्यवाही करो जैसे गंभीर स्लोगन लिखे हुए थे। यह आक्रोश और संवेदना से भरा प्रदर्शन जय स्तंभ चैक से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से गुजरा।

## महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार के नाम सौंपा ज्ञापन..

यह शांति मार्च नेहरू चैक से होते हुए आंबेडकर चैक पहुंचा। जहां समाज के विभिन्न वर्गों ने भी इस आंदोलन के प्रति अपनी संवेदनशीलता और समर्थन व्यक्त किया। तत्पश्चात मार्च पुन वापस जय स्तंभ चैक पर आकर संपन्न हुआ। मार्च के समापन पर अनुविभागीय अधिकारी वारासिवनी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार को संबोधित एक ज्ञापन तहसीलदार वंदना कुशराम को सौंपा गया।

## हृदयविदारक घटना ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया..

ज्ञापन में बताया की इस हृदयविदारक घटना ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। देश में बेटियों की सुरक्षा के लिए अब ठोस कदम उठाए जाना अत्यंत आवश्यक हैं। भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से मांग की गई है कि अपराधियों को जल्द से जल्द पकडकर कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए तथा महिलाओं और बालिकाओं के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट से न्याय दिलाकर सुरक्षा प्रदान करना सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

## अपराधीयो को मिले कडी से कडी सजा..

इस अवसर पर मिडिया के सवालो मे पूर्व नपा अध्यक्ष श्रीमती स्मिता जायसवाल ने कहा की राजस्थान के श्रीगंगानगर में एक 13 वर्षीय मासूम बालिका के साथ हुए जघन्य और शर्मनाक अपराध की हम सभी निंदा करते है। हम सभी महिलाये पीडित पक्ष के साथ है। हम शासन प्रशासन से मांग करते है की इस घटना के आरोपीयो को कडी से कडी सजा मिले।

इस घटना के बाद सभी को जागरूक होने की जरूरत है। साथ ही गंदी सोच रखने वालो को कडी सजा अवश्य मिलना चाहिये। ताकि भविष्य मे भी कोई ऐसी घटना करने के बारे मे नही सोच सके।

## आसपास की बच्चियो का ख्याल रखना अब हर व्यक्ति की जिम्मेदारी..

इस अवसर पर डा जयश्री अरोरा ने कहा की राजस्थान की घटना का कृत्य घ्रणित मानसकिता का प्रमाण है। हमारी शासन प्रशासन से मांग है की अपराधीयो मे डर व भय होना चाहिये कि इस तरह की घ्रणित घटना के बाद उनका क्या अंजाम होंगा।

आज हम सभी महिलाओ की मांग है की हमे शासन प्रशासन से न्याय चाहिये। अब यह भी देखने मे आ रहा है की घ्रणित मानसिकता वाले ऐसी बच्चियो को अपना शिकार बना रहे जो विरोध तक नही कर सकती है। हम आज संवेदनाओ के साथ यह भी कहना चाहते है की आसपास की बच्चियो का ख्याल रखना अब हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है।

## शांति मार्च मे यह महिला संगठन और मातृशक्तियां रहीं मौजूद..

इस विरोध प्रदर्शन और शांतिपूर्ण मार्च में मुख्य रूप से श्रीमती स्मिता जायसवाल, डॉ. भारती सुराना, डॉ. स्मिता ताथौड़, डॉ. जयश्री अरोरा, श्रीमती ममता बंसोड़, श्रीति पालेवार, श्यामा बोरकर, हर्षिता शिवहरे, मीना आचार्य, वर्षा सोनी, रीना कासल, मिनाक्षी ठाकरे, अनुजा श्रीवास्तव, भावना अग्रवाल, तुलसी शर्मा, शीतल अरोरा, मंजू भोंडले, सीमा पारधी, पूनम झा, मोनिका सोनेकर, वैशाली डहारवाल, सुमंता बंसोड़, संगीता सिथे, अर्चना खोबरागड़े, सुचिता डोंगरे, श्यामा बोरकर, संगीता डोंगरे, आरती कठाने, पुष्पा गेडाम, प्रिया मेश्राम, सारिका तिरूपुणे, राधिका डोंगरे, माया डोंगरे, भारती कठाने, सुलोचना बौद्व, पुष्पा रामटेके, देविका रामटेके, सरोज बंसोड, विश्वमाला घरडे आदि उपस्थित रहीं। साथ ही इस विशाल प्रदर्शन में अमेय शक्ति फाउंडेशन, ड्रीम वूमेन्स फाउंडेशन, स्नेहशक्ति फाउंडेशन और मातृशक्ति मंच सहित समस्त मातृ शक्ति संगठन वारासिवनी से जुड़ीं सैकड़ों जागरूक महिलाएं सक्रिय रूप से शामिल हुईं।

# एसएसपी महाविद्यालय वारासिवनी में स्टार्टअप एवं उद्यमिता कार्यशाला आयोजित





जगप्रेरणा वारासिवनी।

शासकीय शंकरसाव पटेल महाविद्यालय, वारासिवनी में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में स्टार्टअप एवं उद्यमिता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ।

मुख्य अतिथि डॉ. गोरखनाथ भुरे ने विद्यार्थियों को नवाचार एवं उद्यमिता के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि डॉ. श्रीवास्तव ने युवाओं से रोजगार मांगने के बजाय रोजगार देने वाला बनने का आह्वान किया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. एस.एस. गेडाम ने कहा कि वर्तमान समय में स्वरोजगार ही युवाओं के लिए बेहतर विकल्प है। कार्यक्रम में डॉ. रक्षा निकोसे, श्री हेमंत कुमार गणवीर, श्री कृष्णा पराते, डॉ. योगेश बिसेन, कु. नेहा मर्सकोले, श्री हिमांशु गुरदे सहित महाविद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रो. नरेन्द्र कुमार डोंगरे ने किया।

## व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

*बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।*

# जिला स्तरीय खेल कैलेंडर निर्माण बैठक संपन्न, नई खेल प्रतिभाओं को तराशने पर जोर







जगप्रेरणा बालाघाट।

*लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल के निर्देशों के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के जिला स्तरीय खेल कैलेंडर के निर्माण को लेकर शनिवार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, बालाघाट में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई।*

बैठक जिला शिक्षा अधिकारी धनश्री जैन के निर्देशानुसार, सहायक संचालक श्री मरावी के मार्गदर्शन में तथा जिला खेल अधिकारी दीपक गिरी गोस्वामी की उपस्थिति में संपन्न हुई।

बैठक में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य शेख इजराइल दूधगोरे, प्राचार्य खेमन लिल्हारे, मॉडल स्कूल बैहर के प्राचार्य सुनील खोब्रागड़े, कन्या विद्यालय वारासिवनी के श्री चौहान सहित जिलेभर के पीटीआई, खेल शिक्षक एवं क्रीड़ा प्रभारी शामिल हुए। कार्यक्रम में 100 से अधिक क्रीड़ा प्रभारियों एवं खेल अधिकारियों ने सहभागिता की।

बैठक में वर्ष 2026-27 के जिला स्तरीय खेल कैलेंडर का प्रारूप तैयार करने, विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन, खिलाडिय़ों के चयन, खेल गतिविधियों के प्रभावी संचालन तथा उभरती खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस दौरान सभी क्रीड़ा प्रभारियों और खेल शिक्षकों से अपने-अपने विद्यालयों में खेल गतिविधियों को अधिक व्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा खिलाडिय़ों को जिला, संभाग और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए बेहतर तैयारी कराने का आह्वान किया गया। अधिकारियों ने कहा कि विद्यालय स्तर पर नियमित अभ्यास और बेहतर प्रशिक्षण से ही जिले की खेल प्रतिभाओं को आगे बढने् का अवसर मिलेगा। बैठक में हरीश धुवारे, जय ठाकरे, सुनीता बिसेन, विभा दुबे, बंटी बिसेन, मीना मेश्राम, पुरुषोत्तम लिल्हारे, मनोज उपवंशी, शैलेष नागपुरे, रमा तेकाम, हर्षिता मुनेश्वर, माहेश्वरी घोरमारे सहित जिले के समस्त पीटीआई एवं प्रभारी खेल शिक्षक उपस्थित रहे।

बैठक का समापन खिलाडिय़ों को प्रेरित करने वाले संदेश ÷खेलो, आगे बढ़ो और अपने विद्यालय, जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन करो÷ के साथ हुआ। अधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि सुनियोजित खेल कैलेंडर से जिले में खेल गतिविधियों को नई गति मिलेगी और अधिक से अधिक खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे।




विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

5 रविवार 12 जुलाई 2026
जग प्रेरणा live देश विदेश
भारत, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, अमेरिका, ब्रिटेन, ईरान, चीन, जापान आदि की खबरें..

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# अस्पताल में एनेस्थीसिया दिए जाने से 1.5 साल के बच्चे की मौत, खेलते समय हल्की चोट लगने पर पट्टी कराने ले गए थे परिजन..



डेस्क जगप्रेरणा।

***केरल के कन्नूर में एक अस्पताल के अंदर एनेस्थीसिया दिए जाने से बच्चे की मौत हो गई। इस बच्चे को खेलते समय हल्की चोट लगी थी और चेहरे खून बह रहा था।***

ऐसे में माता-पिता अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों को टांके लगाने की जरूरत महसूस हुई। बच्चे को टांके लगाने के लिए एनेस्थीसिया दिया गया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद बेबी मेमोरियल हॉस्पिटल ने डेढ़ साल के बच्चे की मौत के मामले में सफाई दी है।

हॉस्पिटल प्रशासन ने बच्चे की मौत पर दुख जताया और कहा कि बच्चे को मेडिकल स्टैंडर्ड्स के मुताबिक पूरी मेडिकल देखभाल दी गई थी। हॉस्पिटल प्रशासन ने बताया कि बच्चे को सभी उपलब्ध आधुनिक मेडिकल सुविधाएं दी गई थीं और वे कानूनी कार्यवाही में हर संभव मदद करेंगे। पोस्टमॉर्टम जांच पूरी हो गई है, और पुलिस ने बच्चे की मौत के हालात की जांच के लिए केस दर्ज कर लिया है।

### शुक्रवार रात हुई थी मौत..

पयन्नूर के रहने वाले सूरज और विजीशा के बेटे देवांश शौर्य की शुक्रवार रात मौत हो गई। देवांश को खेलते समय मामूली चोट लगी थी। उसके होंठ और ठुड्डी के पास चमड़ी कट गई थी। ऐसे में टांके लगाने के लिए उसे एनेस्थीसिया दिया गया था। एनेस्थीसिया के बाद बच्चे की हालत गंभीर हो गई। परिवार की शिकायत पर पुलिस ने अस्पताल की डॉक्टर अंजलि पोडुवल के खिलाफ मेडिकल लापरवाही का मामला दर्ज किया है।

### आठ साल बाद हुआ था देवांश का जन्म..

सूरज और विजीशा को आठ साल के इंतजार के बाद देवांश मिला था। अस्पताल प्रशासन ने पहले इस घटना में किसी भी तरह की मेडिकल चूक से इनकार किया है। परियारम मेडिकल कॉलेज में बच्चे का पोस्टमार्टम किया जा रहा है। बच्चे को पिछले रविवार को पय्यानूर बेबी मेमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह खेलते समय गिर गया था और उसके चेहरे पर मामूली चोटें आई थीं।

# कानपुर के होटल में रुके शादीशुदा प्रेमी-प्रेमिका ने खाया जहर, दोनों की मौत..



डेस्क जगप्रेरणा।

***उत्तर प्रदेश के कानपुर के एक होटल में शनिवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक कमरे के भीतर शादीशुदा युवक और युवती जहर खाकर जान दे दी। शुरुआती जांच में दोनों के बीच प्रेम संबंध होने की बात सामने आई है।***

पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान फतेहपुर निवासी दिग्विजय सिंह और मृतका की पहचान उन्नाव निवासी शिवांगी तिवारी के रूप में हुई है।

दोनों की उम्र लगभग 33 वर्ष बताई जा रही है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक दोनों पहले से शादीशुदा थे और शनिवार दोपहर करीब 12 बजे कलक्टरगंज स्थित एक होटल पहुंचे थे। होटल में कमरा लेने के बाद दोनों बाहर नहीं निकले।

### होटल कर्मचारियों ने दी पुलिस को सूचना..

शाम करीब चार बजे तक कमरे से कोई गतिविधि न होने पर होटल कर्मचारियों को संदेह हुआ। कई बार दरवाजा खटखटाने के बावजूद जब कोई जवाब नहीं मिला तो होटल प्रबंधन ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा खुलवाया तो अंदर का दृश्य देखकर सभी स्तब्ध रह गए। घटना की सूचना मिलते ही एसीपी कलक्टरगंज आनंद ओझा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने कमरे से आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए उर्सला अस्पताल की मोर्चरी भेज दिया और दोनों के परिजनों को सूचना दे दी।

### पुलिस कर रही मामले की जांच..

होटल में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी पुलिस ने कब्जे में ले ली है। फुटेज में दोनों को होटल में एक साथ प्रवेश करते हुए देखा गया है। इसके बाद कोई भी व्यक्ति कमरे में आता या बाहर जाता दिखाई नहीं दिया। पुलिस अब दोनों के मोबाइल फोन, कॉल डिटेल, सोशल मीडिया गतिविधियों और हाल के संपर्कों की भी जांच कर रही है, ताकि आत्महत्या के पीछे की वास्तविक वजह सामने आ सके।

फिलहाल घटनास्थल से किसी प्रकार का सुसाइड नोट मिलने की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट, डिजिटल साक्ष्यों और परिजनों के बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। शुरुआती जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन सभी संभावित पहलुओं की गंभीरता से जांच जारी है।

# झारखंड में शादी से दो दिन पहले युवक की हत्या, मंगेतर का जीजा गिरफ्तार..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***झारखंड के गिरिडीह जिले में शादी से महज दो दिन पहले 20 वर्षीय युवक की कथित तौर पर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार इस मामले में युवक की मंगेतर के जीजा को गिरफ्तार किया गया है,***

जिसने कथित प्रेम प्रसंग के चलते इस वारदात को अंजाम दिया। अधिकारियों ने बताया कि जमुआ थाना क्षेत्र के भीखोडीह गांव का रहने वाला नीरज हाजरा अपनी शादी के सिलसिले में राजस्थान से घर लौटा था, लेकिन पांच जुलाई को वह अचानक लापता हो गया। अधिकारियों ने बताया कि उसकी शादी सात जुलाई को होने वाली थी।

अधिकारियों के अनुसार बाद में उसका शव पड़ोसी राज्य बिहार के जमुई जिले के बिचकोरवा में एक सुनसान जगह से बरामद किया गया। खोरीमहुआ के अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) अमरेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी सुभाष हाजरा (30) को गिरफ्तार किया, जो बिहार के जमुई का रहने वाला है।

एसडीपीओ ने कहा, ÷पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपराध कबूल कर लिया। उसने जांचकर्ताओं को बताया कि नीरज की मंगेतर व अपनी साली के साथ पिछले दो साल से आरोपी के प्रेम संबंध थे। उसने युवती पर नीरज से रिश्ता तोड़ने का दबाव भी बनाया था, लेकिन जब युवती ने इनकार कर दिया, तो आरोपी ने नीरज की हत्या की साजिश रच डाली।' पुलिस के अनुसार, सुभाष ने कथित तौर पर चार जुलाई को नीरज को शादी से पहले 'पार्टी' देने के बहाने अपने पास बुलाया, इसके बाद दोनों बिहार के जमुई चले गए, जहां आरोपी ने नीरज को नशा कराने के बाद उसकी हत्या कर दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के पास से हत्या में इस्तेमाल किए गए दो चाकू, वारदात में इस्तेमाल किया गया स्कूटर, एक मोबाइल फोन और एक सिम कार्ड बरामद किया है।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें.. मो. 9329033433

# वियतनाम में पर्यटकों को ले जा रही नाव डूबी, 15 भारतीयों की मौत, पीएम मोदी ने जताया दुख..




डेस्क जगप्रेरणा।

***वियतनाम के फुक्कोक आइलैंड के पास कई भारतीय टूरिस्ट को ले जा रही एक नाव पलट गई। भारतीय दूतावास ने बताया कि हादसे में 15 लोगों की मौत हुई है। इनमें अधिकतर तमिलनाडु के रहने वाले हैं।***

पीएम मोदी ने भी घटना में दुख जाहिर किया है। भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'एक दुखद घटना में, कई भारतीय टूरिस्ट को ले जा रही एक नाव वियतनाम में फुक्कोक आइलैंड के पास पलट गई है।' दूतावास की तरफ से कहा गया कि जानकारी और मदद देने के लिए हो ची मिन्ह सिटी में भारत के कॉन्सुलेट जनरल और हनोई में दूतावास में कंट्रोल रूम बनाए गए हैं।

पहले कंट्रोल रूम से +84 36 281 7930, +84 91 552 37 14 और +84 33 452 0414 पर संपर्क किया जा सकता है। हनोई में दूसरे कंट्रोल रूम से +84 91 308 9165 पर संपर्क किया जा सकता है। भारतीय मिशन ने कहा कि वे किसी भी मदद और सवालों के लिए उपलब्ध हैं।

### बोट में सवार थे 36 लोग..

हादसे का शिकार हुई नाव में कुल 36 लोग सवार थे। इनमें 32 पर्यटक और चार क्रू मेंबर थे। इस हादसे में 15 लोगों की मौत हुई है, जबकि 21 लोगों को बचा लिया गया।

पीएम मोदी ने घटना पर दुख जताते हुए लिखा, 'वियतनाम के फुक्कोक के पास भारतीय नागरिकों के साथ हुए नाव हादसे की दुखद खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खो दिया, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदना है। घायलों के जल्दी ठीक होने की मेरी प्रार्थना है। हमारी एम्बेसी और कॉन्सुलेट हर मुमकिन मदद कर रहे हैं। हमारे अधिकारी भी वियतनामी अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में हैं।'

### कैसे हुआ हादसा?

फुक्कोक विशेष आर्थिक क्षेत्र के अधिकारियों ने बताया कि हादसा स्थानीय समयानुसार दोपहर एक बजे के आसपास हुआ। ओशन पीयर आइलैंड कंपनी की स्पीडबोट होन में रुट से आन थोई बंदरगाह तक पर्यटकों को ले जा रही थी। न्गोई से लगभग 400 मीटर की दूरी पर बोट पलट गई, जिससे नाव में सवार सभी लोग समुद्र में गिर गए।

पलटी हुई नाव को देखकर आसपास की टूरिस्ट बोट मदद के लिए आई। बचाव कार्य में शामिल एक बोट के मालिक ने बताया कि उनकी बोट लगभग पांच मिनट में घटनास्थल पर पहुंच गई, लेकिन बचाव अभियान में बाधा आई। कई पर्यटक पलटी हुई नाव के अंदर फंसे हुए थे और उन्हें निकालना आसान नहीं था। इस वजह से केवल कुछ ही लोगों को होश में बाहर निकाला जा सका। घटना के समय समुद्र में बड़ी-बड़ी लहरें उठ रही थीं। हालांकि, बारिश नहीं हो रही थी और अन्य पर्यटक बोट भी चल रही थीं।

# 'अगर मेरी हत्या होती है, तो ईरान भी बचने वाला नहीं है', डोनाल्ड ट्रंप ने क्यों कहा ऐसा..



डेस्क जगप्रेरणा।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि अगर ईरान उनकी हत्या करने में कामयाब हो जाता है, तो उन्होंने ईरान पर ऐसे स्तर पर बमबारी करने का आदेश दिया है, जैसा उन्होंने पहले कभी नहीं देखा होगा। 'द न्यूयॉर्क पोस्ट' से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि उन्हें लगता है कि ईरान कई सालों से उन्हें मारना चाहता था। उन्होंने कहा, ÷मैं लंबे समय से उनकी लिस्ट में रहा हूं। हमें इसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। मैंने निर्देश दिए हैं अगर कुछ भी होता है, तो उन पर ऐसे ज़ोरदार हमले किए जाएं, जैसा उन्होंने पहले कभी नहीं देखा होगा।'

इसके अलावा, जब उनसे उन रिपोर्टों के बारे में पूछा गया जिनमें कहा गया था कि इज़राइल ने ईरान की हत्या की एक नई साज़िश के बारे में खुफ़िया जानकारी साझा की है, तो ट्रम्प ने इन दावों को खारिज कर दिया। उन्होंने 'द पोस्ट' से कहा, ÷नहीं, नहीं। इज़राइल के पास ऐसी कोई जानकारी नहीं थी।÷

### ईरान ने बार बार धमकी दी है..

बता दें कि जनवरी 2020 में ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान अमेरिकी ड्रोन हमले में जनरल कासिम सुलेमानी की मौत के बाद से ईरान ने बार-बार बदला लेने की धमकी दी है। ट्रम्प की ये टिप्पणियां ऐसे समय में आई हैं जब अमेरिका और ईरान के बीच लड़ाई से पूर्ण युद्ध छिड़ने का डर बढ़ गया है। हाल के दिनों में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर हमले किए हैं; तेहरान ने होर्मुज़ में व्यावसायिक जहाजों को निशाना बनाया है, जबकि वाशिंगटन ने जवाबी हमले किए हैं। ईरान ने मध्य पूर्व में अमेरिकी ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइलें भी दागी हैं।

### ट्रंप की हत्या की साज़िश की ख़बरें..

ट्रंप की ये बातें उन मीडिया रिपोर्ट्स के बाद सामने आईं जिनमें कहा गया था कि इज़राइल ने अमेरिका के साथ ट्रंप की हत्या की एक नई और खास ईरानी साज़िश के बारे में खुफ़िया जानकारी शेयर की थी। समाचार एजेंसी ष्टहृह के मुताबिक, अमेरिकी अधिकारी कुछ समय से ट्रंप के लिए संभावित खतरों पर नज़र रखे हुए थे, लेकिन इज़राइल की ताज़ा चेतावनी एक नई और ज़्यादा खास साज़िश की ओर इशारा करती थी। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने भी रिपोर्ट दी कि खुफिया जानकारी में हत्या की एक नई साज़िश का ज़िक्र था।

# दहिसर में तैरने गए 2 कॉलेज छात्रों की डूबने से मौत, मच गया हड़कंप..



डेस्क जगप्रेरणा।

***दहिसर में तैरने गए 2 कॉलेज छात्रों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस की प्राथमिक जांच के मुताबिक, नशे की हालत में पानी में उतरने की शंका जताई गई है।***

### क्या है पूरा मामला?

मुंबई के दहिसर स्थित केतकीपाड़ा इलाके की एक झीलनुमा तालाब में तैरने गए दो कॉलेज छात्रों की डूबने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान पीयूष गुप्ता (19, कांदिवली) और ओम अंकुश सिंह (19, अंधेरी) के रूप में हुई है।

दोनों अपने दो दोस्तों के साथ झील पर गए थे। जानकारी के मुताबिक, चारों ने दो दिन पहले ही यहां तैरने आने का प्लान बनाया था। पुलिस को शक है, कि शराब पीने के बाद पानी में उतरने से यह हादसा हुआ। हालांकि, मामले की जांच जारी है।

### बोदलकसा जलाशय में भी डूबने से हुई थी 2 युवकों की मौत..

इससे पहले गोंदिया के मशहूर पर्यटन स्थल बोदलकसा जलाशय में नाव डूबने से बड़ा हादसा हो गया था और दो युवकों की मौत हो गई थी। मृतकों की पहचान मोहित वसंत रहांगडाले और कुणाल सालिकराम भोंडे के रूप में हुई थी। दोनों मृतक तिरोड़ा तहसील के ही ग्राम बरबसपुरा के निवासी थे।

इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया था और मृतकों के घरों में मातम पसर गया था। मिली जानकारी के मुताबिक, युवकों का समूह जलाशय घूमने आया था। इसी बीच ये लोग नौका विहार के लिए निकले। नाव का संतुलन बिगड़ने से नाव पलट गई और युवक गहरे पानी में चले गए। मोहित वसंत रहांगडाले और कुणाल सालिकराम भोंडे की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना को जानकर भारी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे। विधायक खुद भी मौके पर मौजूद रहे लेकिन युवक नहीं मिले। बाद में युवकों के शव बरामद हो गए।

### पानी में उतरने से पहले रहें सावधान..

जानकार मानते हैं कि अगर आपको तैरना नहीं आता है तो पानी में उतरने से बचें। फिर चाहें वो व्यक्तिगत रूप से पानी में कूदना हो या फिर नाव में नौका विहार करना। कई बार गहरे पानी में धोखा हो जाता है और इंसान अपनी जान गंवा बैठता है। ध्यान रखें कि अगर आप अच्छे तैराक हैं, फिर भी अकेले किसी गहरे पानी वाली जगह पर ना जाएं।

# दिल्ली के जसोला में इमारत ढहाने के दौरान दीवार गिरी, एक मजदूर की मौत, दो घायल..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***दिल्ली के जसोला इलाके में एक पुरानी इमारत को ढहाने के काम के दौरान एक जर्जर दीवार गिर गई, जिसके मलबे में दबकर 24 वर्षीय एक मजदूर की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।***

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, 'शुक्रवार दोपहर 1:27 बजे जसोला में इस घटना की सूचना मिली थी। पुलिस टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और पाया कि एक पुरानी और जर्जर इमारत को ढहाने का काम चल रहा था, तभी उसकी एक तरफ की दीवार अचानक ढह गई, जिससे मलबे के नीचे चार मजदूर दब गए।'

अधिकारी ने बताया कि मजदूरों को मलबे से बाहर निकालकर तुरंत अस्पताल ले जाया गया। उनमें से एक मजदूर, जिसकी पहचान विजय (24) के रूप में हुई है, की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि दो अन्य को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि एक मजदूर को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस के अनुसार, जांच दल ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने इस मामले में इमारत ढहाने का ठेका लेने वाले ठेकेदार शमशुद्दीन को हिरासत में ले लिया है, जो दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के जामिया नगर का रहने वाला है। वहीं, इमारत के मालिक खुर्शीद को गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि बदरपुर के एसडीएम ने घटनास्थल को सील कर दिया है। इस संबंध में सरिता विहार थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और जांच जारी है।








जग प्रेरणा

# खेल मनोरंजन

खेल जगत एवं बॉलीवुड व हॉलीवुड की खबरें..



# नीरू धांडा ने लोनेटो शॉटगन विश्व कप के महिला ट्रैप का स्वर्ण पदक जीता..

लोनाटो (इटली) (भाषा)।

*एशियाई चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता नीरू धांडा ने शनिवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप की महिला ट्रैप स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने करियर का पहला व्यक्तिगत विश्व कप स्वर्ण पदक जीत लिया। इसके साथ ही*



उन्होंने इस वर्ष वैश्विक स्तर पर शॉटगन स्पर्धाओं में भारत के व्यक्तिगत पदक के इंतजार को भी समाप्त कर दिया। पिछले वर्ष एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण और इस साल आईएसएसएफ विश्व कप मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य जीतने वाली 26 वर्षीय नीरू के करियर की यह अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने लगातार दो दिन बेहतरीन निशानेबाजी का प्रदर्शन किया।

मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन नीरू ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 30 में से 27 निशाने साधकर विश्वस्तरीय प्रतिस्पर्धियों को पीछे छोड़ दिया। फ्रांस की पूर्व विश्व चैंपियन कैरोल कॉर्मेनियर 25 अंकों के साथ रजत पदक जीतने में सफल रहीं, जबकि मेजबान इटली की एरिका सेसा ने कांस्य पदक अपने नाम किया।

नीरू ने क्वालिफिकेशन में भी शीर्ष स्थान हासिल किया था। उन्होंने पहले दिन के पहले तीन दौर में सभी 75 निशाने साधे थे। इसके बाद चौथे और पांचवें दौर में केवल दो-दो निशाने चूकीं और 125 में से 121 अंक हासिल कर शीर्ष स्थान के साथ फाइनल में प्रवेश किया। क्वालिफिकेशन बेहद प्रतिस्पर्धी रहा, जहां दो निशानेबाजों ने 120 अंक बनाए जबकि आठ खिलाड़ियों के फाइनल में शेष स्थान तय करने के लिए पांच खिलाड़ियों के बीच शूट-ऑफ हुआ। भारत की दूसरी निशानेबाज मनीषा कीर 125 में 117 अंक के साथ 10वें स्थान पर रहीं और फाइनल में जगह बनाने से चूक गई जबकि आशिमा अहलावत 106 निशानेबाजों के बीच संयुक्त 80वें स्थान पर रहीं। इस वर्ष जापान में होने वाले एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने की तैयारी कर रही नीरू ने फाइनल में भी अपनी शानदार लय बरकरार रखी। उन्होंने केवल तीन निशाने (दूसरा, 13वां और 25वां) गंवाए और अपने पहले विश्व कप स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।

भारत के पुरुष ट्रैप निशानेबाजों का प्रदर्शन एक बार फिर निराशाजनक रहा। एशियाई खेलों से पहले अपने अंतिम अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में कोई भी भारतीय चुनौती पेश नहीं कर सका।

अहवर रिजवी ने क्वालिफिकेशन में 125 में से 118 अंक बनाकर 208 प्रतिभागियों में संयुक्त 40वां स्थान हासिल किया। अनुभवी किनान चेनाई, जो एशियाई खेलों की भारतीय टीम का भी हिस्सा हैं, 116 अंकों के साथ संयुक्त 71वें स्थान पर रहे। शपथ भारद्वाज का प्रदर्शन भी निराशाजनक वह 113 अंकों संयुक्त 106वें स्थान पर रहे।

# 24 जुलाई को रिलीज होगा रामायण का ट्रेलर, मेकर्स ने पोस्ट कर दी खुशखबरी, बेसब्री से हो रहा इंतजार..

डेस्क जगप्रेरणा।

*'रामायण' के लिए काउंटडाउन आधिकारिक तौर पर शुरू हो गया है। फिल्म की पहली झलक ने ऑनलाइन जबरदस्त चर्चा पैदा की थी, और अब मेकर्स ने घोषणा की है कि*



इसका आधिकारिक ट्रेलर 24 जुलाई, 2026 को दुनिया भर में रिलीज किया जाएगा। पिछले कुछ दिनों से 'रामायण पार्ट 1' के ट्रेलर की रिलीज डेट को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही थीं, और अब शनिवार को मेकर्स ने आधिकारिक घोषणा कर दी है। पहली झलक ने दर्शकों को इस प्रोजेक्ट के बड़े पैमाने और विजुअल एम्बिशन **(visual ambition)** से परिचित कराया था, बिना कहानी का ज्यादा खुलासा किए। अब उम्मीद है कि ट्रेलर से फिल्म की दुनिया, इसके मुख्य किरदारों और उस महाकाव्य जैसी कहानी की बेहतर झलक मिलेगी जिसे डायरेक्टर नितेश तिवारी बड़े पर्दे पर ला रहे हैं।

## दिग्गज कलाकारों से सजी है फिल्म..

प्राचीन भारतीय महाकाव्य से प्रेरित, 'रामायण' में कई बड़े कलाकार एक साथ नज़र आएंगे, जिनमें रणबीर कपूर भगवान राम और साई पल्लवी सीता की भूमिका में हैं। यश रावण का किरदार निभाएंगे, जबकि सनी देओल हनुमान और रवि दुबे लक्ष्मण की भूमिका में दिखेंगे।

इस फिल्म को बहुत बड़े पैमाने पर बनाया जा रहा है और उम्मीद है कि यह बेहतरीन विजुअल इफेक्ट्स **(VFX)** का भरपूर इस्तेमाल करेगी, साथ ही इस सदाबहार कहानी की भावनात्मक गहराई को भी बनाए रखेगी।

## राम के फर्स्ट लुक ने लोगों में उत्सुकता जगाई..

2 अप्रैल 2026 को मेकर्स ने 'रामायण' का फर्स्ट लुक जारी किया, जिसमें पहली बार रणबीर कपूर को भगवान राम के रूप में दिखाया गया। खूबसूरती से तैयार किए गए इस टीजर को सोशल मीडिया पर फ़ैन्स से जबरदस्त सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली; कई लोगों ने फिल्म के बड़े पैमाने, **VFX** और सिनेमैटिक अंदाज की तारीफ की। दर्शकों ने इस फिल्म को महाकाव्य की एक नई व्याख्या के तौर पर देखा, और भगवान राम के रूप में रणबीर की शानदार परफॉर्मेंस चर्चा का मुख्य विषय रही।

## 2 पार्ट में रिलीज होगी फिल्म..

नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही 'रामायण' को नमित मल्होत्रा के 'प्राइम फोकस स्टूडियोज़' ने **DNEG** (कई अंतरराष्ट्रीय ब्लॉकबस्टर फ़िल्मों के लिए काम करने वाला अकादमी अवॉर्ड-विजेता विज़ुअल इफ़ेक्ट्स स्टूडियो) और यश के 'मॉन्स्टर माइंड क्रिएशन्स' के साथ मिलकर प्रोड्यूस किया है। दो हिस्सों में बनने वाले इस सिनेमैटिक इवेंट के तौर पर प्लान की गई यह फिल्म दुनिया भर में **IMAX** में रिलीज़ होगी। इसका पहला हिस्सा दिवाली 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगा, जबकि दूसरा हिस्सा दिवाली 2027 में रिलीज किया जाएगा।

# गौड़ के पांच विकेट से भारत ने महिला टेस्ट में इंग्लैंड पर कसा शिकंजा..

लंदन, (भाषा)।

*तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ने लाल गेंद क्रिकेट में अपना पहला पांच विकेट लेने का कारनामा करते हुए शनिवार को एकमात्र महिला टेस्ट के दूसरे दिन इंग्लैंड की पहली पारी को 170 रन पर समेट कर भारत ने मुकाबले पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली।*



चाय तक भारत ने दूसरी पारी में बिना विकेट गंवाए 30 रन बना लिए थे। स्मृति मंधाना (10) और शेफाली वर्मा (14) क्रीज पर थीं। पहली पारी के आधार पर 115 रन की बढ़त हासिल करने वाली भारतीय टीम ने अपनी कुल बढ़त को 145 रन तक पहुंचा दिया है।

इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट (44) और एमी जोंस (52) ने पांचवें विकेट के लिए 84 रन की जुझारू साझेदारी कर भारतीय गेंदबाजों को कुछ देर परेशान किया, लेकिन क्रांति गौड़ (37 रन पर पांच विकेट) के शानदार प्रदर्शन के आगे इंग्लैंड के बल्लेबाज टिक नहीं सकीं। भारत के दबदबे की कहानी क्रांति गौड़ की दो सत्रों में की गई घातक गेंदबाजी से लिखी गई, जिसमें उन्होंने चार अहम विकेट चटकाए। इससे पहले उन्होंने शुक्रवार शाम टैमी ब्यूमोंट को आउट किया था।

दूसरे दिन के दूसरे ओवर में ही गौड़ ने माइया बूचियेर (23) को पवेलियन भेज दिया। बाहर जाती गेंद पर बूचियेर का अधूरा शॉट विकेटकीपर यास्तिका भाटिया के हाथों में समा गया। इसके बाद एलिस कैप्सी का विकेट दिन का सबसे शानदार क्षण रहा। गौड़ की गेंद ने थोड़ी हरकत की जिससे कैप्सी चकमा खा गईं और गेंद उनके ऑफस्टंप को उखाड़ ले गई।

दूसरी ओर, तेज गेंदबाज सयाली सतघरे ने अनुभवी हीथर नाइट को अंदर आती गेंद पर पगबाधा आउट कर इंग्लैंड को 47 रन पर चार विकेट के संकट में डाल दिया।

मुश्किल स्थिति में इंग्लैंड को एक मजबूत साझेदारी की जरूरत थी और कप्तान ब्रंट और जोंस ने टीम को संभाला। जोंस ने 59 गेंदों में महिला टेस्ट क्रिकेट का अपना दूसरा अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने गौड़ और सतघरे के खिलाफ शानदार ड्राइव और पुल शॉट लगाए।

ब्रंट ने सहयोगी भूमिका निभाई, लेकिन मौके मिलने पर आक्रामक अंदाज भी दिखाया। उन्होंने गौड़ की गेंद पर चौका लगाया और बाद में स्पिनर स्नेह राणा की गेंद पर स्लॉग स्वीप के जरिए छक्का जड़कर भारत की बढ़त को कम करने की कोशिश की।

यह साझेदारी ज्यादा देर नहीं टिक सकी। जोंस ने राणा की गेंद को हल्के हाथों से लेग साइड में मोड़ने का प्रयास किया, लेकिन गेंद बल्ले के ऊपरी हिस्से से लगकर शॉर्ट लेग पर खड़ी ऋचा घोष के हाथों में चली गई।

इसके बाद क्रांति गौड़ ने लॉरेन बेल का विकेट लेकर अपना पांच विकेट का शानदार प्रदर्शन पूरा किया। गौड़ के अलावा ऑफस्पिनर स्नेह और तेज गेंदबा सतघरे ने भी दो-दो विकेट लेकर इंग्लैंड की पारी समेटने में अहम योगदान दिया। इंग्लैंड ने दूसरे सत्र में महज 33 रन के भीतर पांच विकेट गंवा दिए, जिससे भारतीय टीम ने मैच पर अपनी पकड़ और मजबूत कर ली।

# दिग्गज गायिका एस जानकी का निधन, 88 की उम्र ली आखिरी सांस, इंडस्ट्री में शोक की लहर..

डेस्क जगप्रेरणा।

*दक्षिण भारत की 'नाइटिंगेल' के नाम से मशहूर दिग्गज प्लेबैक सिंगर एस. जानकी का निधन हो गया है। उन्होंने 88 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। इस खबर से पूरी दक्षिण भारतीय फिल्म इंडस्ट्री और संगीत प्रेमियों के बीच शोक की लहर है।*



एस जानकी के निधन की खबर के बाद कई सितारों ने सोशल मीडिया के जरिए उन्हें श्रद्धांजलि दी और दुख व्यक्त किया। दिग्गज गायिका अपने पीछे कई दशकों तक फैले संगीत की एक असाधारण विरासत छोड़ गई हैं।

## एस जानकी का निधन..

एस जानकी ने कर्नाटक के मैसूर स्थित अपोलो अस्पताल में अपनी आखिरी सांस ली। फिलहाल उनके निधन की वजह सामने नहीं आई है, लेकिन बताया जा रहा है कि वह लंबे समय से उम्र संबंधी समस्याओं से जूझ रही थीं, जिसके चलते आज, 11 जुलाई 2026 को उन्होंने हमेशा-हमेशा के लिए इस दुनिया को अलविदा कह दिया। इस खबर से दिग्गज गायिका के फैंस भी सदमे में हैं और सोशल मीडिया के माध्यम से अपना दुख जाहिर कर रहे हैं।

## एस जानकी का करियर..

आंध्र प्रदेश के पल्लापतला में जन्मीं एस. जानकी ने 1957 में 'विधिइन विलायट्टु' फिल्म से अपने प्लेबैक सिंगिंग करियर की शुरुआत की और अपने करियर में 20 भाषाओं में 48 हजार से ज्यादा गाने गाए और अपनी मधुर आवाज से लाखों दिल जीते। उन्होंने तमिल, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम और हिंदी भाषाओं में गाने गाए और भारतीय संगीत के इतिहास की सबसे महान

और प्रभावशाली गायिकाओं में से एक बनकर उभरीं। भारतीय भाषाओं के साथ-साथ उन्होंने अंग्रेजी, जापानी और जर्मन भाषाओं में भी अपनी आवाज का जादू बिखेरा। उन्हें दक्षिण भारत की 'नाइटिंगेल' के साथ-साथ जानकी अम्मा और 'दक्षिण भारत की कोकिला' के रूप में भी जाना जाता था।

## छह दशक तक म्यूजिक इंडस्ट्री पर किया राज..

एस. जानकी का करियर 6 दशक से ज्यादा लंबे समय तक चला और 2016 में उन्होंने फिल्म और स्टेज परफॉर्मेंस के लिए सिंगिंग से संन्यास का ऐलान कर दिया।

हालांकि, 2018 में उन्होंने फिर वापसी की और फिल्म 'पन्नादी' के लिए अपनी आवाज दी। संगीत जगत में उनके योगदान के लिए उन्हें 4 राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और 33 विभिन्न राज्य फिल्म पुरस्कार से नावाजा गया।

# प्रिथिका ने पहला विश्व कप कांस्य जीता, टीम स्पर्धा में रजत पदक से हासिल की दोहरी सफलता

मैड्रिड, (भाषा)।

*भारत की 17 वर्षीय तीरंदाज प्रिथिका प्रदीप ने शानदार वापसी करते हुए दुनिया की 11वें नंबर की तीरंदाज तुर्किए की हजल बुरुन को 145-142 से हराकर मैड्रिड तीरंदाजी विश्व कप के चौथे चरण में अपने करियर का पहला व्यक्तिगत कांस्य पदक जीता।*

उन्होंने इसके साथ ही एक ही दिन में भारत के लिए दो पदक जीतकर यादगार प्रदर्शन किया। प्रिथिका ने ज्योति सुरेखा वेन्नम और चिकिथा तनीपार्थी के साथ मिलकर महिला कंपाउंड टीम स्पर्धा में भारत को रजत पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। अपने पहले विश्व कप पदक मुकाबले में उन्होंने दबाव के बावजूद शानदार संयम दिखाया। पिछड़ने के बावजूद उन्होंने शानदार वापसी करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया।

यह भारत के नए अमेरिकी कंपाउंड कोच डेव कजिंस के मार्गदर्शन में शानदार शुरुआत रही। कजिंस मैड्रिड विश्व कप से ठीक पहले भारतीय टीम से जुड़े थे।

इससे पहले महिला कंपाउंड टीम फाइनल में भी प्रिथिका भारत की सबसे सफल तीरंदाज रहीं। उन्होंने लगातार 10 अंक के निशाने लगाए जबकि अनुभवी ज्योति सुरेखा वेन्नम और चिकिथा तनीपार्थी अपनी लय हासिल नहीं कर सकीं।

इस तरह भारत निर्णायक क्षणों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाया और उसे कोलंबिया से 228-232 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

भारत ने इस तरह कंपाउंड वर्ग में अपने अभियान का समापन दो पदकों के साथ किया। अब रविवार को रिकर्व वर्ग में भारतीय तीरंदाजों के पास दो और पदक जीतने का मौका होगा।

एक अन्य किशोरी तीरंदाज कीर्ति शर्मा भी दोहरा पदक जीतने की उम्मीद लगाए हुए हैं।

कीर्ति रिकर्व मिश्रित टीम के कांस्य पदक मुकाबले में भारत के नंबर एक तीरंदाज धीरज बोम्मदेवरा के साथ उतरेंगी। साथ ही कीर्ति महिला व्यक्तिगत स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं तो एक और जीत से उनका एक और पदक सुनिश्चित हो जाएगा।

महिला कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा के सेमीफाइनल में प्रिथिका को मलेशिया की फातिन नूरफतेहाह मत सालेह के खिलाफ 142-144 से करीबी हार का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद उन्हें कांस्य पदक मुकाबला खेलना पड़ा।

अपने करियर के पहले विश्व कप पदक मुकाबले में प्रिथिका शुरुआत में दबाव में नजर आईं। तुर्की की बुरुन ने पहले ही दौर में लगातार तीन सटीक 10 लगाकर बढ़त बना ली और प्रिथिका 28-30 से पीछे हो गईं।

भारतीय तीरंदाज ने हालांकि शानदार संयम दिखाया। दूसरे दौर में उन्होंने 29-28 से बढ़त बनाकर अंतर कम किया और तीसरे दौर में तीनों तीरों पर सटीक निशाना लगाते हुए स्कोर 87-87 से बराबर कर दिया।

अंतिम तीर पर उन्हें जीत सुनिश्चित करने के लिए कम से कम आठ अंक की जरूरत थी, लेकिन प्रिथिका ने दबाव को मात देते हुए शानदार परफेक्ट 10 लगाया और अपने करियर का पहला विश्व कप कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया।

विश्व रैंकिंग में तीसरे नंबर पर काबिज भारतीय टीम ने अप्रैल में मैक्सिको के पुएब्ला में आयोजित तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण में स्वर्ण पदक जीता था। हालांकि इस बार वह दुनिया की 14वें नंबर की कोलंबिया के सामने कोई खास चुनौती पेश नहीं कर सकी। कोलंबियाई टीम ने शानदार वापसी करते हुए पूरे दबदबे के साथ खिताब अपने नाम किया।

सत्रह वर्षीय प्रिथिका ने छह बार 10 अंक का निशाना लगाया। हालांकि टीम की सबसे बड़ी निराशा अनुभवी ज्योति सुरेखा वेन्नम का खराब प्रदर्शन से हुई जिन्होंने अपने आठ तीरों में केवल तीन बार 10 अंक हासिल किए जिससे भारत मुकाबले में प्रभावी चुनौती नहीं दे सका।

कोलंबिया की ओर से अलेजांद्रा उस्कियानो ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए लगातार आठ बार 10 अंक का निशाना साधा और यही दोनों टीमों के बीच सबसे बड़ा अंतर साबित हुआ।

दुनिया की सातवें नंबर और पूर्व विश्व चैंपियन सारा लोपेज का प्रदर्शन अपेक्षाकृत उतार-चढ़ाव भरा रहा, लेकिन उस्कियानो की शानदार तीरंदाजी की बदौलत कोलंबिया पूरे मुकाबले में नियंत्रण बनाए रखने में सफल रहा।

# कुशाल टंडन के सपोर्ट में उतरी बहन टीना, श्रेया कालरा के आरोप पर तोड़ी चुप्पी..

डेस्क जगप्रेरणा।

*'लॉक अप: सच या सजा' के हालिया एपिसोड में श्रेया कालरा ने दावा किया कि एक्टर कुशल टंडन ने शिवांगी जोशी को धोखा देकर उनके साथ रिश्ता बनाया था। कुशल अभी 'अलायंस' में हैं और श्रेया के दावों पर अपना पक्ष नहीं रख पा रहे हैं।*



वहीं उनकी बहन टीना टंडन उनके बचाव में सामने आई हैं। उन्होंने फैंस से अपील की है कि वे किसी नतीजे पर पहुंचने से पहले कुशल का पक्ष भी सुनें। उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'मैं इसलिए बोल रही हूं ताकि सच शोर-शराबे में खो न जाए।'

## बहन टीना ने कुशल टंडन का किया बचाव.

शुक्रवार को कुशल टंडन की बहन टीना टंडन ने इंस्टाग्राम पर अपने भाई का बचाव किया। उन्होंने लिखा, 'अफवाहें तो उड़ती रहती हैं, लेकिन सच अपनी जगह मजबूती से खड़ा रहता है। मैं आम तौर पर ऐसी बातों पर सार्वजनिक रूप से कुछ नहीं कहती, लेकिन मेरे भाई कुशल और उनके पुराने रिश्ते के बारे में हाल ही में कही गई बातें सच नहीं हैं। ज्यादा से ज्यादा ये कहानी का सिर्फ एक पहलू हो सकता है।' उन्होंने आगे कहा, 'क्योंकि वह शो में हैं और खुद जवाब नहीं दे सकते इसलिए मैं सभी से गुजारिश करती हूं कि वे दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद ही कोई राय बनाएं। निष्पक्षता यहीं से शुरू होती है। उन सभी का शुक्रिया जो अंदाज़ा लगाने के बजाय समर्थन चुन रहे हैं।'

## बहन टीना ने कुशल टंडन का किया बचाव..

शुक्रवार को कुशल टंडन की बहन टीना टंडन ने इंस्टाग्राम पर अपने भाई का बचाव किया। उन्होंने लिखा, 'अफवाहें तो उड़ती रहती हैं, लेकिन सच अपनी जगह मजबूती से खड़ा रहता है। मैं आम तौर पर ऐसी बातों पर सार्वजनिक रूप से कुछ नहीं कहती, लेकिन मेरे भाई कुशलऔर उनके पुराने रिश्ते के बारे में हाल ही में कही गई बातें सच नहीं हैं। ज्यादा से ज्यादा ये कहानी का सिर्फ एक पहलू हो सकता है।' उन्होंने आगे कहा, 'क्योंकि वह शो में हैं और खुद जवाब नहीं दे सकते इसलिए मैं सभी से गुजारिश करती हूं कि वे दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद ही कोई राय बनाएं। निष्पक्षता यहीं से शुरू होती है। उन सभी का शुक्रिया जो अंदाज़ा लगाने के बजाय समर्थन चुन रहे हैं।'

## श्रेया कालरा ने कुशाल टंडन की खोली पोल..

उनका यह बयान तब आया, जब श्रेया कालरा ने दावा किया कि कुशल ने उन्हें सोशल मीडिया पर ष्ठरूकिया था और उनके साथ फ्लर्ट किया था, जबकि उस समय वह अपने शो 'बरसातें ङ्क मौसम प्यार का' के प्रोमो की शूटिंग के बाद शिवांगी को डेट कर रहे थे। श्रेया ने आगे दावा किया कि उस समय कुशल और शिवांगी पहले से ही एक-दूसरे के साथ रिश्ते में थे। हालांकि, उन्हें शुरू में इस बात की जानकारी नहीं थी। उन्होंने दावा किया कि जैसे ही उन्हें उनके रिश्ते के बारे में पता चला वह पीछे हट गईं।

श्रेया ने यह भी आरोप लगाया कि जब वह बाद में शो के सेट पर शिवांगी से मिलीं तो एक्ट्रेस ने उन्हें बताया कि कुशल ने दावा किया था कि श्रेया ने ही सबसे पहले उन्हें सोशल मीडिया पर मैसेज और फॉलो किया था।

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433



जग प्रेरणा

# साहित्य अभिव्यक्ति





दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433

## नशा मुक्त भारत – 2029 –औषधीय (अदरक, इलायची और पुदीने के टिंचर) क़ी आड़ में छिपतें नशे पर कानून का डंडा –औषधि नियम, 1945 में ऐतिहासिक संशोधन – व्यापक विश्लेषण..

वैश्विक स्तरपर दवा और मादक पदार्थों के बीच की धुंधली होती लकीर वर्तमान समय में वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए एक अभूतपूर्व चुनौती बन चुकी है। पारंपरिक रूप से समाज जिन रसायनों को चिकित्सा,शारीरिक रिकवरी और उपचार का माध्यम मानता आया है,आज वही रसायन एक छिपे हुए वैश्विक महामारी के रूप में युवा पीढ़ी को अपनी गिरफ्त में ले रहे हैं। इस गंभीर संकट को भांपते हुए,भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने एक युगांतकारी कदम उठाते हुए औषधि नियम,1945 में ऐतिहासिक संशोधन किया है।भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा आधिकारिक गज़ट नोटिफिकेशन 8 जुलाई 2026 (ज़ी.एस.आर.607(ई) को जारी किया गया,आधिकारिक गज़ट में प्रकाशित होने के बाद, इन नए सख्त नियमों को देश भर में पूरी तरह प्रभावी होने के लिए छह महीने का समय दिया गया है। इस प्रकार, दवा निर्माताओं और फार्मेसियों के लिए यह संशोधन जनवरी 2027 से अनिवार्य रूप से लागू माना जाएगा ताकि तब तक उद्योग जगत पैकेजिंग और फॉर्मूलेशन में आवश्यक बदलाव कर सके इस नए कानून के तहत अब ऐसी सभी ओरल लिक्विड (तरल) दवाएं, जिनमें एथिल अल्कोहल की मात्रा 12 प्रतिशत वी /वी से अधिक है और जिनकी पैकिंग 30 मिलीलीटर से बड़ी है,उन्हें पूरी तरह से नियंत्रित करते हुए शेड्यूल एच1 के दायरे में ला दिया गया है। इस कठोर विनियामक हस्तक्षेप का प्राथमिक और मूल उद्देश्य देश में कफ सिरप, टॉनिक, पाचक द्रव्यों और अन्य सुगंधित औषधीय मिश्रणों के रूप में धड़ल्ले से किए जा रहे गैर- चिकित्सीय नशे और फार्मास्युटिकल दुरुपयोग की जड़ों पर प्रहार करना है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र अधिवक्ता होने के नाते बता दूं क़ि नशे के आदी लोगों और विशेषकर किशोरों द्वारा कानून की कमियों का फायदा उठाकर किया जाने वाला यह दुरुपयोग केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक वैश्विक विनियामक चिंता का विषय रहा है। लंबे समय से कुछ विशिष्ट औषधीय फॉर्मूलेशन,जैसे कि अदरक, इलायची और पुदीने के टिंचर तथा कई पारंपरिक स्वास्थ्य टॉनिक, औषधि नियम,1945 के शेड्यूल क़े, के तहत लाइसेंसिंग आवश्यकताओं से पूरी तरह मुक्त थे।इस छूट कापरिणाम यह हुआ कि जिन दवाओं में अल्कोहल की सांद्रता 80 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक थी,वे भी बाजार में बिना किसी सख्त निगरानी के ओवर-द- काउंटर यानी बिना पर्ची के आसानी से उपलब्ध थीं। कई राज्य सरकारों द्वारा इस पर गहरी चिंता जताए जाने के बाद केंद्र सरकार ने शेड्यूल क़े से इस छूट को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया है, जिससे अब इन दवाओं के निर्माण, भंडारण और वितरण के लिए औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के तहत अनिवार्य रूप से लाइसेंस लेना होगा। यह संशोधन सीधे तौर पर उस छिपे हुए और सामाजिक रूप से स्वीकृत नशे की आपूर्ति श्रृंखला को तोड़ता है, जो बिना किसी रोक-टोक के समाज में सटीकता से जहर घोल रही थी।

साथियों बात अगर हम विशिष्ट विनियामक कानूनीधाराएं और दंडात्मक प्रावधानइस कानून को जमीन पर सख्ती से लागू करने के लिए सरकार ने इसे औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम,1940 ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट ,1940 के दंडात्मक प्रावधानों से जोड़ा है। अधिनियम की धारा 18(सी) के तहत बिना वैध निर्माण या बिक्री लाइसेंस के इन दवाओं का भंडारण या वितरण करना एक संज्ञेय और गैर- जमानती अपराध माना जाएगा। नए संशोधनों के तहतःशेड्यूल एच1 नियमों के प्रथम उल्लंघन परः यदि कोई केमिस्ट या फार्मासिस्ट पहली बार बिना डॉक्टर के पर्चे के 12 प्रतिशत से अधिक अल्कोहल वाली दवा बेचते या बिक्री का 3 वर्ष का रिकॉर्ड न मेंटेन करते हुए पकड़ा जाता है, तो राज्य दवा नियामक प्राधिकरण द्वारा उसका लाइसेंस 15 से 30 दिनों के लिए निलंबित किया जा सकता है।बार-बार नियमों का उल्लंघन करने परः यदि कोई रिटेलर जानबूझकर नियमों की अवहेलना जारी रखता है, तो अधिनियम की धारा 27(डी) के तहत उसका दुकान लाइसेंस स्थायी रूप से रद्द किया जा सकता है। इसके साथ ही उसे न्यूनतम 3 वर्ष से लेकर अधिकतम 5 वर्ष तक की जेल की सजा और कम से कम 1 लाख रुपये का भारी वित्तीय जुर्माना भी भुगतना पड़ सकता है।सिंडिकेट या थोक डायवर्जन के मामले मेंः यदि जांच में यह साबित होता है कि किसी डिस्ट्रीब्यूटर या मैन्युफैक्चरर ने जानबूझकर नशे के सिंडिकेट को लाभ पहुंचाने के लिए थोक स्तर पर इन दवाओं की काला बाजारी की है, तो अपराध की गंभीरता को देखते हुए धारा 27(ए ) के तहत आजीवन कारावास तक की कड़ी सजा का प्रावधान सटीकता से लागू हो सकता है।

साथियों, समकालीन विश्व में मादक पदार्थों के सेवन के तरीकों में एक बड़ा पैराडाइम शिफ्ट या संरचनात्मक बदलाव देखा गया है। अब पारंपरिक अवैध ड्रग्स जैसे हेरोइन, चरस या कोकीन के बजाय, युवा वर्ग कानूनी रूप से उपलब्ध फार्मास्युटिकल दवाओं के दुरुपयोग की ओर तेजी से आकर्षित हो रहा है। इसके पीछे मुख्य कारण इन दवाओं का अत्यंत सस्ता होना, आसानी से मेडिकल स्टोर पर मिल जाना, गंधहीन होना और पारंपरिक नशीले पदार्थों की तरह पकड़े जाने का सामाजिक कलंक या कानूनी डर न होना है। कफसिरप (जैसे कोडीन आधारित या उच्च अल्कोहल युक्त सिरप) और रिस्टोरेटिव टॉनिक का अत्यधिक मात्रा में सेवन कर तत्काल हाई प्राप्त करना एक वैश्विक फैशन बन चुका है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस प्रवृत्ति को फार्मा-विडिंग या औषधीय नशे के रूप में वर्गीकृत किया गया है, जहां लोग मानसिक तनाव,अकेलेपन या तात्कालिक आनंद के लिए दवाओं की पूरी की पूरी बोतलें एक बार में पी जाते हैं।

साथियो,नशे के इस नए चलन ने चिकित्सा विज्ञान, समाज शास्त्रियों और नीति निर्माताओं को समान रूप से गहराई से चिंतित किया है। उच्च अल्कोहल सांद्रता वाली ये दवाएं, जब बिना किसी चिकित्सीय आवश्यकता के अत्यधिक मात्रा में शरीर में जाती हैं, तो यह सीधे केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करती हैं और व्यक्ति की निर्णय क्षमता को शून्य कर देती हैं। लंबे समय तक इस तरह का सेवन करने से लीवर सिरोसिस, किडनी का फेल होना, क्रोनिक गैस्ट्राइटिस, हृदय संबंधी विसंगतियां और गंभीर मानसिक विकार जैसे अपरिवर्तनीय स्वास्थ्य जोखिम उत्पन्न होते हैं। कई मामलों में, किशोर इन कफ सिरप और टॉनिकों को अन्य सिंथेटिक दवाओं, अवसादरोधी गोलियों या नशीली गोलियों के साथ मिलाकर एक जानलेवा कॉकटेल तैयार करते हैं। यह प्रवृत्ति न केवल किसी एक देश की सीमा तक सीमित है, बल्कि दक्षिण एशिया, अफ्रीका और अमेरिकी महाद्वीपों में भी इसी तरह के फार्मास्युटिकल उत्पादों के डायवर्जन (गलत इस्तेमाल के लिए वितरण) की गंभीर घटनाएं लगातार अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सटीकता से रिपोर्ट की गई हैं।

साथियों, सार्वजनिक स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से देखा जाए तो सरकार का यह संशोधन एक अभेद्य सुरक्षा कवच की तरह काम करेगा। चिकित्सा जगत में दवाओं का उपयोग हमेशा तर्कसंगत,नियंत्रित और साक्ष्य- आधारित होना चाहिए, न कि उपभोक्ता की सनक पर आधारित।जब सामान्य नागरिक सर्दी-खांसी, सामान्य थकान या मामूली कमजोरी के लिए खुद ही मेडिकल स्टोर से जाकर उच्च अल्कोहल युक्त हैवी टॉनिक खरीदकर पीने लगते हैं, तो वे अनजाने में ही अपनी शारीरिक प्रणालियों को गंभीर खतरे में डाल रहे होते हैं।

स्व- दव की इस घातक आदत के कारण वास्तविक बीमारी के लक्षण तो कुछ समय के लिए छिप जाते हैं, लेकिन अंदर ही अंदर शरीर को अल्कोहल और अन्य रसायनों की गंभीर लत लग जाती है।इस संशोधन के माध्यम से सरकार ने एक बेहद स्पष्ट और कड़ा संदेश दिया है कि जन स्वास्थ्य की रक्षा किसी भी व्यावसायिक लाभ या औद्योगिक सुगमता से बहुत ऊपर है, इन दवाओं को 'शेड्यूल एच 1 में स्थानांतरित करने से यह सुनिश्चित होगा कि कोई भी व्यक्ति केवल और केवल डॉक्टर की लिखित सलाह पर ही इनका उपभोग कर सकेगा। यह कदम अंततः समाज में दवाओं के प्रति एक जिम्मेदार और सचेत व्यवहार विकसित करेगा। जब दवाओं की उपलब्धता को वैज्ञानिक आधार पर तर्कसंगत बनाया जाता है, तो इसके दीर्घकालिक परिणाम देश के स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे पर पड़ने वाले वित्तीय, सामाजिक और प्रशासनिक बोझ को कम करने के रूप में सटीकता से सामने आते हैं। साथियों संशोधन के विनियामक प्रशासनिक और तकनीकी पहलुओं को समझना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि यह देश की पूरी दवा वितरण प्रणाली को एक पारदर्शी और जवाबदेह ढांचे में ढालता है।

औषधि नियम, 1945 के तहत शेड्यूल एच1 को विशेष रूप से उन दवाओं की सख्त निगरानी के लिए पेश किया गया था, जिनके दुरुपयोग या एंटीबायोटिक प्रतिरोध पैदा करने की संभावना सबसे अधिक होती है। उच्च अल्कोहल वाली ओरल दवाओं को इस श्रेणी में शामिल करने के बाद अब देश के प्रत्येक फार्मासिस्ट या केमिस्ट को एक अलग, विशेष रजिस्टर बनाए रखना होगा। इस रजिस्टर में दवा खरीदने वाले मरीज का नाम, उसका पूरा पता, संपर्क सूत्र, प्रिस्क्रिप्शन लिखने वाले डॉक्टर का नाम, उनकी डिग्री तथा बेची गई दवा की सटीक तारीख व मात्रा दर्ज करनी होगी। इस पूरे भौतिक और डिजिटल रिकॉर्ड को न्यूनतम तीन वर्षों तक ड्रग इंस्पेक्टर्स की औचक जांच के लिए सुरक्षित रखना अनिवार्य है।

साथियों, यह व्यापक डेटा ट्रेल आपूर्ति श्रृंखला में किसी भी प्रकार के लीकेज,ब्लैक मार्केटिंग या थोक डायवर्जन को पूरी तरह से असंभव बना देता है। यदि कोई मेडिकल स्टोर अवैध रूप से इन दवाओं की बड़ी खेप किसी नशे के सिंडिकेट या अवैध वितरकों को बेचता है, तो रिकॉर्ड में विसंगति आते ही वह कानून के शिकंजे में आ जाएगा। इस प्रकार, विनियामक ढांचे में किया गया यह बदलाव केवल कागजी न होकर जमीन पर एक ठोस प्रशासनिक पकड़ सुनिश्चित करता है। इसके साथ ही, इस कानून का उल्लंघन करने वाले फार्मेसियों के खिलाफ भारी जुर्माना, लाइसेंस निलंबन और आपराधिक मुकदमे तक का प्रावधान किया गया है, जो वितरकों के मन में एक विनियामक भय पैदा करेगा।

दवाओं के जरिए होने वाले नशे का सबसे दर्दनाक पहलू इसका सामाजिक ताने- बाने और पारिवारिक स्थिरता पर पड़ने वाला विनाशकारी प्रभाव है। पारंपरिक मादक पदार्थों जैसे शराब, गांजा या अफीम के सेवन पर समाज में एक गहरी सामाजिक बंदिश और शर्मिंदगी होती है, जिसके कारण कई लोग इसकी शुरुआत करने से हिचकिचाते हैं। इसके विपरीत, चूंकि कफसिरप या हेल्थ टॉनिक आकर्षक पैकिंग में दवा की बोतलों में आते हैं, इसलिए कई बार परिवारों को बहुत देर से पता चलता है कि उनका बच्चा किसी गंभीर नशे की गिरफ्त में आ चुका है। यह साइलेंट एडिक्शन मध्यम और निम्न-मध्यम वर्गीय परिवारों को आर्थिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से पूरी तरह तबाह कर देता है, जिससे घरेलू हिंसा और अपराधों में भी वृद्धि होती है।

साथियों, जब सरकार इन उत्पादों की खुदरा बिक्री पर कड़ा पहरा लगाती है, तो इसका सीधा और सकारात्मक प्रभाव पारिवारिक स्थिरता और युवाओं के भविष्य पर पड़ता है। यह कानून उन लाखों माता-पिता के लिए एक बहुत बड़ी राहत है जो अपने बच्चों को इस छिपी हुई लत से बचाने के लिए थका देने वाला संघर्ष कर रहे थे। व्यावसायिक और फार्मास्युटिकल सप्लाई चेन में पारदर्शिता आने से उन असामाजिक तत्वों के हौसले पस्त होंगे जो मोटी कमाई करने के लिए मेडिकल स्टोर्स के माध्यम से समाज में नशे की अनधिकृत आपूर्ति करते थे।

सामाजिक जवाबदेही का यह स्तर एक सुरक्षित, स्वस्थ और प्रगतिशील राष्ट्र के निर्माण के लिए अत्यंत अपरिहार्य माना जाता है।किसी भी बड़े नीतिगत या विनियामक बदलाव की तरह, इस संशोधन को भी जमीनी स्तर पर शत-प्रतिशत सफल बनाने के लिए कई व्यावहारिक और परिचालन संबंधी चुनौतियों से पार पाना होगा। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में, जहां ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य साक्षरता अभी भी एक चुनौती है, इन नियमों को पूरी तरह लागू करने में कई प्रशासनिक बाधाएं आ सकती हैं। सबसे बड़ी चुनौती सामान्य बीमारियों जैसे खांसी-जुकाम या कमजोरी के लिए खुद से दवा खरीदने की पुरानी उपभोक्ता आदत को बदलना है। इसके लिए सरकार को व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने होंगे और क्षेत्रीय भाषाओं में विज्ञापनों के जरिए लोगों को यह समझाना होगा कि यह पाबंदी उनके स्वास्थ्य के हित में है।

अतःअगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क़ि औषधि नियम,1945 में किया गया यह संशोधन केवल एक तकनीकी विधायी परिवर्तन या प्रशासनिक आदेश नहीं है, बल्कि यह सार्वजनिक स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की राज्य की संप्रभु प्रतिबद्धता का एक ज्वलंत उदाहरण है।दवाओं में अल्कोहल की सांद्रता और पैकिंग के आकार को कड़े विनियामक नियमों के दायरे में लाकर सरकार ने देश की अमूल्य युवा शक्ति को फार्मास्युटिकल नशे के आत्मघाती चंगुल में फंसने से बचाने के लिए एक मजबूत और अभेद्य सुरक्षा दीवार खड़ी कर दी है।


यह कानून आने वाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और मानसिक विकास को सुनिश्चित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।इस दूरदर्शी नीति की अंतिम सफलता अब इसके त्रिपक्षीय कार्यान्वयन और सामूहिक सहभागिता पर निर्भर करती है–जिसमें सरकार की सख्त और निष्पक्ष निगरानी, फार्मासिस्टों की व्यावसायिक व नैतिक ईमानदारी और आम जनता की सचेत जागरूकता शामिल है जब समाज, चिकित्सक और नियामक संस्थाएं एक साझा लक्ष्य के साथ मिलकर काम करेंगी, तभी हम एक ऐसे सशक्त और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर पाएंगे जहां दवाएं केवल जीवन बचाने, पीड़ा कम करने और स्वास्थ्य सुधारने का पवित्र माध्यम होंगी, न कि किसी नशे, अपराध या पारिवारिक बर्बादी का जरिया।

रचनाकार



एडव्होकेट किशन भगनानी गोंदिया

## शब्दवर्गपहेली क्र.- 214



Åij I। uhp। ।& 1) अच्छा चाल चलन 2) हिमालय पर्वत में स्थित प्रसिद्ध तीर्थक्षेत्र 3) अवस्था, वर्तमान काल 5) बनाने की क्रिया, निर्माण 6) परत, बाघ या शेर की मांद 7) सम्पत्ति आदि स्वत्व या स्वामित्व विधिवत दूसरे को देना 8) आमदनी, लाभ 9) आद्योपान्त, पूर्णतया 10) वह व्यंजन जिसमे नमक हो 11) व्यंग, ताना 12) जो जायज या उचित न हो 14) शर्विलक 16) देनेवाला, दानवीर 19) बुरी आदत, दुर्गुण 20) झगड़ा, हुज्जत, विवाद 21) आकारयुक्त रुप, मूर्तिमान 23) पारद, पारा, महादेव 24) वरुण के एक अस्त्र का नाम 28) अच्छी तरह कल्पना या चिंतन किया हुआ 29) हिन्दुओं के अठराह पुराणों में से एक महापुराण 32) बुद्धी, इच्छा 33) एक प्रकार का खनिज द्रव्य, खारा 34) छोटे छोटे फूलदार पौधे लगाने का मिट्टी का पात्र 36) पद का शेष, पद का अन्त 37) बोझ ढोनेवाला, भार उठानेवाला 40) अपने स्थान से सरकना, समय बीतना 42) पांच वर्ष का बालक, पुत्र 43) लाया हुआ, प्राप्त, स्थापित 44) पानी भरने का घाट 45) मौका, समय 47) याग 52) किसी वस्तु का नीचे का भाग 53) दूसरों की नकल करना 55) रामायण के वह राजा जिन्होने अनजाने में श्रवण की हत्या की थी 56) धीरे से भाग जाना 58) मरणोपरान्त अपनी सम्पत्ति विभाजन निर्धारित करने का लेख्यपत्र 59) कर्कश शब्द, कड़ुई बोली 60) गन्ध, वास 61) वह जिसकी आंखे कमल समान हो 63) रखवाली करनेवाला 65) किसी कड़े पदार्थ के टूटने का शब्द, उपवास 68) बायां, प्रतिकूल 72) नाखुष, निराश 73) नयापन, नई बेल 76) अपना लगने का भाव, प्रीति, प्रेम 77) झुठा ठहराना 79) गाना, विशेष प्रकार का गीत 81) मध्य प्रदेश से बहनेवाली एक नदी 83) बीता हुआ समय 85) धागा लपेटने की छोटी नली 86) दुर्बल स्त्री 88) जानवर, पशु 91) रामायण में सीताहरण के समय रावण को विरोध करनेवाला एक पक्षी 93) अनेक छोटे बड़े जहाजों का समुदाय 94) घर्षण, अत्यन्त परिश्रम 95) बड़े भाई का एक संबोधन 97) पति, प्रेमी 101) बुरी आदत 102) स्त्री, महिला 104) एक निर्देशकारक शब्द जिससे दूर की वस्तुओं का संकेत किया जाता है 106) रिश्ता, लगाव (जवाब अगले अंक में)

ck;s ls nk;s ।& 1) जो सर्वदा हरा बना रहे, सदा खुश रहनेवाला 4) भय से उत्पन्न कंपकंपी 8) एकाएक कोई बड़ी विपत्ती आना 13) टुकड़ा, पौधों का पत्ता 15) गूढ़ पुरुष, भेदिया 16) गोल घेरा, क्षेत्र 17) मेरा या मेरी (सं.) 18) किसी को फंसाने की युक्ति, मछली पकड़ने का जाल 20) युं ही या व्यर्थ किसी को ललचाना 22) व्याकुलता, घबड़ाहट 24) फिल्म या कथा का मुख्य पात्र 25) विष्णुजी का एक नाम 26) साहित्य में रसों की संख्या 27) द्रव, स्वाद 28) इन्द्र, सूर्य 30) विलक्षण बात या कार्य, आफत 31) बुधकौशिक ऋषी द्वारा रचित श्रीरामजी का एक स्तोत्र34) गजानन, गणपति 35) स्वीय भाव, अपना अस्तित्व, घमंड 37) सरस्वती, संन्यासियों के दस उपाधियों में से एक 38) रिवाज 39) बरगद का पेड़ 41) महाभारत में कौरवों के मामा 44) स्थानान्तर, दूसरा पद 46) योग्य, समर्थ, उपयुक्त 48) सप्त पातालों में से एक 49) पराजय, हारना 50) झुका हुआ 51) गंगा के किनारे का एक प्राचीन जनपद, जहां महाभारत में वर्णित लाक्षागृह बनाया गया था 54) शब्द, आवाज 56) सहित, साथ मिलकर 57) सिकुड़न 60) भू लोक, पृथ्वी 62) बाण 64) एकाग्र दृष्टि 66) गधा, गर्दभ 67) हलवाहा, किसान 69) बारह राशियों में से एक 70) भस्म, राखी 71) चिट्ठियों को ले आने और ले जाने की सरकारी व्यवस्था 73) नीती, न्याय, नम्रता 74) कान में पहनने का एक प्रकारका एक गहना 75) स्थल, ठिकाना 77) नम्र करना, विनीत करना 78) रात्र, निशा 80) देश, राज्य 82) पर्वत, पहाड़ 84) गफलत करनेवाला, असावधान 86) कभी जीर्ण न होनेवाला, चिरस्थायी 87) अस्वीकृत या निषेधसूचक शब्द 88) सांपत्तिक सामर्थ्य, निजी संपत्ति 89) वरदान देनेवाली देवता 90) बेजोड़, जिसका कोई जवाब न हो 92) सेवक, दास 95) अपने अधिकार की रक्षा के लिये न्यायालय में अर्पित प्रार्थना पत्र 96) चेहरा छिपाने का कपड़ा 98) तोता 99) छोटे कद का 100) एक रंग 103) असुर, राक्षस 105) सुन्दर स्त्री 107) संग्राम, लड़ाई 108) महत्व, बड़प्पन, आदर (अ.) 109) लड़ाई करनेवाला, योद्धा 110) सर्वनाम 'मैं' का बहुवचन रुप 111) मां के पिताजी

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | र | भ | ला | तो | हो | भ | ला | | सो | | अं | | त | रा | जू | | च | | ना | का |
| ल | घू | | चा | र | | र | | क | या | म | त | | बा | ज | | त | र | फ | दा | री |
| म | ना | क | र | ना | | त | मा | श | बी | न | | र | ही | म | | र | मी | | न | ग |
| | थ | ल | | | सु | पु | त्र | | न | न | दो | ई | | ह | ल | फ | ना | मा | | र |
| रा | | क | सू | र | वा | र | | नि | | शी | | स | फ | ल | ता | | र | त | न | |
| म | ह | त्ता | | ज | स | | ब | द | च | ल | न | | स | | मं | दी | | ह | ज | म |
| च | ल | | ख | त | | बा | ल | | क्र | | त | र | ल | | गे | | क | त | र | न |
| रि | | | त | प | | घ | | गा | | त | | वि | | कु | श | ल | ता | | अं | |
| त | ट | | र | ट | ना | | ब्रा | य | न | ला | रा | | बे | श | क | | र | स | दा | र |
| मा | | आ | ना | | ता | ना | जी | | क | श | म | क | श | | र | बी | | ता | ज | |
| न | | ब | क | रा | | म | ल | म | ल | | | म | र | ना | | र | ह | ना | | ख |
| स | ला | ह | | धा | व | क | | ग | | मा | त | र | म | | स | ब | क | | शि | या |
| | ज | वा | न | | न | र | | र | हि | त | | क | | क | मा | ल | | ग | | ल |
| पा | ना | | | सं | ग | ण | क | | त | | | स | त | ल | ज | | सु | धा | क | र |
| व | | स | र | ग | म | | र | थ | | सु | हा | ना | | दा | वा | न | ल | | न | ख |
| न | र्म | दा | | म | न | मा | नी | | अ | र | थी | | द | र | द | र | भ | ट | क | ना |

anumeya-08446302691

## जिंदा है..

मैने देखा है इंसान की फितरत
को कि माता कैसे जाता है
खुद ही थूक कर चाटा कैसे जाता है
गुनाह होते देखा है चुप चाप सामने से
और पीठ पीछे जा कर भौंका कैसे जाता

बिकता है जमीर सौदा
होता है आत्मसम्मान का
और खुद ही खुद को
कीमती बताया कैसे जाता है

तुझसे अच्छा तो ठोस
सही काली काली कोश सही
देखा है मैने गरीबी में ज़ुज़क
कर दोगले लोगों से बेहोश सही
पलके झपक कर उलझन सुलझाते है
बीती बातों को इशारे से बताते है
इतना सस्ता कैसे सौदा होता है खुद
का जो लोगो को खुद
ही कीमती बताते है

वादियों की गहराई
को जान खुद को तू
अब अपना मान क्यों
दुबक कर बैठा है
कायर की तरह खुद
ही खुद को पहचान
ये मत सोच क्या तू खो
नहीं सकता हो था है
दूसरों के साथ तेरे
साथ हो नहीं सकता
आज तू सही बंदा है,
हो गलत तो कर
विरोध और दिखा दे
तू अब भी जिंदा है

रचनाकार



शैलेश दिवेवार
नागरा
9764143751





जग प्रेरणा
# व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

## लक्सन ने भारत की आर्थिक प्रगति को सराहा, दोनों देशों के कारोबारियों से साझेदारी बढ़ाने को कहा

ऑकलैंड, (भाषा)।

***न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने शनिवार को भारत की तेज आर्थिक प्रगति की सराहना करते हुए दोनों देशों के कारोबारियों से नए बाजारों और व्यापार अवसरों के लिए आपसी सहयोग बढ़ाने का अनुरोध किया। लक्सन ने***



'भारत-न्यूजीलैंडः एक सफल साझेदारी' विषय पर यहां आयोजित एक संवाद कार्यक्रम में यह बात कही। इसमें न्यूजीलैंड की दो-दिवसीय यात्रा पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री ने कहा कि वह लंबे समय से भारत के बड़े प्रशंसक रहे हैं।

उन्होंने चुनिंदा कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा, ÷मैं पहली बार 20 वर्ष की उम्र के मध्य में भारत गया था। उस समय मैं यूनिलीवर में काम करता था, जिसकी भारतीय इकाई हिंदुस्तान यूनिलीवर भारत की शीर्ष 10 कंपनियों में शामिल थी।÷

लक्सन ने कहा कि वह 1990 के दशक में भारत गए थे, जब श्रमिकों को उनकी दैनिक मजदूरी सिक्कों में दी जाती थी।

उन्होंने इसे अद्भुत बदलाव बताते हुए कहा, ÷मेरे लिए यह बेहद दिलचस्प है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। आज भारत में 44 करोड़ लोग मध्यम वर्ग का हिस्सा हैं और दशक के अंत तक यह संख्या लगभग 75 करोड़ हो जाने की उम्मीद है।÷

उन्होंने कहा, ÷मैं कई बार भारत गया हूं और कम-आय से मध्यम-आय और फिर उच्च-आय वाली अर्थव्यवस्था की ओर भारत को बढ़ते देखा है। यह बदलाव बेहद प्रेरणादायक और उत्साहजनक है। जैसे-जैसे भारत की 140 करोड़ आबादी अधिक समृद्ध हो रही है, वैसे-वैसे इसकी संभावनाएं भी बढ़ रही हैं।÷

भारत और न्यूजीलैंड के बीच सहयोग की व्यापक संभावनाओं पर जोर देते हुए लक्सन ने कहा कि खाद्य एवं कृषि उत्पाद, पर्यटन, शिक्षा और प्रौद्योगिकी ऐसे प्रमुख क्षेत्र हैं, जहां दोनों देश आपसी सहयोग को और मजबूत कर सकते हैं।

उन्होंने ऑस्ट्रियाई न्यूरोलाजिस्ट और मनोचिकित्सक विक्टर फ्रैंकल की एक पुस्तक को उद्धृत करते हुए कहा कि किसी भी समाज में सरकार, उद्योगपति और सामुदायिक नेतृत्व तीन प्रमुख स्तंभ होते हैं।

उन्होंने भारत और न्यूजीलैंड के बीच मौजूद व्यापक अवसरों का लाभ उठाने के लिए इन तीनों से मिलकर काम करने का आह्वान किया।

लक्सन ने कारोबारियों से कहा, ÷मैं आप सभी को प्रोत्साहित करता हूं कि भारत-न्यूजीलैंड संबंधों को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी केवल सरकारों की नहीं, बल्कि आप सबकी भी है। हम आपको शुभकामनाएं देते हैं कि आप मिलकर नए बाजारों और व्यापार के नए अवसरों का सृजन करें।÷

उन्होंने न्यूजीलैंड के कारोबारियों को भारत की यात्रा करने और यहां के उपभोक्ताओं को समझने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने भारतीय उपभोक्ताओं को दुनिया का सबसे जागरूक और गुणवत्ता के प्रति सबसे अधिक सजग उपभोक्ता बताया।

उन्होंने न्यूजीलैंड के कारोबारियों से भारत आने और यहां के उपभोक्ताओं की जरूरतों तथा पसंद को समझने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भारतीय उपभोक्ता दुनिया के सबसे अधिक समझदार और गुणवत्ता के प्रति सजग उपभोक्ताओं में हैं।

उन्होंने कहा, ÷बाजारों को समझें, सही साझेदारों की तलाश करें और अपने उत्पादों तथा सेवाओं को इस तरह तैयार करें कि भारत और न्यूजीलैंड दोनों देशों में नए अवसर पैदा किए जा सकें।÷

इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने न्यूजीलैंड के कारोबारी दिग्गजों से भारत की अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश करने का आग्रह किया।

उन्होंने जोर देकर कहा कि दोनों देशों के साझा लोकतांत्रिक मूल्य, विविधता और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता महत्वाकांक्षी एवं भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखने वाली आर्थिक साझेदारी के लिए मजबूत आधार प्रदान करते हैं।

उन्होंने भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का भी उल्लेख किया, जिस पर इस साल अप्रैल में हस्ताक्षर किए गए थे।

उन्होंने कहा कि यह समझौता दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को और मजबूत तथा गतिशील बनाएगा। साथ ही, इससे बाजार तक पहुंच, निवेश और कुशल प्रतिभाओं की आवाजाही के लिए नए अवसर खुलेंगे।

## अतानु चक्रवर्ती के इस्तीफे से एचडीएफसी बैंक में संचालन पर उठे सवालः सीईओ..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***एचडीएफसी बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) शशिधर जगदीशन ने शनिवार को कहा कि अंशकालिक चेयरमैन अतानु चक्रवर्ती का अचानक इस्तीफा देना***




बैंक के लिए एक 'चुनौतीपूर्ण घटना' रही, जिससे बैंक के संचालन मानकों पर सवाल उठे। चक्रवर्ती ने कार्यकाल पूरा होने से एक साल से भी अधिक पहले 18 मार्च 2026 को नैतिक कारणों का हवाला देते हुए इस्तीफा दे दिया था। पहली बार बैंक के किसी अंशकालिक चेयरमैन ने कार्यकाल के बीच पद छोड़ा था।

जगदीशन ने बैंक की शनिवार को जारी वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि चक्रवर्ती के त्यागपत्र में किए गए उल्लेखों के बाद बैंक के निदेशक मंडल ने मामले की समीक्षा के लिए बाहरी कानूनी फर्मों को नियुक्त किया।

उन्होंने कहा कि बैंक के अमेरिकी डिपॉजिटरी रिसीट (एडीआर) के न्यूयॉर्क शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने के कारण घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों स्तर की फर्मों को इस प्रक्रिया में शामिल किया गया। जगदीशन के अनुसार, 26 जून 2026 को साझा किए गए जांच निष्कर्षों में कहा गया कि इस्तीफे के पत्र में किए गए दावों और उनके निहितार्थों की उपलब्ध अभिलेखों और साक्षात्कारों से पुष्टि नहीं हुई।

उन्होंने कहा कि बैंक मजबूत कॉरपोरेट संचालन मानकों को और सुदृढ़ करने के लिए अपनी आंतरिक प्रणालियों और नियंत्रण प्रक्रियाओं को लगातार अद्यतन कर रहा है।

जगदीशन ने बैंक के नए अंशकालिक चेयरमैन नियुक्त किए गए राजीव कुमार का स्वागत करते हुए कहा कि वित्तीय सेवा सचिव और बाद में वित्त सचिव के रूप में उनके अनुभव का बैंक को लाभ मिलेगा।

बैंक के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए जगदीशन ने कहा कि कर्ज, जमा और लाभप्रदता में वृद्धि के साथ बैंक की प्रगति जारी रही है, जबकि परिसंपत्ति गुणवत्ता भी मजबूत बनी हुई है।

उन्होंने कहा कि बैंक आगे भी जोखिम प्रबंधन ढांचे को मजबूत करने और प्रौद्योगिकी, विशेषकर एआई के उपयोग पर ध्यान केंद्रित करेगा।

## एफएसएसएआई ने स्विगी इंस्टामार्ट को खराब खाद्य उत्पादों की आपूर्ति पर नोटिस भेजे..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने शनिवार को कहा कि उसने सड़े-गले और उपयोग अवधि समाप्त हो चुके खाद्य उत्पादों की आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों पर त्वरित आपूर्ति मंच स्विगी इंस्टामार्ट को नौ नोटिस जारी किए हैं।***




भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उसने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत उल्लंघन की शिकायतें मिलने के बाद स्विगी इंस्टामार्ट को नौ नोटिस जारी किए हैं।

इस बीच, ऑनलाइन खाद्य आपूर्ति कंपनी स्विगी के त्वरित आपूर्ति मंच इंस्टामार्ट के प्रवक्ता ने कहा, ÷हम एफएसएसएआई द्वारा चिह्नित उत्पादों की समीक्षा कर रहे हैं और मामले के समाधान के लिए अधिकारियों के संपर्क में हैं।÷

एफएसएसएआई ने मंच को विस्तृत स्पष्टीकरण और अनुपालन रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया है। ऐसा नहीं करने पर उचित कानूनी कार्रवाई शुरू की जाएगी।

खाद्य नियामक ने कहा कि उपभोक्ताओं ने स्विगी इंस्टामार्ट के माध्यम से उपयोग अवधि समाप्त हो चुके (एक्सपायर), खराब, दूषित और अन्य असुरक्षित खाद्य उत्पादों की आपूर्ति की शिकायतें की हैं।

प्राधिकरण ने शिकायतों का ब्योरा देते हुए कहा, ÷एक शिशु पोषाहार उत्पाद के अत्यधिक खराब और असुरक्षित स्थिति में पाए जाने की शिकायत मिली थी। इसके दूषित होने और अनुचित भंडारण एवं रखरखाव के संकेत मिले थे। उस उत्पाद को लौटाए जाने के बाद भी कथित तौर पर ग्राहक के पास दोबारा भेज दिया गया।÷ शिकायतों में यह भी आरोप लगाया गया है कि स्विगी इंस्टामार्ट के जरिए खराब अंडे और दूध के साथ क्षतिग्रस्त डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों की भी आपूर्ति की गई।

एफएसएसएआई के मुताबिक, जांच में यह भी पाया गया कि कुछ मामलों में एफएसएसएआई लाइसेंस नंबर गलत, अमान्य या मौजूद ही नहीं थे। इसके अलावा, खाद्य व्यवसायों को कथित तौर पर उन नामों से अलग नामों के तहत सूचीबद्ध किया गया था जो उनके एफएसएसएआई पंजीकरण में दर्ज हैं।

नियामक ने कहा, ÷कुछ शिकायतों में आरोप लगाया गया कि मामला आगे बढ़ाए जाने के बाद भी कोई संतोषजनक प्रतिक्रिया, शिकायत निवारण या सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई। वहीं एक शिकायत में कहा गया कि खाद्य सुरक्षा चिंताओं को दूर किए बिना केवल पैसे वापस करने की पेशकश की गई।÷

एफएसएसएआई के अनुसार, इन नोटिसों में विक्रेताओं को मंच के साथ जोड़ने (ऑनबोर्डिंग), अनुपालन सत्यापन, खाद्य गुणवत्ता की निगरानी, उपभोक्ता शिकायत निवारण और खाद्य सुरक्षा प्रणालियों की पर्याप्तता को लेकर गंभीर चिंताएं उठाई गई हैं।

हाल के दिनों में नियामक प्राधिकरण ने खाद्य व्यवसाय संचालकों (एफबीओ) के खिलाफकी गई अपनी कार्रवाइयों को लेकर सोशल मीडिया मंचों पर जानकारी साझा की हैं। ये नोटिस स्वतः संज्ञान के साथ उपभोक्ता शिकायतों के आधार पर जारी किए जा रहे हैं। एफएसएसएआई ने हाल में एनर्जी ड्रिंक बनाने वाली कई कंपनियों, मादक पेय कंपनियों, खाद्य कंपनियों और त्वरित आपूर्ति मंचों को नोटिस जारी किए हैं।

## परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में शांति अधिनियम के क्रियान्वयन पर नीति आयोग ने हितधारकों से की चर्चा..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***नीति आयोग ने निजी कंपनियों को परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के स्वामित्व और संचालन की अनुमति देने वाले 'शांति अधिनियम, 2025' के क्रियान्वयन को लेकर शनिवार को हितधारकों के साथ परामर्श बैठक की।***



आयोग ने एक बयान में कहा कि बैठक में सरकार, अनुसंधान संस्थानों एवं उद्योग के प्रमुख प्रतिनिधियों ने भाग लिया और अधिनियम के परिचालन ढांचे पर विचार-विमर्श किया।

बयान के मुताबिक, चर्चा शांति अधिनियम के मसौदा नियमों, विनियमों और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) से जुड़े प्रावधानों पर केंद्रित रही। इसमें बताया गया कि घरेलू हितों की सुरक्षा करते हुए विदेशी पूंजी किस तरह आकर्षित की जा सकती है।

परामर्श बैठक में अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक वित्तीय व्यवस्थाओं और जोखिम कम करने के उपायों पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा दीर्घकालिक परमाणु परियोजनाओं के लिए उपयुक्त बीमा व्यवस्था, जन जागरूकता बढ़ाने, स्थानीय समुदायों में विश्वास कायम करने और परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं की व्यापक स्वीकार्यता सुनिश्चित करने जैसे मुद्दों पर भी विचार हुआ।

नीति आयोग ने कहा कि चर्चा का मुख्य जोर अधिनियम के क्रियान्वयन चरण पर रहा, जिसमें घरेलू विनिर्माण क्षमता को मजबूत करने, परिचालन तैयारियों को सुनिश्चित करने और इस क्षेत्र के लिए कुशल कार्यबल तैयार करने पर विशेष ध्यान दिया गया।

बैठक में आपूर्ति श्रृंखला को अधिक मजबूत बनाने, औद्योगिक विस्तार के लिए विशेष क्षमता निर्माण कार्यक्रम तैयार करने और कुशल मानव संसाधन विकसित करने के उपायों पर भी चर्चा की गई।

आयोग ने कहा कि हितधारकों ने तीनों प्रमुख क्षेत्रों से जुड़े विभिन्न सुझाव दिए, जो इस अधिनियम के क्रियान्वयन ढांचे को और मजबूत करने में उपयोगी होंगे।

सस्टेनेबल हार्नेसिंग एंड एडवांसमेंट ऑफ न्यूक्लियर एनर्जी फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया (शांति) अधिनियम, 2025 परमाणु क्षेत्र से जुड़े कानूनों के आधुनिकीकरण की पहल का हिस्सा है। इसने परमाणु ऊर्जा अधिनियम, 1962 और नागरिक परमाणु क्षति दायित्व (सीएलएनडी) अधिनियम, 2010 का स्थान लिया है।

## शिकागो एक्सचेंज मजबूत बंद होने से आयातित खाद्य तेलों में सुधार..

नयी दिल्ली, (भाषा)।

***शिकागो एक्सचेंज के मजबूत बंद होने के बीच शनिवार को देश के तेल-तिलहन बाजारों में अधिकांश आयातित तेलों के दाम मजबूत रहे। इससे सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल में मजबूती देखी गई।***

सुस्त कामकाज के बीच सरसों एवं मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तिलहन के दाम स्थिर बने रहे। शनिवार को अधिकांश बहुराष्ट्रीय खाद्यतेल कंपनियों के कामकाज बंद रहने की वजह से कारोबार सुस्त रहता है। शिकागो एक्सचेंज के शुक्रवार रात को मजबूत बंद होने के कारण आयातित तेलों में सोयाबीन तेल, पाम-पामोलीन मजबूत रहे।

वैसे लागत से नीचे दाम पर बिकवाली अभी भी जारी है मगर शुक्रवार के बंद भाव के मुकाबले इन खाद्यतेलों के दाम में सुधार है। बिनौले की उपलब्धता काफी नगण्य है जिससे बिनौला तेल में भी सुधार है।

सूत्रों ने कहा कि आयातित खाद्यतेलों में सोयाबीन रिफाइंड और पाम-पामोलीन तेल अभी सबसे सस्ता है और इसकी मांग भी है। जिससे इन तेलों में सुधार आया।

सोयाबीन रिफाइंड और पाम-पामोलीन तेल से सूरजमुखी तेल लगभग 20 रुपये किलो, मूंगफली तेल से लगभग 15 रुपये किलो और सरसों तेल से लगभग 8-10 रुपये किलो मंहगा बैठता है। इन सब कारणों से आयातित तेलों में सुधार आया।

### तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे

सरसों तिलहन - 7,725-7,750 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली - 6,950-7,525 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 16,000 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,560-2,860 रुपये प्रति टिन।

सरसों तेल दादरी- 15,900 रुपये प्रति क्विंटल।

सरसों पक्की घानी- 2,615-2,715 रुपये प्रति टिन।

सरसों कच्ची घानी- 2,615-2,765 रुपये प्रति टिन।

सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 15,550 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 15,300 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 12,050 रुपये प्रति क्विंटल।

सीपीओ एक्स-कांडला- 13,625 रुपये प्रति क्विंटल।

बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 16,000 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,525 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन एक्स- कांडला- 14,325 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल।

सोयाबीन दाना - 7,175-7,225 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन लूज- 7,025-7,100 रुपये प्रति क्विंटल।

## बंगाल में बड़े निवेश प्रस्तावों के लिए एकल खिड़की मंजूरी व्यवस्था शुरू होगीः मुख्यमंत्री

डानकुनि (प. बंगाल), (भाषा)।

***पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार 100 करोड़ रुपये और उससे अधिक के निवेश प्रस्तावों के लिए 'एकल खिड़की मंजूरी' व्यवस्था लागू करेगी और राज्य में उद्योगों के लिए जमीन की उपलब्धता बाधा नहीं बनेगी।***



अधिकारी ने हुगली जिले के डानकुनि में लक्स इंडस्ट्रीज की नई विनिर्माण इकाई की आधारशिला रखने के बाद कहा कि सरकार राज्य में कारोबार के अनुकूल माहौल बनाने और नए निवेश आकर्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा, ÷100 करोड़ रुपये और उससे अधिक के निवेश प्रस्तावों के लिए एकल खिड़की मंजूरी व्यवस्था होगी। इसके अलावा उद्योगों के लिए जमीन की उपलब्धता कोई समस्या नहीं होगी।÷

मुख्यमंत्री ने लगभग 600 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस इकाई की आधारशिला रखते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल एक बार फिर देश में प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में अपनी स्थिति हासिल करने की ओर बढ़ रहा है और राज्य औद्योगिक विकास के नए दौर में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने कहा, ÷पश्चिम बंगाल एक बार फिर भारत का शीर्ष निवेश गंतव्य बनेगा। कारोबार के अनुकूल माहौल तभी बनता है जब कानून-व्यवस्था बेहतर हो।÷

अधिकारी ने आरोप लगाया कि वाम मोर्चा सरकार के दौरान राज्य का कर्ज करीब दो लाख करोड़ रुपये था, जो पिछली तृणमूल कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में बढ़कर करीब आठ लाख करोड़ रुपये हो गया।

उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल के लिए अपना राजस्व बढ़ाने के लिए निवेश आकर्षित करना जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल के करीब एक करोड़ कामगार राज्य के बाहर रोजगार में लगे हैं और राज्य सरकार औद्योगिकीकरण के जरिये बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा करना चाहती है। उन्होंने कहा कि सरकार उद्योग, बुनियादी ढांचा और कौशल विकास के जरिये रोजगार सृजन के लिए तीन स्तंभों वाला ढांचा तैयार कर रही है। उन्होंने भरोसा जताया कि लोग जल्द ही कानून-व्यवस्था, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधारों के माध्यम से ÷डबल इंजन÷ सरकार के लाभ देखेंगे। इस मौके पर राज्य के उद्योग मंत्री तापस रॉय ने कहा कि सरकार राज्य से बाहर जा चुकी कंपनियों को वापस लाने के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। उन्होंने भरोसा जताया कि पश्चिम बंगाल का ÷औद्योगिक सूखा÷ जल्द खत्म होगा।

इस बीच, लक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने बताया कि कंपनी का तीन हिस्सों में पुनर्गठन किया जाएगा, जिसके तहत लक्स कोजी समूह एक स्वतंत्र कारोबारी इकाई के रूप में सामने आएगा।

कंपनी ने बताया कि प्रस्तावित नया संयंत्र लक्स कोजी समूह का हिस्सा होगा। डानकुनि स्थित कंपनी की मौजूदा आठ लाख वर्ग फुट विनिर्माण इकाई का विस्तार किया जाएगा। इसके बाद परिसर का क्षेत्रफल बढ़कर 20 लाख वर्ग फुट हो जाएगा। कंपनी के अनुसार, नई इकाई से सालाना 20 करोड़ परिधानों के उत्पादन की क्षमता जुड़ेगी, जिससे समूह की कुल वार्षिक उत्पादन क्षमता बढ़कर करीब 36 करोड़ परिधान हो जाएगी।

लक्स इंडस्ट्रीज ने कहा कि परिचालन शुरू होने के बाद यह इकाई एशिया के सबसे बड़े परिधान विनिर्माण केंद्रों में शामिल होगी और इससे करीब 3,000 प्रत्यक्ष एवं 6,000 परोक्ष रोजगार के अवसर पैदा होने की संभावना है।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433





जग प्रेरणा
लांजी किरनापुर हट्टा
● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● रिसेवाड़ा ● बहेला ● साडरा ● हिर्री ● रजेगांव



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


### शारदा महिला मंडल के गौरवशाली 50 वर्ष पूर्ण..

# संस्था अध्यक्ष ऊषा देवी पसीने का 77 वे जन्म दिवस की दी बधाईयां..





**जगप्रेरणा लांजी।**

***सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में सदैव अग्रणी भूमिका निभाने वाली लांजी की प्रतिष्ठित संस्था शारदा महिला मंडल, लांजी ने अपने गौरवशाली 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संस्था की अध्यक्ष श्रीमती उषा देवी पशीने का***

77वाँ जन्मदिवस बड़े ही हर्ष, उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया। इस दौरान शारदा महिला मण्डल लांजी की सभी सदस्य एवं परिजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं माँ शारदा के पूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर संस्था की सदस्याओं ने श्रीमती उषा देवी पशीने के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखद जीवन की कामना करते हुए उनका पुष्पगुच्छ, शॉल एवं श्रीफल भेंट कर आत्मीय सम्मान किया। जन्मदिवस के उपलक्ष्य में केक काटा गया तथा सभी ने उन्हें शुभकामनाएँ दीं।

वक्ताओं ने कहा कि श्रीमती उषा देवी पशीने के कुशल नेतृत्व में शारदा महिला मंडल ने पिछले पाँच दशकों में सामाजिक सेवा, धार्मिक आयोजन, महिला सशक्तिकरण, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं जनकल्याण के अनेक उल्लेखनीय कार्य किए हैं। संस्था का यह स्वर्णिम सफर समाज के लिए प्रेरणादायी रहा है। शारदा महिला मंडल, लांजी पिछले 50 वर्षों से सेवा, संस्कार और समर्पण की भावना के साथ सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में निरंतर सक्रिय है। संस्था ने महिला सशक्तिकरण, सांस्कृतिक संरक्षण, धार्मिक आयोजनों, जरूरतमंदों की सहायता तथा समाज में सकारात्मक जागरूकता लाने के उद्देश्य से अनेक उल्लेखनीय कार्य किए हैं।

'आज संस्था के स्वर्णिम 50 वर्ष पूर्ण होना हम सभी के लिए गर्व और खुशी का विषय है। यह उपलब्धि हमारी सभी वरिष्ठ सदस्याओं, संस्थापक सदस्यों और समाज के सहयोग से संभव हुई है। हम भविष्य में भी समाजहित, महिला उत्थान और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करते रहेंगे।'

'साथ ही संस्था की अध्यक्ष आदरणीय श्रीमती उषा देवी पशीने जी के 77वें जन्मदिवस पर हम उन्हें हार्दिक शुभकामनाएँ देते हैं। उनके मार्गदर्शन और नेतृत्व में संस्था ने नई ऊँचाइयों को प्राप्त किया है। हम उनके स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हैं तथा समाज सेवा का यह स्वर्णिम सफर निरंतर आगे बढ़ता रहे, यही हमारी मंगलकामना है।

इस अवसर पर संस्था की ओर से अध्यक्ष श्रीमती उषा देवी पशीने को संस्था के 50 वर्षों के स्वर्णिम सफर की स्मृतियों को संजोए हुए 'यादगार पलों का छायाचित्र' (फोटो कोलाज) भेंट कर सम्मानित किया गया। इस विशेष उपहार को प्राप्त कर उन्होंने सभी सदस्याओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे अपने जीवन की अमूल्य स्मृति बताया। आपने कहा कि यह स्वर्णिम सफर मेरे जीवन के लिये हमेशा यादगार रहेगा। आगे भी हम सभी मिलकर इसी प्रकार कार्य करे और संस्था नई उंचाईयो को प्राप्त करे।

इस दौरान प्रमुख रूप से महिला सदस्यों में श्रीमती सुशीला दुग्गड़, उमा तिवारी, शिखा गोस्वामी, सरिता श्रीवास्तव, अनिता अग्रवाल, उर्मिला अग्रवाल, भगवती कर्राहे, अनिता रामटेक्कर, पदमा शर्मा, अंजली रैंच, मीना बिलगौर, अंजू पशीने, कल्पना पशीने, अधिवक्ता बबीता पशीने, मंजू नारंग, किरण तिवारी, सुनीता रॉय सहित श्रीमती उषा देवी के परिवार से नितीन पशीने, विद्या पशीने, डॉ नम्रता आसटकर, आराध्या आसटकर सहित अन्य आमंत्रित जन उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने एक दुसरे को मिष्ठान खिलाकर स्वर्णिम 50 वर्ष की यादें ताजा की अंत में सामुहिक भोज के साथ गरिमामयी माहौल में कार्यक्रम समाप्त किया गया।

# पोल ना बदलकर आम के पेड़ में बांधे केबल तार, बाजार में घट सकती है बड़ी घटना..





**जगप्रेरणा लांजी।**

***बारिश का मौसम शुरू होते ही लांजी नगर व आसपास के क्षेत्र में विद्युत से जुड़ी घटनाएं बढ़ गई हैं। कभी बिजली के खंभे में आग लग रही है, तो कभी केबल जलकर राख हो रहे हैं।***

इन घटनाओं के बीच एक गंभीर लापरवाही सामने आई है जो स्थानीय लोगों की जान को सीधे खतरे में डाल रही है।

नगर के साप्ताहिक बाजार के बीचों-बीच स्थित हाईमास्ट लाइट के समीप का एक विद्युत पोल कई दिनों पहले एक पेड़ कटने के कारण टूट गया था। लेकिन टूटे पोल की जगह नया पोल लगाने या लाइन को व्यवस्थित करने की बजाय विद्युत विभाग ने आसान रास्ता अपनाया। टूटे पोल में लगे विद्युत केबल और तारों को पास ही स्थित एक आम के पेड़ पर बांध दिया गया। यह आम का पेड़ ठीक बाजार के मध्य में है, जहां हर सप्ताह साप्ताहिक बाजार लगता है और भारी भीड़ जुटती है। इसी पेड़ से हाईमास्ट लाइट का कनेक्शन लिया गया है और आगे अन्य क्षेत्रों में भी बिजली की सप्लाई हो रही है।

### बारिश में बढ़ा खतरा..

वर्तमान में बारिश का मौसम चल रहा है। पेड़ पर बंधे विद्युत तारों के कारण कभी भी पेड़ में करंट फैलने का खतरा है। नमी और पानी के संपर्क में आने से शॉर्ट सर्किट हो सकता है, जिससे न केवल पेड़ में आग लग सकती है बल्कि बाजार में मौजूद सैकड़ों लोगों की जान भी जा सकती है।

जागरूक स्थानीय नागरिकों ने इस गंभीर समस्या की ओर नगर परिषद का ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने मांग की है कि टूटे हुए विद्युत पोल की जगह तुरंत नया पोल लगाया जाए और बिजली की लाइनों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित तरीके से पुनः स्थापित किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना को रोका जा सके।

# अज्ञात चोरों ने मकान से कीमती सामान, खाद, कृषि उपकरणों पर किया हाथ साफ

### लगातार बढ़ रही क्षेत्र में चोरी की घटनाएं..



**जगप्रेरणा लांजी।**

***लांजी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कारंजा-बापड़ी रोड स्थित एक खेत के मकान में अज्ञात चोरों ने ताला काटकर हजारों रुपये मूल्य के कृषि उपयोगी सामान, खाद एवं घरेलू सामग्री चोरी कर ली।***

घटना की जानकारी मिलने पर पीड़ित ने लांजी थाना में शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आमगांव (जिला गोंदिया, महाराष्ट्र) निवासी नीलमदास नरसिंग उपराडे (65 वर्ष) की कृषि भूमि ग्राम कारंजा-बापड़ी रोड पर स्थित है।

खेत पर बने मकान में कृषि कार्य में उपयोग होने वाले उपकरण, दवा छिड़काव पंप, बर्तन, पंखा सहित अन्य आवश्यक सामान रखा हुआ था। बताया गया कि खरीफसीजन के लिए आवेदक ने 19 जून 2026 को सेवा सहकारी समिति मर्या, कारंजा से लगभग 18 बोरी खाद (यूरिया एवं डीएपी) खरीदकर खेत स्थित मकान में सुरक्षित रखी थी। 8 जुलाई की शाम तक सभी सामान सुरक्षित था, लेकिन उसी रात अज्ञात चोरों ने मकान का ताला काटकर अंदर रखी 18 बोरी खाद, दवा छिड़काव पंप, कृषि उपकरण, मिक्सी मशीन, पंखा तथा अन्य घरेलू व कृषि उपयोगी सामान चोरी कर लिया। चोरी गए सामान की कुल कीमत लगभग 55 हजार रुपये बताई गई है।

घटना की जानकारी 9 जुलाई की सुबह लगभग 7 बजे खेत के बटाईदार प्यारेलाल गंगाराम खेरकर ने फोन पर दी। सूचना मिलने पर नीलमदास उपराडे खेत पहुंचे, जहां मकान का ताला टूटा हुआ मिला और अंदर रखा सामान गायब था। घटना का निरीक्षण प्यारेलाल खेरकर, अमृतदास खेरकर, कमल भैया गिरी सहित अन्य ग्रामीणों ने भी किया।

पीड़ित ने लांजी थाना में लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर चोरी गए सामान की बरामदगी एवं दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# हर्ष कटरे का माध्यमिक शिक्षक पद पर चयनित होने पर परिवार, समाज में भारी हर्ष

### शासकीय उमावि पाथरगांव में हुई पदस्थापना..



**जगप्रेरणा लांजी।**

क्षेत्र के लिये अत्यन्त हर्ष का विषय है कि बालाघाट रोड़ लांजी निवासी हर्ष कटरे पिता रूपलाल कटरे का चयन माध्यमिक शिक्षक विषय गणित के पद पर हुआ है। इन्होंने प्रदेश स्तर पर 20 वीं रैंक तथा संभाग स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। चयन उपरांत उनकी पदस्थापना शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाथरगांव में हुई है जहाँ उन्होंने विधिवत अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। हर्ष कटरे ने अपनी सफलता का श्रेय अपने सभी गुरुजनों, पिता रूपलाल कटरे, माता मंगला कटरे, बड़े पापा जगतराम कटरे, शिवचरण कटरे एवं सभी शुभचिंतकों, परिवारजनों और इष्ट मित्रों को देते हुए उनके मार्गदर्शन, आशीर्वाद एवं सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। बता दें कि हर्ष कटरे के पिता रूपलाल कटरे जो स्वयं उच्च माध्यमिक शिक्षक के पद पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेरी में कार्यरत हैं एवं माता मंगला कटरे सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी में शिक्षिका हैं। इन्होंने अपने पुत्र की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता उनके निरंतर परिश्रम, लगन एवं दृढ़ संकल्प का परिणाम है। उन्होंने हर्ष कटरे के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास जताया कि वे शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर विद्यार्थियों के जीवन को नई दिशा देंगे। हर्ष कटरे की इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों, परिजनों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# किरनापुर क्षेत्र की बेटी स्वाति ने एमपीपीएससी मे पाई सफलता, बनी माइनिंग इंस्पेक्टर..





**जगप्रेरणा किरनापुर।**

किरनापुर तहसील के एक छोटे से गांव पारडी की रहने वाली कु.स्वाती खोब्रागड़े ने मध्यप्रदेश लोक सेवा चयन आयोग की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर के एक बेहतर मुकाम हासिल करते हुए माईनिंग इंस्पेक्टर के पद पर चयन किया गया है। बताएं कि स्वास्थ्य विभाग से छः माह पूर्व सेवा निवृत्त प्रभारी पर्यवेक्षक श्री जी.डी.खोब्रागड़े एवं माता संगीता खोब्रागड़े की सुपुत्री संगीता खोब्रागड़े को मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा में माइनिंग इंस्पेक्टर का पद पर नियुक्ति मिलना परिवार और गांव के लिए एक खुशी का पल और गौरव की उपलब्धि साबित हुई है। विदित हो कि इसके पूर्व कु. स्वाति खोब्रागड़े जिला डाकघर बालाघाट ब्रांच मे पोस्टमास्टर के पद पर कार्यरत थीं। अपनी इस सफलता का श्रेय उन्होंने अपने पिता श्री जी डी खोब्रागड़े और माता श्रीमती संगीता खोब्रागड़े के अनुशासन और बेहतर प्रेरणा को दिया है। उनकी इस सफलता पर क्षेत्रवासियों सहित नाते,रिश्तेदार एवं सामाजिक कार्यकर्ताओ ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाये दी है।

# सादगी के साथ गौशाला में जन्मदिन मनाने की परंपरा की हुई शुरूआत..





**जगप्रेरणा लांजी।**

***सुरभि गौशाला करंजा में एक अनुपम परंपरा की शुरुआत हुई है। गौशाला के सचिव तथा बाल भाऊ देवरस सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के व्यवस्थापक सचिन अग्रवाल ने अपने जन्मदिवस को***

गौमाताओं की सेवा में समर्पित कर एक नई मिसाल पेश की है। 11 जुलाई को प्रातःकाल सचिन अग्रवाल गौशाला पहुंचे और सबसे पहले गौमाता को तिलक लगाकर गौपूजन किया। इसके बाद समस्त गौमाताओं को प्रचुर मात्रा में रोटी व गुड़ खिलाया गया। आचार्य परिवार एवं विद्यालय के भैया-बहनों ने भी बारी-बारी से गौमाताओं को रोटी व गुड़ का भोग लगाया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्यगण, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राओं ने व्यवस्थापक सचिन अग्रवाल का तिलक लगाकर पुष्पगुच्छ अर्पित किए और उन्हें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

### परंपरा की शुरुआत..

बता दें कि परमपूज्य बालासाहेब जी देवरस एवं श्रद्धेय भाऊराव जी देवरस की पावन भूमि पर वर्ष 2015 से गौशाला का संचालन हो रहा है। वर्ष 2023 से सचिन अग्रवाल गौसेवा में पूर्ण रूप से समर्पित हैं और गौशाला को सुचारू एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित कर रहे हैं।

सचिन अग्रवाल ने इस अवसर पर गौशाला संचालन समिति के सभी सदस्यों से अपील की कि अब से हम सभी अपने परिवार के सदस्यों तथा संबंधियों के बच्चों के जन्मदिवस गौशाला में मनाने की परंपरा विकसित करें। इससे न केवल गौसेवा को प्रोत्साहन मिलेगा, बल्कि गौशाला को और बेहतर बनाने में भी सबका बहुमूल्य योगदान होगा।

## लांजी-किरनापुर विधायक राजकुमार कर्राहे ने रोपे पौधे, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश..



**जगप्रेरणा किरनापुर।**

पर्यावरण को हरा-भरा और सुरक्षित बनाने के संकल्प के साथ ग्राम पंचायत बिनोरा में एक भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लांजी-किरनापुर क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्री राजकुमार कर्राहे विशेष रूप से उपस्थित हुए। उनके साथ क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मीरा राधेश्याम सिंघनदुपे जनपद पंचायत किरनापुर अध्यक्ष श्री कल्याण सिंह राणा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष युसूफ पटेल ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती नेहा हाथीमारे सामाजिक पूर्व सरपंच उपसरपंच व पंचगण सहित कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन शामिल हुए।

### विधायक ने किया पौधरोपण, ली सुरक्षा की जिम्मेदारी..

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए विधायक राजकुमार कर्राहे और उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया। विधायक ने स्वयं अपने हाथों से पौधा लगाया और ग्रामीणों से अपील की कि वे केवल पौधा लगाने तक सीमित न रहें, बल्कि उसके बड़े होने तक उसकी सुरक्षा और सिंचाई की पूरी जिम्मेदारी भी लें।

### बोले राजकुमार कर्राहे..

'वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। आज के समय में जिस तरह पर्यावरण असंतुलन बढ़ रहा है, उसे देखते हुए हर नागरिक को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसका संरक्षण करना चाहिए।'

जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों में दिखा उत्साहइस अवसर पर उपस्थित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और शासन की पर्यावरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहेः

श्री राजकुमार कर्राहे (विधायक, लांजी-किरनापुर) स्थानीय ग्राम पंचायत के सरपंच, उपसरपंच एवं पंचगण क्षेत्र के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं युवा साथी कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई और फलदार पौधों का वितरण भी किया गया।




विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433





विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


# सांदीपनि स्कूल परिसर में विधायक ने लगाया पौधा, बोले - एक पेड़ लगाकर उसे वृक्ष बनाना हर नागरिक की जिम्मेदारी






जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के उद्देश्य से शनिवार को नवनिर्मित सांदीपनि विद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। परसवाड़ा विधायक मधु भगत ने छात्र-छात्राओं के साथ विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे।***

पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगाए गए तथा रोपण के दौरान आरसीएम कंपनी की ओर से उपलब्ध कराए गए जैविक खाद का उपयोग किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मधु भगत ने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखना भी हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों से पौधों की नियमित देखभाल करने तथा आम नागरिकों और किसानों से जैविक खाद के अधिकाधिक उपयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण जनभागीदारी से ही संभव है और हर व्यक्ति यदि एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करे तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सकता है।

मीडिया से चर्चा के दौरान विधायक ने आरसीएम संस्था के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था चार राज्यों में महिला सशक्तिकरण, रक्तदान, वृक्षारोपण और एंबुलेंस सेवा जैसे जनकल्याणकारी अभियान संचालित कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रकृति की रक्षा, महिलाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा और जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना समाज के प्रति बड़ी सेवा है। ऐसे प्रयास समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य करते हैं।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनका संरक्षण करने का संदेश दिया।

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य तामेश्वर पटेल, जनपद सदस्य रामेश्वर धानेश्वर, उपसरपंच भजनलाल उइके, टीकम राहंगडाले, लोकेश राहंगडाले, थाना प्रभारी अनुप नामदेव, प्राचार्य शिव प्रसाद मानेश्वर, अशोक पटेल, धर्मेंद्र पटेल, गिरिश अर्मो, सुन्दरलाल बिसेन, मुकेश पटेल, केमन सर्राटे, सरिता कटरे, पुष्पा अर्मो, सुशीला तांडे, महारूसिंह परते, ॠषि राहंगडाले, प्रशांत पटले, आशीष टेम्भरे सहित विद्यालय परिवार, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# गीत-संगीत के जरिए गूंजा नशा मुक्ति का संदेश, विद्यार्थियों ने लिया नशे से दूर रहने का संकल्प..




जगप्रेरणा बालाघाट।

***सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के तहत शुक्रवार 10 जुलाई 2026 को बिरसा स्थित उत्कृष्ट बालक छात्रावास एवं कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास बिरसा में जनजागरूकता***

कार्यक्रम आयोजित किया गया। गीत, संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए स्वस्थ एवं जिम्मेदार जीवन अपनाने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत बिरसा के उपाध्यक्ष हेमंत साहू ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा, लक्ष्य और उज्ज्वल भविष्य पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान करते हुए कहा कि नशे जैसी सामाजिक बुराई से स्वयं दूर रहें और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान तभी सफल होगा, जब समाज का प्रत्येक नागरिक इसकी जिम्मेदारी निभाएगा।

प्रदेश स्तरीय कलापथक दल के प्रमुख रोमन सिंह मरावी के नेतृत्व में कलाकार शेख रफीक खान, नरेंद्रपाल, सुखसागर कुड़ापे, सुरेश कुमार कुमरे एवं झरिया सिंह मरावी ने संदेशपरक गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से नशे के सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी दुष्परिणामों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कलाकारों की प्रस्तुतियों ने विद्यार्थियों को भावुक और प्रेरित किया तथा पूरा परिसर नशा मुक्ति के संदेशों से गूंज उठा।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत बिरसा के सामाजिक सुरक्षा अधिकारी नकुल मेरावी, उत्कृष्ट बालक छात्रावास के अधीक्षक कमलेश ठाकरे, कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास की अधीक्षिका चंद्रशिला धुर्वे, छात्रावासों के छात्र-छात्राएं एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के समापन पर सभी विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा अपने परिवार और समाज को भी नशामुक्त बनाने के लिए जागरूक करने का सामूहिक संकल्प लिया। आयोजन के माध्यम से जनभागीदारी और जागरूकता के बल पर नशा मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने का संदेश दिया ।

# लालबर्रा महाविद्यालय में दीक्षारंभ सह-प्रेरणा कार्यक्रम का हुआ समापन




जगप्रेरणा लालबर्रा।

***शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा में नवीन प्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित तीन दिवसीय दीक्षारंभ सह-प्रेरणा कार्यक्रम का समापन 3 जुलाई 2026 को हुआ। कार्यक्रम के तीसरे एवं अंतिम दिवस विद्यार्थियों के स्वागत,***

परिचय और मार्गदर्शन पर केंद्रित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पूजन-अर्चन के साथ हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता मेश्राम के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों से परिचित कराया गया।

प्रो. सुमन बरवा ने विद्यार्थियों को शिकायत निवारण तंत्र एवं परामर्श सेवाओं की जानकारी दी। एनएसएस अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार भिमटे ने स्थानीय समाजसेवियों, पूर्व छात्रों एवं अभिभावकों का परिचय कराते हुए उनके योगदान पर प्रकाश डाला। डॉ. निर्मल कीर्ति गेडाम ने शिकायत निवारण व्यवस्था एवं संबंधित हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी।

डॉ. देवराज चैरे ने प्रवेश प्रक्रिया, विषय चयन एवं परीक्षा प्रणाली के संबंध में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। साथ ही विद्यार्थियों को महाविद्यालय के पुस्तकालय, ई-लाइब्रेरी, प्रयोगशालाओं, रैम्प, जिम, छात्रावास सहित विभिन्न सुविधाओं का भ्रमण कराया गया तथा उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

श्री नरेश सौलखे ने करियर मार्गदर्शन पर विस्तृत जानकारी देते हुए भविष्य की संभावनाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया। डॉ. हृषिकेश पटेल ने विद्यार्थियों में अनुशासन, नैतिकता एवं संस्थान के प्रति अपनत्व की भावना विकसित करने का संदेश दिया। वहीं श्रीमती भूमेश्वरी ठाकरे ने उत्कृष्टता की भावना के साथ निरंतर आगे बढने् के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. कामाक्षा बिसेन ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. देवराज चैरे ने व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के समस्त स्टाफएवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

# डायरिया रोको अभियान: आठ गांवों में हैंडपंपों की मरम्मत, पेयजल स्त्रोतों का किया गया क्लोरीनीकरण

जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले में संचालित डायरिया रोको अभियान के तहत शनिवार को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) ने वारासिवनी, किरनापुर, लांजी, परसवाड़ा एवं बिरसा विकासखंड के***

कई गांवों में पेयजल स्त्रोतों को सुरक्षित बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया। इस दौरान खराब पड़े हैंडपंपों की मरम्मत कर उन्हें चालू किया गया तथा सभी हैंडपंपों में जर्मेक्स डालकर क्लोरीनीकरण किया गया।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री बी एल उसके ने बताया कि अभियान के अंतर्गत 11 जुलाई को ग्राम बुदबुदा, भुआ, लवेरी, परसोड़ी, केरेगांव, कटंगा, हर्राभाट एवं चरचेडी में पीएचई विभाग की टीम ने पेयजल स्त्रोतों का निरीक्षण किया। जहां आवश्यक था वहां हैंडपंपों का तत्काल सुधार कार्य कराया गया, ताकि ग्रामीणों को निर्बाध रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके।

विभाग द्वारा सुधारे गए हैंडपंपों के साथ गांव के अन्य सभी हैंडपंपों में भी जर्मेक्स डालकर क्लोरीनीकरण किया गया। इस प्रक्रिया से पानी में मौजूद हानिकारक जीवाणुओं का नाश होता है और डायरिया सहित अन्य जलजनित बीमारियों के फैलने की आशंका कम होती है।

पीएचई विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे केवल स्वच्छ एवं सुरक्षित पानी का ही उपयोग करें। पानी को छानकर और ढककर रखें तथा व्यक्तिगत स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। विभाग ने बताया कि डायरिया रोको अभियान के तहत जिलेभर में पेयजल स्त्रोतों की नियमित निगरानी और आवश्यक सुधार कार्य लगातार जारी रहेंगे, ताकि वर्षा ॠतु में जलजनित रोगों की रोकथाम सुनिश्चित की जा सके।

## बालाघाट में खेती का नया स्वरूप

# धान की जगह अमरूद और अंतर्वर्ती फसलों से राजेन्द्र पंचेश्वर ने लिखी सफलता की इबारत..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***धान के कटोरे के रूप में मशहूर बालाघाट जिले में अब किसान नई तकनीक और विविधता की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। लालबर्रा विकासखंड के ग्राम अमोली के प्रगतिशील किसान***

राजेन्द्र पंचेश्वर ने अपनी पारंपरिक खेती में एक साहसिक नवाचार करते हुए धान की जगह बागवानी और मिश्रित खेती का रुख किया है, जो पूरे जिले के किसानों के लिए एक नजीर बन गया है।

### धान की लकीर से हटकर एक नई शुरुआत

राजेन्द्र पंचेश्वर ने अपनी एक एकड़ जमीन पर धान की पारंपरिक खेती को छोड़कर अमरूद (त्रह्वड्ड1ड्ड) के पौधे रोपे हैं। केवल अमरूद तक ही सीमित न रहकर, उन्होंने 'मल्टी-लेयर' या अंतर्वर्ती फसल प्रणाली का अनूठा उदाहरण पेश किया है। उन्होंने अमरूद के पौधों के बीच खाली जगह का उपयोग अदरक और अरहर की खेती के लिए किया है।

इस नवाचार को और अधिक समृद्ध बनाने के लिए अब उन्हें अदरक, अरहर और अमरूद के पौधों के बीच की खाली जगह पर मक्का की फसल लगाने की भी सलाह दी गई है, जिससे खेत की हर इंच भूमि उपयोग में आ सके और किसान की आय बढ़ सके।

### कृषि विभाग का साथ और मार्गदर्शन

इस नवाचार को सफल बनाने में कृषि विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उप संचालक कृषि, श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि लालबर्रा की वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी की टीम लगातार राजेन्द्र पंचेश्वर के संपर्क में है। उन्हें अंतर्वर्ती फसलों (द्धठ्ठह्लद्गह्म्ह्लशश्चश्चद्बठ्ठद्द) के बेहतर प्रबंधन और उत्पादन बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक मार्गदर्शन दिया जा रहा है।

### इस मॉडल के तीन बड़े फायदे

राजेन्द्र पंचेश्वर का यह प्रयोग न केवल आर्थिक दृष्टि से फायदेमंद है, बल्कि पर्यावरण और संसाधन प्रबंधन के लिहाज से भी बेहतरीन है। इससे पानी की बचत होगी।धान की फसल में प्रचुर मात्रा में पानी की आवश्यकता होती है, जबकि अमरूद, अदरक और अरहर की खेती में धान की तुलना में काफी कम पानी लगता है।

इससे आय में वृद्धि होगी। एक ही खेत से अमरूद (फल), अदरक (मसाला) और अरहर/मक्का (दाल/अनाज) मिलने से किसान की आय के स्त्रोत बढ़ गए हैं। यह मॉडल धान की एकल खेती की तुलना में कहीं अधिक मुनाफा देने वाला है। इससे मिट्टी का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।अलग-अलग तरह की फसलें लेने से मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है और रसायनों पर निर्भरता कम होती है।

### अन्य किसानों के लिए प्रेरणा

ग्राम अमोली के राजेन्द्र पंचेश्वर का यह प्रयास यह साबित करता है कि यदि किसान सही मार्गदर्शन के साथ नई तकनीक अपनाए, तो खेती को घाटे का सौदा नहीं, बल्कि एक लाभकारी व्यवसाय बनाया जा सकता है। बालाघाट के अन्य किसान भी अब इस 'अमोली मॉडल' को देखकर अपनी खेती की दिशा बदलने पर विचार कर रहे हैं। यह नवाचार न केवल राजेन्द्र पंचेश्वर की तकदीर बदलेगा, बल्कि बालाघाट की कृषि को एक नई और आधुनिक पहचान दिलाने में भी मदद करेगा।

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय उकवा में टीजीटी संस्कृत के लिए वॉक-इन इंटरव्यू 14 जुलाई को..

जगप्रेरणा उकवा।

***एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, उकवा द्वारा टीजीटी संस्कृत के एक रिक्त पद पर अतिथि शिक्षक की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।***

इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों के लिए 14 जुलाई 2026 को सुबह 11:00 बजे विद्यालय परिसर में वॉक-इन इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, टीजीटी संस्कृत पद के लिए अभ्यर्थी के पास मान्यता प्राप्त संस्थान से संस्कृत विषय में स्नातक (त्रह्म्ड्डस्रह्वड्डह्लद्बशठ्ठ) तथा बी.एड. की डिग्री होना अनिवार्य है। वहीं सीटेट (ष्टञ्जश्वञ्) उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने मूल दस्तावेजों एवं आवश्यक प्रमाण-पत्रों के साथ एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, उकवा में उपस्थित होकर साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं। भर्ती से संबंधित विस्तृत जानकारी विद्यालय की वेबसाइट 222.द्गद्वह्म्ह्यह्वद्म2ड्ड्डद्य-ड्डद्धड्डह्व.द्बठ्ठ पर उपलब्ध है।

# 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत आरोग्य मंदिर परिसर में हुआ पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प..




जगप्रेरणा बालाघाट।

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान के अंतर्गत आरोग्य मंदिर परिसर, बैगाटोला में नगर विकास प्रस्फुटन समिति के माध्यम से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक महेश पटले ने पौधारोपण कर अभियान की शुरुआत की और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित जनों को अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प दिलाया गया।

वक्ताओं ने कहा कि पौधारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि आने वाली पीढियों के लिए स्वच्छ और हरित भविष्य सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भी है। उन्होंने लोगों से अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने और लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का सामूहिक संकल्प लिया। जन अभियान परिषद द्वारा संचालित इस अभियान का उद्देश्य जनभागीदारी के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना तथा प्रत्येक नागरिक को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित करना है।

कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक परसवाड़ा सुनील साहू, जनभागीदारी अध्यक्ष राजीव परते, नवांकुर संस्था के कुंदन मेरावी, मेंटर शिवनाथ यादव, आकांक्षा तेकाम, संगीता मार्को, नगर विकास प्रस्फुटन समिति की अध्यक्ष साक्षी तिवारी, अभय यादव सहित समिति के सदस्य एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।







विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा ग्रामीण
गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# आमगांव के कामठा चौक पर नाकाबंदी के दौरान 1.51 लाख का गांजा ज़ब्त..



**आमगांव पुलिस ने की बडी कार्रवाई..**

**आरोपी 3 किलो 20 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार, टू-व्हीलर और कुल 2.53 लाख का कीमती सामान ज़ब्त..**

**जगप्रेरणा आमगांव।**

***आमगांव पुलिस को ड्रग्स के खिलाफ अभियान में बड़ी कामयाबी मिली और नाकाबंदी के दौरान कामठा चौक पर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में आरोपी के पास से 3 किलो 20 ग्राम गांजा ज़ब्त किया गया,***

जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख 51 हज़ार रुपये है। साथ ही, गांजा ले जाने में इस्तेमाल किया गया टू-व्हीलर भी ज़ब्त कर लिया गया, और कुल 2 लाख 53 हज़ार रुपये का कीमती सामान ज़ब्त किया गया। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, रेगुलर नाकाबंदी के दौरान शक के घेरे में घूम रहे एक टू-व्हीलर सवार को रोककर पूछताछ की गई। जांच में पता चला कि वह गैर-कानूनी तरीके से गांजा ले जा रहा था।

इसके बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए नीलेश दयाराम मेश्राम (निवासी गोंदिया) को हिरासत में ले लिया। इस मामले में आमगांव पुलिस स्टेशन में **NDPS** एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है, और आमगांव पुलिस आगे की जांच कर रही है कि ज़ब्त किया गया गांजा कहां से लाया गया था और इसे बेचने के लिए कहां ले जाया जा रहा था। लोगों का कहना है कि आमगांव पुलिस की ड्रग तस्करी के खिलाफ इस कार्रवाई से इलाके में गैर-कानूनी धंधों पर रोक लगाने में मदद मिलेगी।

इस ऑपरेशन के दौरान, पुलिस निरीक्षक नीलकंठ कुकड़े के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे, अतिरिक्त पोलिस अधीक्षक अभय, उपविभागीय पोलिस अधिकारी नंदनी चानपुरकर के मार्गदर्शन मे कार्यवाही करते समय **API** जीतू गुरनुले, योगेश मुनेश्वर, अजय पटले, राहुल बिसेन, मौजूद थे। पुलिस निरीक्षक नीलकंठ कुकड़े के गाइडेंस में पुलिस उपनिरीक्षक डाबेराव आगे की जांच कर रहे हैं।

# आमगांव में पंद्रह पानठेलो पर छापे

**जगप्रेरणा आमगांव।**

***यहां के KTS डिस्ट्रिक्ट जनरल हॉस्पिटल के नेशनल तंबाकू कंट्रोल प्रोग्राम के तहत एक टीम ने 6 जुलाई को आमगांव में पंद्रह तंबाकू की दुकानों पर छापा मारा तंबाकू और तंबाकू प्रोडक्ट रखने पर कुल 3,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया।***

जिले में नेशनल कंट्रोल प्रोग्राम को अच्छे से लागू करने के लिए हेल्थ डिपार्टमेंट ने टीमें बनाई हैं। सभी सरकारी ऑफिस और पब्लिक जगहों पर तंबाकू और तंबाकू प्रोडक्ट रखना और इस्तेमाल करना मना है। इसलिए, जिले के सभी सरकारी ऑफिस और पब्लिक जगहों की जांच की जा रही है। इस बीच, 6 जुलाई को डिस्ट्रिक्ट सर्जन डॉ. पुरुषोत्तम पटले, एडिशनल डिस्ट्रिक्ट सर्जन डॉ. तृप्ति कटरे और पुलिस निरीक्षक नीलकंठ कुकड़े की देखरेख में एक टीम ने आमगांव के नगरपरिषद क्षेत्र में अलग-अलग सार्वजनिक जगहों और पंद्रह पानटपरी दुकानों पर छापा मारा

जिला सलाहकार डॉ. ज्योति राठौड़ ने बताया कि तंबाकू व गुटखा का सेवन करने व रखने वालों के खिलाफ कोटपा अधिनियम के तहत दंडात्मक कार्रवाई की गई और तीन हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया।

# वरिष्ठ नागरिकों के लिए राष्ट्रीय हेल्पलाइन 14567 शुरू, सहायता और शिकायत निवारण की सुविधा उपलब्ध..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

***वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान और उन्हें सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक हेल्पलाइन 14567 संचालित की जा रही है। महाराष्ट्र शासन के***

सामाजिक न्याय एवं विशेष सहायता विभाग ने भी विभिन्न शासकीय विभागों के माध्यम से इस हेल्पलाइन का व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया है। भारत के संविधान के नीति-निर्देशक तत्वों के अनुच्छेद 39 (क) एवं 41 के अनुसार वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण, आर्थिक सुरक्षा, शिक्षा, रोजगार और सार्वजनिक सहायता सुनिश्चित करने का प्रावधान है।

इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए महाराष्ट्र शासन ने 9 जुलाई 2018 को वरिष्ठ नागरिकों के लिए व्यापक नीति लागू की थी। इस नीति के अनुसार 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के व्यक्तियों को वरिष्ठ नागरिक की श्रेणी में रखा गया है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा शुरू की गई यह टोल फ्री राष्ट्रीय हेल्पलाइन 14567 देशभर के वरिष्ठ नागरिकों की शिकायतों के समाधान, मार्गदर्शन, भावनात्मक सहयोग और आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए कार्य कर रही है। हेल्पलाइन का संचालन महाराष्ट्र में जनसेवा फाउंडेशन, पुणे द्वारा सामाजिक न्याय एवं विशेष सहायता विभाग तथा राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान के सहयोग से किया जा रहा है।

हेल्पलाइन के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को कानूनी एवं सामाजिक मार्गदर्शन, भावनात्मक सहयोग, शिकायतों के निवारण सहित जरूरतमंद एवं बेघर बुजुर्गों को वृद्धाश्रम में आश्रय उपलब्ध कराने तथा उन्हें पुनः परिवार से जोड़ने का भी प्रयास किया जाता है।

समाज कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त किशोर भोयर ने कहा कि कई बार वरिष्ठ नागरिकों को परिवार में अपेक्षित सम्मान और सहयोग नहीं मिल पाता, जिससे उनके मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। ऐसे में राष्ट्रीय हेल्पलाइन 14567 उनके लिए एक भरोसेमंद माध्यम है। उन्होंने जिले के सभी वरिष्ठ नागरिकों एवं उनके परिजनों से इस निःशुल्क सेवा का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है।

## गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

### सराफा दुकान से लाखो के पेंडल चोरी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के शहर पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 9/7/2026 के रात 8 बजे फर्यादी विवेक ओमप्रकाश अग्रवाल उम्र 51 वर्ष निवासी दुर्गा चौक अपने भाई के साथ दुकान मे बैठे थे। जहा अज्ञात आदमी दुकान मे आया और सोने के पॅन्डल दिखाओ कहा फर्यादी ने 8 से 10 ग्राम वजन के पेन्डल दिखाये उस दरम्यान अज्ञात आदमी ने 6,49,000 के पेन्डल चुराकर वहा से भाग गया, फर्यादी के दिये बयान पर पोस्टे गोंदिया शहर मे अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 499/2026 धारा 305, अ, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच सपोनी संजय तुपे पोस्टे गोंदिया शहर कर रहे है।

### आंगन से अज्ञात चोर ने उडाई बुलेट मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के रावणवाडी पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 9/7/2026 के रात दासगाव मे फर्यादी मनोज दामोदर कटकवार उम्र 49 वर्ष निवासी दासगाव ने अपनी रॉयल इनफिल्ड किमत 1 लाख 20 हजार रुपये की रखी थी। घटना की रात मे अज्ञात चोर ने चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे रावणवाडी मे अपराध क्रमांक 359/2026 धारा 303,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोऊपनी धेंडे पोस्टे रावणवाडी कर रहे है।

### स्टार किराना गोडाऊन से सामान चोरी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के रामनगर पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 21/6/2026 से दिनांक 29/6/2026 के दरम्यान सुर्याटोला मे फर्यादी राहुल वसंतराव गारसे उम्र 39 वर्ष निवासी सुर्याटोला के स्टार किराना गोडाऊन से अज्ञात चोर ने घटना तारीख के दरम्यान साऊन्ड एम्पली फायर मशीन किमत 62500 रुपये, डिजीटल क्रास ओवर किमत 30 हजार रुपये, कुल 92 हजार 500 रुपये का माल अज्ञात चोर ने चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे रामनगर मे अपराध क्रमांक 414/2026 धारा 305, ए,331,3,331,4, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच सफौ राजेश भुरे पोस्टे रामनगर कर रहे है।

### घर के पोर्च से अज्ञात चोर ने उड़ाई बुलेट मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के ग्रामीण पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 9/7/2026 के रात बरबसपुरा मे फर्यादी झमेन्द्र भोजराज नागपुरे उम्र 40 वर्ष निवासी बरबसपुरा ने अपने घर के पोर्च मे अपनी रॉयल इनफिल्ड बुलेट किमत 70 हजार की रखी थी। रात के समय अज्ञात चोर ने चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे गोंदिया ग्रामीण मे अपराध क्रमांक 392/2026 धारा 303,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा माने पोस्टे गोंदिया ग्रामीण कर रहे है।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में शामिल होने की अपील, आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

***खरीफ सीजन 2026 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के अंतर्गत गोंदिया जिले के अधिसूचित क्षेत्रों में धान फसल का बीमा कराया जा सकता है। योजना में आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है।***

उपविभागीय कृषि अधिकारी महेंद्र ठोकळे ने जिले के अधिक से अधिक किसानों से इस योजना का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक आपदाओं, कीट एवं रोगों से होने वाले फसल नुकसान की स्थिति में किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से संशोधित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू की गई है।

बुवाई से लेकर कटाई तक की अवधि में यदि प्राकृतिक कारणों से फसल उत्पादन संबंधित राजस्व मंडल के निर्धारित उत्पादन स्तर से कम रहता है, तो उस क्षेत्र के बीमित किसानों को नियमानुसार मुआवजा प्रदान किया जाएगा।

योजना में शामिल होने के लिए फार्मर रजिस्ट्रेशन नंबर तथा ई-पीक निरीक्षण (ई-पीक पाहणी) अनिवार्य है। अधिसूचित क्षेत्र में अधिसूचित फसल उगाने वाले किसान ही योजना के पात्र होंगे। यदि ई-पीक निरीक्षण और बीमित फसल के विवरण में अंतर पाया जाता है, तो बीमा आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा। वहीं फर्जी दस्तावेज या गलत जानकारी देकर योजना का लाभ लेने का प्रयास करने वाले किसानों को पांच वर्ष तक ब्लैकलिस्ट किया जाएगा तथा वे इस अवधि में किसी भी सरकारी योजना का लाभ नहीं ले सकेंगे।

योजना के तहत स्वीकृत मुआवजे की राशि लाभार्थी के आधार से लिंक बैंक खाते में सीधे केंद्र सरकार के पोर्टल के माध्यम से जमा की जाएगी। गोंदिया जिले के लिए यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, पुणे को बीमा कंपनी नियुक्त किया गया है। जिले में खरीफसीजन की धान फसल के लिए प्रति हेक्टेयर 60,000 रुपये की बीमा सुरक्षा तथा 60 रुपये प्रति हेक्टेयर प्रीमियम निर्धारित किया गया है।

किसानों को आवेदन के लिए आधार कार्ड, आधार से लिंक बैंक पासबुक, 7/12 का उतारा, फार्मर रजिस्ट्रेशन नंबर तथा फसल बुवाई का स्वघोषणा पत्र लेकर अधिकृत बैंक में आवेदन जमा करना होगा। इसके अलावा किसान कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) या **www.pmfby.gov.in** पोर्टल के माध्यम से भी आवेदन कर सकते हैं।अधिक जानकारी के लिए किसान अपने क्षेत्र के सहायक कृषि अधिकारी, उप कृषि अधिकारी, मंडल कृषि अधिकारी, तालुका कृषि अधिकारी अथवा संबंधित बीमा कंपनी के प्रतिनिधि से संपर्क कर सकते हैं।

# केलसर में जैविक सब्जी एवं नर्सरी परियोजना बनी रोजगार का आधार

**उमेद योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिली नई गति..**





**जगप्रेरणा गोंदिया।**

***आमगांव तहसील के केलसर गांव में उमेद योजना के अंतर्गत समृद्ध सीएलएफ समूह द्वारा संचालित जैविक सब्जी एवं पौधशाला (नर्सरी) परियोजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे रही है।***

इस परियोजना के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं एवं किसानों को रोजगार और आय का स्थायी स्त्रोत उपलब्ध हुआ है। सूक्ष्म परियोजना वर्ष 2024-25 के तहत लगभग 45 लाख रुपये की लागत से स्थापित इस परियोजना ने कम समय में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।

परियोजना की प्रतिदिन दो टन उत्पादन क्षमता है और इससे 180 सदस्य जुड़े हुए हैं। पौधशाला के लिए 4.5 एकड़ तथा जैविक सब्जियों की खेती के लिए 45 एकड़ भूमि विकसित की गई है। जैविक पद्धति से उत्पादित सब्जियों की बाजार में बढ़ती मांग के कारण किसानों को बेहतर मूल्य भी मिल रहा है। इस पहल का सबसे बड़ा लाभ स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के रूप में सामने आया है। परियोजना के माध्यम से करीब 500 परिवारों को आजीविका का आधार मिला है। स्वयं सहायता समूहों के जरिए संचालित इस योजना ने ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को भी नई मजबूती प्रदान की है।

जैविक खेती को बढ़ावा देने वाली यह परियोजना स्वस्थ खाद्य उत्पादन, पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ कृषि प्रणाली को प्रोत्साहित कर रही है। प्रशासन का उद्देश्य भविष्य में इस तरह की परियोजनाओं का विस्तार कर अधिक से अधिक किसानों और महिला समूहों को इसका लाभ पहुंचाना है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता और आर्थिक समृद्धि को और बढ़ावा मिल सके।

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
सारे तीर्थ बारबार – गंगा सागर एक बार | कम राशि पर सुविधा ज्यादा

चारधाम यात्रा (10 दिन)
श्री केदारनाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमनोत्री श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश, श्री त्रिगुणी नारायण
-रिजर्वेशन कोच-
17 सितम्बर 2026 से 26 सितम्बर 2026 तक
28 सितम्बर 2026 से 07 अक्टुबर 2026 तक
12 अक्टुबर 2026 से 21 अक्टुबर 2026 तक
24 अक्टुबर 2026 से 02 नवम्बर 2026 तक
स्लीपर मात्र 14500/-

कैलाश मान सरोवर यात्रा
-रिजर्वेशन कोच-
11 जुलाई 2026 से 23 जुलाई 2026 तक
10 अगस्त 2026 से 22 अगस्त 2026 तक,
08 सितम्बर 2026 से 20 सितम्बर 2026 तक
20 सितम्बर 2026 से 02 अक्टुबर 2026 तक
स्लीपर मात्र 2,40,000/-
फलाईट - 3,05,000/-

7 ज्योतिर्लिंग यात्रा (11 दिन)
द्वारकाधीश,भेंट द्वारका,शिर्डी सांई बाबा,महाकालेश्वर,ओमकारेश्वर सोमनाथ,नागेश्वरा,घृश्नेश्वर,त्र्यंबकेश्वर,भीमाशंकर,शनिसिंगनापुर
-रिजर्वेशन कोच-
29 जुलाई 2026 से 08 अगस्त 2026 तक
12 अगस्त 2026 से 22 अगस्त 2026 तक
02 सितम्बर 2026 से 12 सितम्बर 2026 तक
30 सितम्बर 2026 से 10 सितम्बर 2026 तक
स्लीपर मात्र 16,500/-, 2Ac-32,500/- , 3Ac-27,500/-

रामेश्वरम् धाम यात्रा (10 दिन)
श्री रामेश्वरम, श्री तिरुपति बालाजी,श्री मल्लिकार्जुन, श्री महालक्ष्मी देवी,मदुरई कन्याकुमारी, श्री पद्मानाभ स्वामी,त्रिवेन्द्रम
-रिजर्वेशन कोच-
27 जुलाई 2026 से 06 अगस्त 2026 तक
10 अगस्त 2026 से 20 अगस्त 2026 तक
07 सितम्बर 2026 से 17 सितम्बर 2026 तक
28 सितम्बर 2026 से 17 सितम्बर 2026 तक
28 सितम्बर 2026 से 08 अक्टुबर 2026 तक
स्लीपर मात्र 17500/-, 2Ac-29500/- , 3Ac-35500/-

अमरनाथ यात्रा एवं माता वैष्णोदेवी
-रिजर्वेशन कोच-
07 जुलाई 2026 से 17 जुलाई 2026 तक
15 जुलाई 2026 से 25 जुलाई 2026 तक
21 जुलाई 2026 से 31 जुलाई 2026 तक
04 अगस्त 2026 से 14 अगस्त 2026 तक
स्लीपर मात्र 13,500/-, 2Ac-25,500/- , 3Ac-22,500/-

राजस्थान यात्रा
जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, पुष्कर,अजमेर,जैसलमेर,खाटूश्याम
-रिजर्वेशन कोच-
10 सितम्बर 2026 से 19 सितम्बर 2026 तक
15 अक्टुबर 2026 से 24 नवम्बर 2026 तक
स्लीपर मात्र 17,500/-, 2Ac-32,500/- , 3Ac-27,500/-

।। शर्ते लागू ।।
5 प्रतिशत जीएसटी अतिरिक्त
अधिक जानकारी के लिये सपंर्क करें

संपर्क- प्रवीण ठोम्बरे
तारिणी स्टुडियो, प्रथम तल, धनराज काम्पलेक्स
सराफा बाजार, मेन रोड,बालाघाट (म.प्र.)
मो. 9827945554, 8982078100

SONO VIEW
SONOGRAPHY | X-RAY | CT SCAN
DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist
DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ
FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY
■ Color Doppler ■ Power Doppler Imaging
■ B-flow Imaging ■ Tissue Harmonic Imaging
■ Transrectric & TV Sonography
■ Pediatric Sonography ■ Orbital Sonography
■ Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
■ Neonatologist Neurosonogram
■ 2 D Echo Cardiography ■ Foetal Echo
■ Whole Body Ct Scan ■ Digital X-ray Digital Radiography System ■ M.R.I.
DIGITAL X-RAY
● 2D, 3D/4D High Resolution Sonography
● 2D Echo
● Colour Doppler
● Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन
तुरकर क्लिनिक SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN
सिव्हिल लाईन, गोंदिया
फोन - 07182- 231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com SONOGRAPHY | C.T. SCAN

अब अपनी विज्ञापन जरुरतों के लिये बनाईये दैनिक जगप्रेरणा को अपना सारथी..
गोंदिया बालाघाट जिले से एक साथ प्रकाशित.. प्रतिदिन दो लाख पाठकों का संपर्क माध्यम
क्लासिफाईड विज्ञापन दर..
■ आवश्यकता है, ■ खरीदना है, ■ बेचना है, ■ प्रॉपर्टी, ■ किराये से देना है,
सिंगल कॉलम - सिर्फ 250 रु. 3 दिन 500 रु. 7 दिन
डबल कॉलम - सिर्फ 450 रु. 3 दिन 800 रु. 7 दिन
■ नाम परिवर्तन ■ पगड़ी रस्म.. ■ कोर्ट नोटिस.. ■ आम सूचना..
सिंगल कॉलम सिर्फ 600 रु. 1 दिन
डबल कॉलम सिर्फ 1000 रु. 1 दिन
कृपया अपने नजदीकी जगप्रेरणा संवाददाता से विज्ञापन बुकिंग हेतु संपर्क करें..
अधिक जानकारी हेतु..9329033433, 9922607145

रुशी मुर्रा इंडस्ट्रीज
प्रो.सचिन कसारे
मो.9673030248, 9511241525
मुरमुरा चना लाई बटाना पॉपकॉर्न फल्लीदाना पास्ता सेवई नुडल्स माईक्रोनी के निर्माता
झाडु,पोछा,वायपर के निर्माता
सभी प्रॉडक्ट होलसेल भाव मे उपलब्ध है।
मो.9637631171
मेन रोड कुऱ्हाडी



**अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर**
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाऐं..
- टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET)
- इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI)
- (IUI) आय.यू.आय.
- अधिक उम्र में मातृत्व
- ओव्हम डोनेशन द्वारा
- बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
- पुरुष बंधत्व निदान व उपचार
- शुक्राणु बैंक सुविधा
- सोनोग्राफी
- हार्मोस की जांच
- हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज
- दुरबीन द्वारा ऑपरेशन

डॉ. संजीव चिटणवीस
अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस
प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
**एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक**
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754

12 रविवार 12 जुलाई 2026
# जग प्रेरणा live गोंदिया भंडारा
● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● लाखांदुर ● साकोली

**महावीर डेवलपर्स गोरेगांव**
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

## क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में होगी सांसद राजेन्द्र जैन एवं विधायक अविनाश ब्राह्मणकर की महत्वपूर्ण भूमिका.. - सांसद प्रफुल पटेल

### भंडारा में महायुति नेता राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुळे, परिणय फुके संहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया नवनिर्वाचित सांसद एवं विधान परिषद सदस्य का नागरिक सम्मान..








जगप्रेरणा भंडारा/गोंदिया।

***महायुति सत्कार समिति की ओर से भंडारा में शनिवार, 11 जुलाई 2026 को दोपहर 1:00 बजे लक्ष्मी सभागृह (जे. एम. पटेल के समीप), में नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद राजेंद्र जैन एवं विधान परिषद सदस्य अविनाश ब्राह्मणकर का नागरिक अभिनंदन समारोह***

आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद प्रफुल पटेल ने की, जबकि महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुळे उद्घाटक के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रमुख रुप से मंत्री डॉ. पंकज भोयर, डॉ. परिणय फुके, राजकुमार बडोले, विधायक राजु कारेमोरे, विधायक नरेन्द्र भोंडेकर, विधायक विजय राहंगडाले, विधायक संजय पुराम, वीरेंद्र अंजनकर, भंडारा डिस्ट्रीक्ट सेंट्रल को ऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष सुनिल फुंडे, पूर्व सांसद सुनिल मेंढे, जिला परिषद अध्यक्ष लायकराम भेंडारकर, धनंजय दलाल संहित बड़ी संख्या में महायुति के नेतागण व पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर भंडारा एवं गोंदिया जिले के महायुति के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता, विभिन्न प्रकोष्ठों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद रहे। समारोह में नवनिर्वाचित सांसद राजेंद्र जैन एवं विधान परिषद सदस्य अविनाश ब्राह्मणकर का शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर गर्मजोशी से सम्मान किया गया।

### बोले सांसद प्रफुल पटेल..

नव निर्वाचित सांसद राजेन्द्र जैन व विधायक अविनाश ब्राह्मकणर के सम्मान में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए सांसद प्रफुल पटेल ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से केंद्र और महाराष्ट्र में महायुति की डबल इंजन की सरकार कार्य कर रही है, जिसके कारण विकास कार्यों को नई गति मिली है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों को आर्थिक संकट से उबारने के लिए कर्जमुक्ति योजना लागू कर रही है तथा किसान, आम नागरिक और महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए हर समय उनके साथ खड़ी है। यह सुशासन और समग्र विकास का प्रतीक है। सांसद श्री पटेल ने कहा कि अमृत भारत योजना के तहत हमारे क्षेत्र के रेलवे स्टेशनों का विकास, वंदेभारत जैसी सुपरफास्ट यात्री ट्रेनों की सौगात, आयुष्मान योजना के माध्यम से हर गरीब का अच्छा उपचार और लाडली बहनों को सौगात सहींत अनेक योजनाएं चलाई जा रही है, जिससे प्रत्येक व्यक्ति के प्रति महायुति सरकार की जवाबदेही का आंकलन किया जा सकता है। सांसद श्री पटेल ने कहा कि महायुति ने विदर्भ को सम्मान देते हुए राजेंद्र जैन को राज्यसभा और आम जनमानस से जुड़े अविनाश ब्राह्मणकर को विधान परिषद में प्रतिनिधित्व का अवसर दिया है। इन दोनों जनप्रतिनिधियों की नियुक्ति भंडारा, गोंदिया सहित पूरे पूर्वी विदर्भ के सर्वांगीण विकास को नई दिशा और गति देने में महत्वपूर्ण साबित होगी।

### बोले राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुळे..

समारोह में उपस्थित राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुळे ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और देवेन्द्र फडणवीस, एकनाथ शिंदे, सुनेत्रा पवार और प्रफुल पटेल जी के नेतृत्व में महायुति की विकास की रफ्तार जनकल्याण की भावना के साथ तीव्र रफ्तार पकड़ चुकी है। श्री बावनकुळे ने कहा कि गोंदिया भंडारा जिले के विकास की जो उम्मीदें कार्यकर्ताओं की है, उसकी रफ्तार और बढ़ेगी, क्योंकि हमारे पास अब सांसद के रुप में प्रफुल पटेल जी और राजेन्द्र जैन जी के रुप में दो सांसद है, जबकि विधान परिषद में भी अविनाश ब्राह्मणकर के साथ हम सब मिलकर क्षेत्र की प्रगति का नया इतिहास लिखकर ही दम लेंगे।

### बोले नवनिर्वाचित सांसद राजेन्द्र जैन..

नवनिर्वाचित सांसद राजेन्द्र जैन ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि मुझ जैसे छोटे से कार्यकर्ता को हमारे नेता माननीय प्रफुल पटेल जी के माध्यम से कभी सांसद बनने का अवसर भी प्राप्त होगा, लेकिन आदरणीय प्रफुल भाई ने मुझे इस योग्य समझा और दिल्ली तक आवाज उठाने का मौका दिया, उसके लिये मैं आभारी हूं, वहीं आप सबको विश्वास दिलाना चाहता हूं कि आदरणीय प्रफुल भाई के मार्गदर्शन में गोंदिया भंडारा जिले के विकास के लिये उनके आदेशानुसार पुरे जी जान से कार्य करने का प्रयास करूंगा।

### बोले अविनाश ब्राह्मणकर..

विधान परिषद सदस्य अविनाश ब्राह्मणकर ने अपने उद्‌बोधन में भाजपा और राष्ट्रवादी कांग्रेस व शिवसेना महायुति गठबंधन के सभी नेताओं के प्रति आभार जताया, वहीं कहा कि आप सभी वरिष्ठों के मार्गदर्शन में मुझे पहली बार विधान परिषद में पहुंचने का अवसर प्राप्त हुआ है। मैं यही विश्वास दिलाना चाहता हूं कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिये मेरा एक एक पल समर्पित रहेगा, और गोंदिया भंडारा दोनों जिलों के लिये विधान परिषद से विकास की सौगातें लगाने का भी हर संभव प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

## गोंदिया में आयोजित लोधी प्रिमियर लीग विजेता लोधी क्षत्राणी संगठन की पर्यावरण एवं प्रतिभा प्रोत्साहन हेतु सराहनीय पहल..



### पुरस्कार की राशि से वृक्षारोपण और विद्यार्थीयो के सत्कार का लिया निर्णय..

### आज होगा समारोहपूर्वक टीबी टोली स्थित वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी गार्डन में भव्य कार्यक्रम. .

जगप्रेरणा गोंदिया।

***स्थानीय इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित 'लोधी प्रीमियर लीग' के अंतर्गत महिलाओं के मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच में विजेता बनी 'लोधी क्षत्राणी संगठन' की टीम ने समाजहित में एक अनुकरणीय पहल करने का निर्णय***

लिया है। लोधी क्षत्राणी संगठन एवं लोधी समाज महिला समिति द्वारा लिये गए निर्णय अनुसार मैच से प्राप्त पूरी पुरस्कार राशि का उपयोग सामाजिक और रचनात्मक कार्यों के लिए किया जाएगा। इसके तहत बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा और समाज की होनहार प्रतिभाओं का सत्कार किया जाएगा।

### आज होगा विशेष कार्यक्रम का आयोजन

इस पुनीत पहल के तहत आज 12 जुलाई 2026 रविवार को दोपहर 3.00 बजे स्थानीय टीबी टोली स्थित वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी गार्डन में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आयोजकों के अनुसार, इस पहल का मुख्य उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य, सम्मान, संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है।

### 'एक पौधा - एक जिम्मेदारी' की तर्ज पर होगा वृक्षारोपण..

पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए इस कार्यक्रम में विशेष वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। इसमें महज पौधे लगाना ही लक्ष्य नहीं होगा, बल्कि प्रत्येक सदस्य को एक पौधे के संरक्षण एवं पालन-पोषण की जिम्मेदारी भी सौंपी जाएगी। यह पौधा उनके जीवन की यादों और सामाजिक जिम्मेदारी का एक स्थायी प्रतीक बनेगा। आयोजकों ने 'एक पौधा - एक जिम्मेदारी, एक परिवार - एक पहचान, एक समाज - एक हरित भविष्य' का नारा देकर हरियाली का संदेश दिया है।

### नव-चिकित्सकों एवं मेधावी छात्रा का होगा सत्कार

वृक्षारोपण अभियान के पश्चात एक गरिमामय सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इसमें समाज की उन होनहार बेटियों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट मुकाम हासिल किया है। इस अवसर पर समाज को गौरवान्वित करने वाली प्रतिभाओं में कु. डॉ. संयम सुखदेव सुलाखे (एमबीबीएस उत्तीर्ण), कु. डॉ. भावना नरेंद्र दमाहे (एमबीबीएस उत्तीर्ण), कु. डॉ. अदिति जागेश्वर लिल्हारे (एमबीबीएस उत्तीर्ण), कु. तेजस्वी हेमंत बनोठे (12 वीं की परीक्षा में तालुका में प्रथम स्थान प्राप्त) का सत्कार किया जायेगा।

### समाज बंधुओं की उपस्थिति की अपील..

आयोजक संस्था 'लोधी क्षत्राणी संगठन' एवं 'लोधी समाज महिला समिति, गोंदिया' ने शहर के सभी गणमान्य समाज बंधुओं से सादर आग्रह किया है कि वे इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हों। आयोजकों ने अपील की है कि लोग नव-चिकित्सकों व मेधावी छात्राओं का उत्साहवर्धन करें और पर्यावरण संरक्षण के इस पुनीत महाभियान में सहभागी बनकर इसे सफल बनाएं।

## गोंदिया जिला कांग्रेस कमेटी 13 जुलाई को करेगी 'रघुपति राघव राजाराम' सत्याग्रह आंदोलन

**जगप्रेरणा गोंदिया।** गोंदिया जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर की दान पेटी में कथित अनियमितताओं एवं दान राशि से जुड़े मामले के विरोध में सोमवार, 13 जुलाई 2026 को दोपहर 1 बजे ÷रघुपति राघव राजाराम÷ सत्याग्रह आंदोलन आयोजित किया जाएगा। जिला कांग्रेस कमेटी के अनुसार, अयोध्या में जो घटना सामने आई है, वह केवल दान राशि से जुड़ा मामला नहीं, बल्कि करोड़ों हिंदुओं की आस्था पर गहरा आघात है। प्रभु श्रीराम धर्म, न्याय, सदाचार और सम्मान के प्रतीक हैं। ऐसे में उनके मंदिर से जुड़े कथित घोटाले को धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला गंभीर विषय बताया गया है। आंदोलन के तहत 13 जुलाई को दोपहर 1 बजे शहीद भोला कांग्रेस भवन से भजन-दिंडी निकाली जाएगी। दिंडी प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए जाएगी तथा मंदिर की दान पेटी में कथित गड़बड़ी करने वाले दोषियों को कठोर दंड दिए जाने की प्रार्थना की जाएगी। साथ ही दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग भी की जाएगी। इस अवसर पर गोंदिया जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अमर वराडे ने जिले के सभी कांग्रेसजनों से सत्याग्रह आंदोलन को सफल बनाने की अपील की है।

### सेवा कार्यों के साथ जन्मदिवस मनाते हुए

## जि.प. सदस्य योपेन्द्र (संजय) टेंभरे ने पर किया वारकरी संप्रदाय एवं भजनी मंडल का भव्य सम्मान..






जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया जिले में सार्वजनिक जीवन में सेवाकार्यों को महत्व देते हुए राजनीतिक क्षेत्र में योगदान देने वाले जिला परिषद सदस्य एवं पूर्व जिला परिषद सभापति योपेन्द्र सिंह (संजय) टेंभरे ने प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अपना जन्मदिन सामाजिक सेवा कार्यों के साथ मनाया।***

जन्मदिन के शुभ अवसर पर श्री टेंभरे ने स्कूली विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई, वृक्षारोपण किया गया तथा वारकरी संप्रदाय के हरिभक्त परायण (ह.भ.प.) महाराजों एवं भजनी मंडल के सदस्यों का सार्वजनिक सम्मान किया गया। 10 जुलाई को आयोजित कार्यक्रम के तहत जिला परिषद सदस्य योपेन्द्र (संजय) सिंह टेंभरे ने सर्वप्रथम पूजा अर्चना कर व बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए गौ माताओं का पूजन किया, इसके उपरांत जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्कूल बैग एवं शैक्षणिक सामग्री वितरित की। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण भी किया तथा लगाए गए पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का सबसे विशेष आकर्षण वारकरी संप्रदाय से जुड़े हरिभक्त परायण (ह.भ.प.) महाराजों तथा स्थानीय भजनी मंडल के वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान रहा। भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं के संरक्षण में योगदान देने वाले गायनाचार्यों, वादकों एवं मंडल के सदस्यों को शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संजयसिंह टेंभरे ने कहा, हमारी संस्कृति और संस्कारों को जीवित रखने का महत्वपूर्ण कार्य वारकरी संप्रदाय और भजनी मंडल करते हैं। उनका सम्मान करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मेरे जन्मदिन पर आयोजित यह सम्मान समारोह मेरे लिए सबसे बड़ा और अनमोल उपहार है। इस अनूठे जन्मदिन समारोह में राजनीतिक, सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे और संजय सिंह टेंभरे को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।




SONOGRAPHY
X-RAY
CT SCAN
**SONO VIEW**
DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist
DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ
FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY
- Color Doppler
- Power Doppler Imaging
- B-flow Imaging
- Tissue Harmonic Imaging
- Transrectric & TV Sonography
- Pediatric Sonography
- Orbital Sonography
- Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
- Neonatologist Neurosonogram
- 2 D Echo Cardiography
- Foetal Echo
- Whole Body Ct Scan
- Digital X-ray Digital Radiography System
- M.R.I.

DIGITAL X-RAY
- 2D, 3D/4D High Resolution Sonography
- 2D Echo
- Colour Doppler
- Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan


राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन
तुरकर क्लिनिक SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN
सिव्हिल लाईन, गोंदिया
फोन - 07182 - 231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com SONOGRAPHY C.T. SCAN

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com